2 | फरीदाबाद
दबंगों ने युवक को बिजली के खंभे पर चढ़ाया, करंट से मौत

6 | अभिमत
सनातन विवाद के रास्ते दलितों को साधने की होड़

9 | देश-विदेश
जातिगत जनगणना से डरते क्यों हैं प्रधानमंत्री : राहुल गांधी

10 | कसौटी
ऑनलाइन सेवाओं के सरकारी दावे में कितना दम

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 226
फरीदाबाद, रविवार, 24 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



अश्विन और अय्यर पर अच्छा प्रदर्शन करने का होगा दबाव
पेज - 11

ANIL GENERATOR
SILENT GAS GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1500 KVA
DUAL FUEL GAS KIT DUNGS GERMANY FITMENT IN 250 KVA TO 1500 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
250 KVA Gas Generator Leyland authorised Channel Partner
Add : 20/6, Mathura Road, Nuchem Compound, Faridabad | Ph : 0129-4073386
Mob : 9811058363, 9311058363
E-mail : anil.kapoor74@gmail.com
Surendra.kapoor74@gmail.com

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 33.00°C
न्यूनतम 24.00°C

## पीएम ने देश के 54वें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी। यह देश का 54वां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम होगा। अब तक भारत में 53 अलग-अलग स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच का आयोजन हो चुका है। हालांकि, इनमें से कुछ स्टेडियम अब बंद हो चुके हैं और कुछ स्टेडियम में मरम्मत का काम चल रहा है।

पीएम मोदी ने जब वाराणसी स्टेडियम का शिलान्यास किया तो सचिन तेंदुलकर सहित कई दिग्गज क्रिकेटर भी मौजूद थे। यह



स्टेडियम बेहद खास होगा और इसमें काशी की झलक दिखेगी। पीएम मोदी ने कहा कि स्टेडियम की बनावट महादेव को समर्पित है। 450 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह स्टेडियम 30 एकड़ जमीन पर फैला है। इसके छत का आकार चांद के समान होगा।

वहीं, स्टेडियम में लगने वाली लाइटों के खंभे त्रिशूल के आकार के होंगे। इसके अलावा भगवान शिव को चढ़ाए जाने वाले बेलपत्र की आकृति भी स्टेडियम में देखने को मिलेगी। स्टेडियम में पवेलियन के मीडिया सेंटर की बनावट डमरू के आकार की होगी।

### पीएम बोले, भारत में नए कानून बहुत ज्यादा सरल बनाने की दिशा में हो रहा कार्य

**इधर** नई दिल्ली के विज्ञान भवन में इंटरनेशनल लॉयर्स कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पीएम ने देश की लीगल फ्रैटरनिटी की तारीफ की। इस मौके पर पीएम ने कानूनी कार्रवाई को लोगों के लिए आसान बनाने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि आम लोगों को भी कानून अपना लगना चाहिए, देश की पंचायतों में इसका उदाहरण मिलता है। उन्होंने कहा कि सरकार भारत में नए कानून बहुत ज्यादा सरल बनाने की दिशा में काम कर रही हैं। बार काउंसिल ऑफ इंडिया की तरफ से आयोजित इस सम्मेलन का विषय न्याय वितरण प्रणाली में उभरती चुनौतियां है। ये सम्मेलन 23 और 24 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है। इस कॉन्फ्रेंस में लॉर्ड चांसलर ऑफ इंग्लैंड और बार एसोशिएशन ऑफ इंग्लैंड के डेलीगेट्स भी शामिल हुए हैं।

## हरियाणा को जल्द मिलेंगी 100 एमबीबीएस की सीटें

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** को जल्द ही 100 और एमबीबीएस की सीटें मिल जाएंगी। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने सिरसा में प्रस्तावित गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के निर्माण को लेकर चंडीगढ़ में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों के साथ अहम मीटिंग की। मीटिंग में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य को निर्धारित अवधि में पूरा किया जाए। उन्होंने भवन के साथ-साथ कॉलेज के लिए आवश्यक स्टाफ की भर्ती के



लिए भी अभी से ही तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए।

दुष्यंत चौटाला को मीटिंग में अधिकारियों ने बताया कि सिरसा में करीब 21 एकड़ में बनने वाले इस गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पर लगभग 1010.37 करोड़ रुपये खर्च होंगे, मुख्यमंत्री कार्यालय से इसकी स्वीकृति मिल चुकी है।

## क्विक न्यूज

### बरसाना में पहुंचे दो लाख से अधिक श्रद्धालु, दो की मौत



**बरसाना।** मथुरा के बरसाना में राधाष्टमी के दौरान दर्शन करने आए दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। शनिवार सुबह लाडली जी के मंदिर में अभिषेक-पूजन का कार्यक्रम हो रहा था। करीब दो लाख भक्त दर्शन के लिए बरसाना पहुंचे हैं। इसी दौरान लाडली जी के मंदिर की सीढ़ियों पर एक बुजुर्ग महिला बेहोश हो गईं। उन्हें सीएचसी लाया गया। वहां उनकी मौत हो गई।

### वलसाड में ट्रेन के जनरेटर बोगी में लगी आग



**गुजरात।** गुजरात के वलसाड में शनिवार को हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन की जनरेटर बोगी में आग लग गई। आग ने आसपास की बोगियों को भी चपेट में ले लिया। यात्रियों ने आग देखी तो भगदड़ मच गई। सूचना मिलते ही ट्रेन को रोका गया और यात्रियों को ट्रेन से उतरने के लिए कहा गया। दोपहर करीब दो बजे तिरुचिरापल्ली-श्रीगंगानगर हमसफर एक्सप्रेस वलसाड स्टेशन से सूरत की ओर बढ़ी ही थी कि ये घटना हुई।

### दो बच्चों के साथ मां ने खाया जहर, दो की मौत

**चंडीगढ़।** सोनीपत में एक मां ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने दो बच्चों के साथ जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे तीनों की हालत खराब हो गई। हालत खराब होने के बाद उन्हें तुरंत पानीपत के निजी अस्पतालों में लाया गया। जहां उपचार के दौरान मां और बेटी की मौत हो गई। जबकि बेटे की हालत बहुत नाजुक है। उसके स्वास्थ्य में सुधार के लिए डॉक्टरों की विशेष टीम प्रयास कर रही है। घटना के कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है।

### मस्जिद के बाहर माहौल खराब करने के आरोप में 10 गिरफ्तार

**श्रीनगर।** श्रीनगर की ऐतिहासिक जामिया मस्जिद के बाहर शुक्रवार को सामूहिक रूप से नमाज अदा करने के दौरान शांतिपूर्ण माहौल खराब करने के आरोप में 10 युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

# नई संसद को मोदी मल्टीप्लेक्स कहना चाहिए: जयराम रमेश

## जवाब में नड्डा ने कहा, कांग्रेस की सोच घटिया

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** सांसद जयराम रमेश ने शनिवार को संसद की पुरानी और नई इमारत की तुलना की। उन्होंने पुरानी इमारत को बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि नई संसद, जिसे बहुत जोर-शोर के साथ लॉन्च किया गया था, वह पीएम मोदी के उद्देश्यों को अच्छी तरह पूरा कर रही है। इसे मोदी मल्टीप्लेक्स या मोदी मेरियट कहा जाना चाहिए।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि नई संसद में कार्यवाही शुरू होने के चार दिन बाद ही संसद के दोनों सदनों और लॉबी तक में मैंने जो देखा उसे संवाद की मौत कह सकते हैं। अगर आर्किटेक्चर से संविधान मर सकता है तो पीएम मोदी संविधान को दोबारा लिखे बिना उसकी हत्या करने में सफल हुए हैं। इसे लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के निचले स्तर के मुकाबले में भी ये बेहद घटिया सोच है। ये और कुछ नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की उम्मीदों का अपमान है। वैसे भी ये पहली बार नहीं है जब कांग्रेस ने पार्लियामेंट विरोधी बात कही है। 1975 में भी उन्होंने ये कोशिश की थी, पर बुरी तरह विफल हुई।

जयराम ने कहा कि नई बिल्डिंग में एक दूसरे को देखने के लिए बाइनोकुलर्स की जरूरत पड़ेगी क्योंकि हॉल छोटे नहीं हैं, वे उतने आरामदायक नहीं हैं।

संसद की पुरानी इमारत का न सिर्फ एक दिव्य आभामंडल था, बल्कि, वह बाचतीत को बढ़ावा देता था। सदनों, सेंट्रल हॉल और बरामदों के बीच चलना आसान था। कांग्रेस नेता ने कहा कि पुरानी इमारत आपको स्पेस और खुलापन देती थी, जबकि नई इमारत में घुटन का अहसास होता है। संसद में यूंही बैठने का आनंद ही गायब हो गया है। नया संसद भवन तकलीफ-देह और दुखदायी है। मुझे यकीन है कि अन्य पार्टियों के मेरे साथी भी ऐसा महसूस करते होंगे।



### सांसदों के बीच आत्मीयता को कमजोर करती है नई इमारत

**उन्होंने** ये भी कहा कि सदन को सफलता से चलाने के लिए सांसदों के बीच जिस तरह की बॉन्डिंग होनी चाहिए, ये नई इमारत उस बॉन्डिंग को कमजोर करती है। दोनों सदनों के बीच तेज समन्वय बिठाना बहुत जटिल हो गया है। पुरानी इमारत में अगर आप खो जाएं तो रास्ता ढूंढना बहुत आसान था, क्योंकि इमारत गोल थी। नई इमारत में अगर आप भटक गए, तो भूल-भुलैया में गुम हो जाएंगे।

### सचिवालय के स्टाफ के लोगों के लिए सुविधाओं का ध्यान नहीं रखा गया

**उन्होंने** कहा कि मैंने सचिवालय में स्टाफ के लोगों से सुना है कि नई इमारत के डिजाइन में ऐसी कई सुविधाओं का ध्यान नहीं रखा गया है, जो उनके काम के लिए जरूरी हैं। जब आप उन लोगों की राय नहीं लेते हैं, जिन्हें इमारत का इस्तेमाल करना है तो ऐसा ही होता है। उम्मीद है जब 2024 में सत्ता परिवर्तन होगा तो संसद की नई इमारत को इस्तेमाल करने का बेहतर विकल्प मिल पाएगा।

## आतंकी पन्नू की कोठी एनआईए ने कब्जे में ली

**चंडीगढ़ में किराएदार ने खाली किया मकान**

**पायनियर समाचर सेवा।** चंडीगढ़

**भारत** और कनाडा के बीच चल रहे तनाव के बीच नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने चंडीगढ़ के सेक्टर 15 में आतंकवादी पन्नू की कोठी नंबर 2033 को अपने कब्जे में ले लिया है। अब इस पर उसका कोई मालिकाना हक नहीं है।

चंडीगढ़ प्रशासन के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कोठी पर पन्नू का चौथाई हिस्सा है। यहां पर कुछ किराएदार रहते थे, लेकिन एनआईए की कार्रवाई के बाद वह ट्रक में सामान लोड कर वहां से चले गए। एनआईए की तरफ से सिख फॉर जस्टिस के मुखिया पन्नू के खिलाफ 2020 में एक मुकदमा नंबर 19 दर्ज किया था। इस मामले में एजेंसी की तरफ से पन्नू को भगोड़ा घोषित किया गया है। पन्नू के खिलाफ मोहाली की विशेष अदालत की तरफ से 14 सितंबर 2023 को आदेश जारी किए गए थे। भारत सरकार ने 2019 में आतंकी गतिविधियां चलाने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम यानी यूएपीए के तहत पन्नू के संगठन एसएफजे पर बैन लगाया था। गृह मंत्रालय ने अपनी अधिसूचना में कहा था कि सिखों के लिए रेफरेंडम की आड़ में एसएफजे पंजाब में अलगाववाद और उग्रवादी विचारधारा का समर्थन कर रहा है।

-विस्तृत खबर पेज-8 पर



### मणिपुर से एक संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार


**एनआईए** ने मणिपुर से एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी के अधिकारी ने शनिवार 23 सितंबर को यह जानकारी दी। उनका दावा है कि आरोपी म्यांमार स्थित टेरर ग्रुप का सदस्य है। वो मणिपुर में हो रही जातिया हिंसा का इस्तेमाल देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए करने की साजिश कर रहा था।

## वन नेशन वन इलेक्शन कमेटी ने की पहली बैठक

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**एक** देश, एक चुनाव के लिए केंद्र सरकार की बनाई हाई लेवल कमेटी की शनिवार को पहली बैठक हुई। इसमें फैसला लिया गया कि एक साथ चुनाव के मुद्दे पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के विचार लिए जाएंगे। इस मुद्दे पर सुझाव देने के लिए लॉ कमीशन को भी बुलाया जाएगा।

दिल्ली के जोधपुर ऑफिसर्स हॉस्टल में हुई इस बैठक में अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समेत बाकी सदस्य शामिल हुए। पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में 2 सितंबर को बनी इस कमेटी में गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद समेत आठ मेंबर हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी के स्पेशल मेंबर बनाए गए हैं। भारत में फिलहाल राज्यों के विधानसभा और देश के लोकसभा चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन का मतलब है कि पूरे देश में एक साथ ही लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव हों। यानी मतदाता लोकसभा और राज्य के विधानसभाओं के सदस्यों को चुनने के लिए एक ही दिन, एक ही समय पर या चरणबद्ध तरीके से अपना वोट डालेंगे। आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही होते थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले ही भंग कर दी गईं।



### राजनीतिक दलों और लॉ कमीशन के साथ जल्द होगी मीटिंग

## भाजपा और जजपा में नूरा कुश्ती जारी है: अनुराग ढांडा

**फतेहाबाद।** हरियाणा के फतेहाबाद पहुंचे आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने भाजपा और जजपा पर निशाना साधा है, वहीं इनेलो को भी चौ.देवीलाल की जयंती का राजनीतिक प्रयोग करने पर जमकर कोसा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कनाडा मामले में पार्टी पूरी तरह देश की सरकार और विदेश मंत्रालय के साथ खड़ी है।

फतेहाबाद में पत्रकारों से बातचीत में अनुराग ढांडा ने कहा कि भाजपा और जजपा में नूरा कुश्ती जारी है। दोनों की चौधराहट की लड़ाई है और दोनों ही अपना प्रभुत्व बनाना चाहते हैं। फतेहाबाद जिला का विकास दोनों की लड़ाई में पिस रहा है। यहां कानून व्यवस्था नहीं है, नशा और क्राइम बढ़ रहा है। डिप्टी सीएम इस क्षेत्र को अपना क्षेत्र बताते हैं तो सीएम इस क्षेत्र को नशे के बाद क्राइम में नंबर वन बनाना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आ गए हैं, इसलिए दोनों दल जाग जाएं, क्या पता चुनाव से पहले क्षेत्र का कुछ भला हो जाए।

## धोखाधड़ी के आरोप में बीजेपी नेता गुलाटी को भेजा जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**प्रदेश** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का ओएसडी बनकर भाजपा नेता आशीष गुलाटी ने पुलिस महकमें में नौकरी लगवाने का झांसा देकर करीब 27 लाख रुपए हड़प लिए।

आरोपी आशीष गुलाटी ने अपने भांजा लक्ष्य दत्ता के साथ मिलीभगत करके धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने अंबाला भाजपा मंडल का उपप्रधान आशीष गुलाटी व उसके भांजे लक्ष्य दत्ता के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आशीष गुलाटी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसका भांजा लक्ष्य दत्ता अभी फरार है।

बताया गया कि पुलिस ने आरोपी आशीष गुलाटी को कोर्ट में पेश करके गहन जांच के लिए रिमांड मांगा था। पुलिस ने कोर्ट में फरार चल रहे दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी, रकम की रिकवरी और मामले में पूछताछ के लिए रिमांड की अपील की,लेकिन कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनने के बाद आरोपी आशीष गुलाटी को न्यायिक हिरासत भेज दिया।

### हिमाचल विधानसभा में गूंजा मामला

## अवैध ढंग से भारत आ रहा ईरानी सेब

**पायनियर समाचार सेवा।** शिमला

**हिमाचल** विधानसभा में शनिवार को भारत के बाजारों में अवैध ढंग से सेब आयात का मामला गूंजा। ठियोग के विधायक कुलदीप राठौर ने कहा कि ईरान का सेब अफगानिस्तान होते हुए देश के बाजारों में लाया जा रहा है, क्योंकि अफगानिस्तान के सेब पर इंपोर्ट-ड्यूटी नहीं लगती। उन्होंने कहा कि इसे बाघा बॉर्डर से लाया जा रहा है।

इसलिए इंपोर्ट ड्यूटी से बचने को व्यापारी इसे अफगानिस्तान के रास्ते ला रहे हैं। इससे पर रोक लगनी



चाहिए। इससे न केवल हिमाचल, जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड की एप्पल इंडस्ट्री पर संकट पैदा हो गया है, बल्कि केंद्र को भी रेवेन्यू के रूप ने नुकसान हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी नेताओं से भी सदन में आग्रह किया कि केंद्र से यह मुद्दा उठाया जाए और अवैध ढंग से सेब आयात पर रोक लगाने का आग्रह किया जाए।

## हरियाणा के दो अफसर करेंगे मणिपुर हिंसा की जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के 2 आईपीएस अफसर मणिपुर हिंसा की जांच करेंगे। जांच के लिए हरियाणा के आईपीएस सुरिंदर पाल सिंह और सुनील कुमार को विशेष जांच दल (एसआईटी) का प्रभारी नियुक्त किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, असम और त्रिपुरा की राज्य सरकारों से कहा था कि वे इसके लिए 2-2 एसपी स्तर के अधिकारियों को सीबीआई में तैनाती करें।

सुप्रीम कोर्ट मणिपुर में हुई हिंसा की जांच पर खुद नजर रख रहा है। इसके लिए एससी ने ब्यूरो को हस्तांतरित की गई एफआईआर की



सीबीआई जांच और शेष एफआईआर की राज्य की जांच मशीनरी की जांच की निगरानी के लिए महाराष्ट्र के पूर्व डीजीपी दत्तात्रय पडसलगीकर को नियुक्त किया है। सुरिंदर पाल 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं, जबकि सुनील कुमार भारतीय पुलिस सेवा के 2012 बैच के अधिकारी हैं। दोनों अधिकारी वर्तमान में हरियाणा सशस्त्र पुलिस (मधुबन) बटालियन के कमांडेंट के रूप में कार्यरत हैं।

## प्रदेश के 45 शहरों में बारिश का यलो अलर्ट, तेज चलेंगी हवाएं

**25 सितंबर तक खराब रह सकता है मौसम**

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**प्रदेश** में शनिवार को मौसम का मिजाज बद गया। कई शहरों में पहले तेज हवा चली फिर आसमान से गिरीं पानी की तेज बूंदों ने अपना सख्त मिजाज दिखा दिया। बादलों का रुख देखते हुए हरियाणा के 22 जिलों में मौसम विभाग ने बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। सुबह से ही इन जिलों के 45 शहरों में बारिश का दौर शुरू हो गया है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से हवाएं चलने की भी संभावना है,



इससे तापमान में काफी गिरावट दर्ज की जाएगी।

हरियाणा में अब मानसून विदाई की ओर है, ऐसे में बारिश की संभावनाएं अब सिर्फ 25 सितंबर तक ही हैं। मौसम विभाग के अनुसार 25 से पहले ही कुछ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग की इस घोषणा को लेकर धान के काश्तकारों ने राहत की सांस ली है। इसका कारण है कि इस समय किसान अपनी धान की तैयार फसल को काटने में लगे हुए हैं। वहीं, एक जून से अब तक सूबे में 405 एमएम बारिश हो चुकी है, हालांकि सूबे में अगस्त और सितंबर में काफी कम बारिश हुई है, जिस कारण दोनों महीने सूखे की श्रेणी में दर्ज किए गए हैं।

### महाराष्ट्र और नागपुर में बारिश से हालात खराब

**महाराष्ट्र** के नागपुर में गुरुवार से लगातार बारिश हो रही है। शनिवार को यहां चार घंटे में ही चार इंच यानी 100 मिलीमीटर बारिश हो गई। अंबाझरी लेक ओवरफ्लो होने के कारण निचले इलाकों में पानी घुस गया है। इससे शहर में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेन्द्र फडणवीस ने सोशल मीडिया पर बताया कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं। अब तक करीब 500 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। मूक-बधिर बच्चों के स्कूल से 70 बच्चों को रेस्क्यू किया गया है। राहत बचाव के लिए सेना की दो यूनिट भी पहुंची हैं। जिन लोगों के अस्थायी शिविरों में ठहराया गया है उन्हें भोजन और जरुरत का सामान भी दिया जा रहा है। मौसम विभाग ने नागपुर सहित महाराष्ट्र के कई हिस्सों में आज भी बारिश की संभावना जताई है। मध्यप्रदेश, राजस्थान समेत 18 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट है।

### हरियाणा के इन शहरों में खराब हुआ मौसम

**फरीदाबाद,** कैथल, नरवाना, कलायत, थानेसर, गुहला, पेहोवा, शाहाबाद, अंबाला, कालका, भिवानी, रोहतक, बवानी खेरा, हांसी, हिसार, आदमपुर, नारनौंद , फतेहाबाद, सोनीपत, गन्नौर, समालखा, बापौली, घरौंडा, करनाल, इंद्री, रादौर, महम, गोहाना, जुलाना, इसराना, सफीदो, जींद, पानीपत, असंध, भनलोखेरर, नरवाना, टोहाना, कलायत, रतिया, थानेसर, पिहोवा, बराड़ा, जगाधरी, छछरौली, नारायणगढ़, पंचकूला में शनिवार दोपहर के बाद से मध्यम बारिश होने लगी थी।

# एडवांस कॉलेज की छात्रा चंचल ने किया नाम रोशन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**एडवांस्ड** इंस्टीट्यूट ऑफ एडुकेशन पलवल की बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा चंचल पुत्री रामजीत ने चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद से बीएड. कक्षा में 83.87 प्रतिशत अंक अर्जित करके विश्वविद्यालय स्तर पर मेधावी विद्यार्थियों की सूची में द्वितीय स्थान हासिल किया। इससे कुमारी चंचल ने पूरे हरियाणा में अपने कॉलेज एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ एडुकेशन व पलवल जिले का नाम रोशन किया है।

इस शानदार परिणाम के लिए एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. पुनीत गोयल व चेयरपर्सन डॉ. पूनम गोयल ने प्रतिभाशाली चंचल व उनके शिक्षकों को बधाई दी। संस्था के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. सुनील दलाल ने भी यूनिवर्सिटी टॉपर सूची में स्थान प्राप्त करने पर छात्रा व उनके शिक्षकों की सराहना की।

संस्थान की प्रिंसिपल प्रोफेसर लक्ष्मी शर्मा व विभागाध्यक्ष मनोज कुमार, अस्सिस्टेंट प्रोफेसर मधु हंस, गीता हर्षाना, सुरेंद्र प्रताप ने इस शानदार उपलब्धि के लिए खुशी मनाई। कुमारी चंचल ने शानदार उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता व अपने गुरुजनों को दिया।

# हंसी, व्यंग्य और गुदगुदाती कॉमेडी से भरपूर दा सुसाइड का मंचन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हंसी** और व्यंग्य से भरपूर ब्लैक कॉमेडी पर आधारित बीसवीं सदी के लोकप्रिय रूसी नाटक दा सुसाइड के आधुनिक रूपांतरण को दिल्ली के मेड वन थिएटर द्वारा जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के विवेकानंद सभागार में प्रस्तुत किया गया। नाटक का आयोजन विश्वविद्यालय के संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया गया था।

हंसी, ठहाकों और गुदगुदाने वाली कॉमेडी से भरपूर इस नाटक के सभी किरदारों को मेड वन थिएटर की 15 सदस्यीय टीम ने बखूबी निभाया। जिसे विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों सहित सभी दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया। मूल रूप से 1928 में रूसी नाटककार निकोलाई एर्डमैन द्वारा लिखित सोशल कॉमेडी को भारतीय परिदृश्य के अनुसार अनुकूलित और प्रासंगिक बनाया गया है, जिसका निर्देशन सैफ अंसारी ने किया है।

यह नाटक सैम (सैफ अंसारी द्वारा अभिनीत) नामक एक बेरोजगार युवा के जीवन पर केंद्रित है, जिसका मानना है कि उसकी सभी समस्याओं का हल टुबा बजाना सीखना है। हालांकि, उसकी योजना विफल हो जाती है और वह आत्महत्या के बारे में सोचता है। तब उसका पड़ोसी एलेक्स उसकी आत्महत्या का फायदा उठाकर पैसा कमाने का फैसला करता है। नाटक नायक के माध्यम से बेरोजगारी की दुर्दशा को दर्शाता है, जो आत्महत्या



करके मरने के लिए बेताब है। साथ ही, वह देखता है कि कैसे समाज के विभिन्न समूह- बुद्धिजीवी वर्ग, राजनीतिक दल, धार्मिक नेता, नागरिक समाज और अन्य लोग अपने स्वयं स्वार्थ के लिये सैम के दुखों का फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। इस प्रकार, नाटक की कहानी मानव स्वार्थ को व्यंग्य के साथ हास्यप्रद तरीके से सामने लाने का प्रयास करती है। सैम के किरदार को सैफ अंसारी और सैम की बीवी माशा के किरदार को पूजा कांजीलाल ने शानदार ढंग से निभाया है। एलेक्स की भूमिका में जितेंद्र हुड्डा, आरके के किरदार में हर्षवर्धन, सेराफिमा की भूमिका में सुरभि वर्मा, विक्टर बने मोहित कुमार और योगेश दत्त बने अमन सूद के किरदारों ने नाटक को जीवंत बनाये रखा। सैफ अंसारी ने समय-समय पर नाटक में चित्रित मुद्दों की गंभीरता को कम करने के लिए संगीत का बेहतरीन उपयोग किया है। जब सैम का पड़ोसी एलेक्स (जितेंद्र हुड्डा) मंच पर आता है, तो कबीर सिंह (2019) फिल्म का एंट्री संगीत बजता है। नाटक में सभी कलाकार फाखिर महमूद के माही वे पर ढाई मिनट तक प्रस्तुति देते हैं। नाटक ऐसे दर्शकों को प्रभावित करने में कामयाब है, जो कुछ ऐसा देखना चाहते हैं जो उन्हें हंसाए लेकिन, उन्हें दुनिया के गंभीर मुद्दों पर विचलित न करें। संगीत और कॉमेडी दर्शकों को नाटक में पूरी तरह बांधे रखने में कामयाब रहे। विश्वविद्यालय में नाटक के एक के बाद एक लगातार दो शो आयोजित हुए और सफल रहे। नाटक के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता एवं लेखिका जयमाला तोमर भी उपस्थित रहीं और प्रस्तुति का आनंद लिया। मैड वन थिएटर की टीम ने इस आयोजन को सफल बनाने में विश्वविद्यालय, विशेष रूप से संचार और मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह का आभार व्यक्त किया।

# दबंगों ने युवक को बिजली के खंभे पर चढ़ाया, करंट से मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**धतीर** गांव में दबंगों ने एक युवक को जबरन बिजली के खंभे पर तारों को जोड़ने के लिए चढ़ा दिया। इस दौरान बिजली का करंट लगने से युवक की मौत हो गई। गदपुरी थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर दो नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर धतीर पुलिस चौकी पर प्रदर्शन भी किया।

गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार, धतीर गांव निवासी करण ने दी शिकायत में कहा है कि 21 सितंबर को उनके गांव के ही निवासी हरभजन व ओमप्रकाश पंचायती



जमीन से पेड़ काट रहे थे। पेड़ गिरने से वहां से गुजर रही उनके घर जाने वाली बिजली की केबल टूट कर नीचे गिर पड़ी। जिसका उन्होंने

## परिजनों ने किया प्रदर्शन, मृतक के भाई की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

आरोप है कि टूटे हुए तारों को जोड़ने के लिए आरोपियों ने जबरन उसके भाई लोकेश को बिजली के खंभे पर चढ़ा दिया। खंभे पर बिजली का करंट लगने से लोकेश झुलसकर नीचे गिर पड़ा। लोकेश को आनन-फानन उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल में लाया गया, जहां से उसकी हालत नाजुक देखते हुए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

पुलिस ने करण की शिकायत पर हरभजन व ओमप्रकाश के खिलाफ धारा 337, 34 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी, लेकिन उपचार के दौरान लोकेश की मौत हो गई। जिसके बाद गदपुरी थाना पुलिस ने इसमें धारा 304ए जोड़ दी है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी दबंग किस्म के आदमी हैं। पहले भी उनके साथ कई बार झगड़ा कर चुके हैं। उनकी शिकायतें भी पुलिस को दी थी, गांव में पंचायत भी हुई, लेकिन आरोपी दबंगई के चलते अपनी आदतों से बाज नहीं आते। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# वर्तमान और पूर्व विधायक ने बना दिया एनआईटी नर्क : धर्मवीर भड़ाना

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एनआईटी** फरीदाबाद के लोगों ने कभी सोचा नहीं होगा कि उनका हाल इतना बेहाल हो जाएगा। क्षेत्र की सैकड़ों गलियों में सीवर का पानी भरा हुआ है। लोग घर से निकलने में कांपते हैं और रात में अगर कोई मुसीबत आ जाए, घर से बाहर जाना पड़े तो सौ बार सोचते हैं। यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का, जिन्होंने परिवार जोड़ो अभियान के तहत एयर फोर्स के पास जवाहर कॉलोनी की कई गलियों में अभियान चलाया और वहां के हालात का जायजा भी लिया।

धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि वर्तमान समय में हर किसी से टैक्स वसूला जा रहा है, चाहे वह गरीब हो या अमीर। गरीब अगर दूध, बिस्किट या कोई खाद्य पदार्थ



खरीदना है तो टैक्स देता है, लेकिन उसे सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। पानी खरीद कर पी रहा है, बिजली के भारी भरकम बिल ने जीना हराम कर दिया है और शिक्षा और स्वास्थ्य के नाम पर भी जनता से लूट खसोट हो रही है। जहां गरीबों के घर हैं, वहां की सड़क चलने लायक नहीं है।

सबसे ज्यादा बेहाल एनआईटी-86 फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की की जनता है। उन्होंने कहा कि यहां के विधायक खुलकर जनता से कहते हैं कि मुझे आपका वोट नही चाहिए और पूर्व विधायक ढोल बजाते हुए उन्हें गलियों में घूम रहे हैं, जो गालियां थोड़ी चलने लायक हैं। जो गालियां नर्क से बदतर हैं, वहां पूर्व विधायक जाते ही नहीं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी यहां की जनता का दुख दर्द समझती है और हरियाणा में पार्टी की सरकार बनने पर जनता का दर्द दूर किया जाएगा।

जनता को बिजली पानी पढ़ाई दवाई दिल्ली पंजाब की तरह फ्री और बड़े बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा भी फ्री कराई जाएगी। इस मौके पर मेहरचंद्र हरसाना, प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा, सुभाष बघेल, राजा भैया, राम गौर, सचिन चौधरी, हरजिंदर मेहंदीरत्ता, अमित कुमार, भीम, विनोद कुमार सहित पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि आने वाली सरकार आम आदमी पार्टी की होगी।

# वीर सपूतों की वजह से ही खुली हवा में ले रहे हैं सांस : मूलचंद शर्मा

**फरीदाबाद।** शहीदों की चिताओ पर लगेंगे हर वर्ष मेले बस एक यही निशा बाकी रहेगा की बात को चरितार्थ करते हुए प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज शनिवार को वीर शहीद राव तुलाराम जी की याद में शहीदी दिवस पर बल्लभगढ़ के राजा नाहर सिंह पार्क में शहीद स्मारक पर पहुंच कर ज्ञात-अज्ञात वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा उन्हें याद करते हुए उनकी शहादत को नमन किया। उन्होंने कहा कि एसे वीर सपूतों की वजह से ही आज हम आजाद देश की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शहीदों की शहादत को कभी भी भुलाया नहीं जा उनकी शहादत हमेशा हमेशा स्मरणीय रहेंगी। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि वीर शहीद राव तुलाराम हरियाणा की आन-बान-शान और राज नायक रहे हैं। शहीद राव तुलाराम ने अंग्रेजी हुकूमत से जमकर लड़ाई लड़ी थी।

# सीएम फ्लाइंग टीम ने रेड कर अवैध अहाता पकड़ा

## शराब ठेकेदार के खिलाफ की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**फरीदाबाद** में मुख्यमंत्री उड़नदस्ता ने अवैध अहाता पर पर रेड की है। टीम को सूचना प्राप्त हुई कि बदरपुर से बल्लभगढ़ को जाने वाले बाइपास रोड पर मैसर्स विक्रम द्वारा जोन नंबर-1 शराब ठेका अंग्रेजी-देसी का लाइसेंस लिया हुआ है। जिसके द्वारा अवैध रूप से अहाता चलाया जा रहा है। यदि संबंधित विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर रेड की जाए तो अवैध अहाता का भंडाफोड़ हो सकता है। इससे राज्य सरकार को अहाता के रूप में प्राप्त होने वाले राजस्व का भी भारी नुकसान हो रहा है।

सूचना के आधार पर सतबीर सिंह व राजेंद्र कुमार सब इंस्पेक्टर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद द्वारा धीरेंद्र सिंह आबकारी निरीक्षक फरीदाबाद व स्थानीय पुलिस थाना सराय ख्वाजा के साथ बदरपुर बॉर्डर यूनिवर्सल अस्पताल के पीछे बाइपास रोड पर शराब अंग्रेजी व देसी ठेका के साथ चल रहे अहाता को चेक किया गया। इस अवैध अहाता पर त्रिलोक सिंह पुत्र भूप सिंह निवासी गांव दूंगा थाना किंतवाली जिला चंपावत उत्तराखंड, जो शराब ठेका पर सेल्समैन का भी काम करता व आम लोगों को शराब पीने के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराता मिला। अहाता पर पंकज पुत्र महेंद्र सिंह निवासी गांव जीरोमिल थाना मीनापुर जिला मुजफ्फरनगर यूपी हाल निवासी भूपानी भी पान, बीड़ी, सिगरेट, आइस क्यूब, नमकीन आदि बेचता हुआ पाया गया।

इन दोनों व्यक्तियों ने पूछताछ पर बताया कि यह अवैध अहाता शराब ठेका मालिक विक्रम द्वारा चलवाया जा रहा है। इस पर आबकारी निरीक्षक द्वारा शराब लाइसेंस विक्रम जॉन नं.-1, बदरपुर बॉर्डर के खिलाफ आबकारी नीति 2023-24 के नियम 1.4 का उल्लंघन किए जाने पर एक्साइज पॉलिसी के तहत कार्रवाई की गई है।

# जन संवाद पोर्टल पर दर्ज समस्याओं का समयानुसार करें निपटारा : मनोहर लाल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को समय अनुसार एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने के साथ-साथ महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी आमजन को उपलब्ध कराना जन संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने जन संवाद पोर्टल पर दर्ज समस्याओं का तय समय में निवारण करने के आदेश देते हुए कहा है कि इस पोर्टल पर दर्ज हुई शिकायतों का जल्द से जल्द निपटारा करें। मुख्यमंत्री ने शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला के सभी उपायुक्तों से बातचीत कर जन संवाद पोर्टल पर दर्ज समस्याओं और विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जन संवाद कार्यक्रमों में आए आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। उन आवेदनों को निपटान के लिए एक समय सीमा निर्धारित की गई है। उसी समय सीमा में यह काम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जन संवाद कार्यक्रमों में होने वाली घोषणाओं की आगामी कार्रवाई की रिपोर्ट भी



संबंधित उपायुक्त मुख्यालय भिजवाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने सड़कों, मेरी फसल मेरा ब्योरा के मिसमेच, मंडियों में फसल खरीद सुनिश्चित करने, मुख्यमंत्री घोषणाओं, मेरी माटी मेरा देश, लिंगानुपात सहित महत्वपूर्ण योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा में गांवों और शहरों के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए तीन करम से अधिक चौड़ाई वाले सभी रास्तों को पक्का किया जाएगा। उन्होंने पड़ोसी राज्यों से बाजरे की स्मगलिंग की आशंका को देखते हुए सभी जिला उपायुक्त सभी संबंधित एजेंसियों के सहयोग से सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखने की निर्देश दिए । बैठक के उपरांत उपायुक्त विक्रम सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेते हुए खाद्य आपूर्ति और मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मंडियों में फसल खरीद के लिए सभी पुख्ता प्रबंध करें। मंडियों में पानी, बिजली, शौचालयों, साफ सफाई, तिरपाल आदि की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लें। साथ ही कंप्यूटर उपकरण और डेटा एंट्री ऑपरेटरों के साथ-साथ निर्बाध इंटरनेट सुविधा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर दर्ज फसलों के मिसमैच को दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि समस्या का जल्द से जल्द निपटान करें।

# कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण विशाल शिविर नवादा आईएमटी में

**फरीदाबाद।** केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, केंबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा द्वारा रविवार को स्थानीय सैक्टर-110 गांव नवादा आईएमटी में आयोजित दिव्यांगजनो को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण विशाल शिविर का शुभारंभ किया जाएगा। जहां स्थानीय जन प्रतिनिधि व अन्य गणमान्यजन उपस्थिति रहेंगे।

भारत सरकार की एडिक एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना अन्तर्गत एलिम्को द्वारा दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिको के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए परीक्षण शिविरों का आयोजन किया गया था। जिसमे कुल 843 लाभार्थियों में 243 दिव्यांगजन तथा 640 वारिष्ठ नागरिकों को चिन्हित किया गया था। योजना के अंतर्गत इन चिन्हित लाभार्थियों को लगभग 78,30 लाख रुपये की धनराशि के 3556 सहायक उपकरण का वितरण किया जाएगा। शिविर में जिला फरीदाबाद में चिन्हित दिव्यांगजनो लाभार्थियों को वितरित किये जाने वाले कुल सहायक उपकरणों में ट्राईसाइकिल, फोल्डिंग व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकिंग स्टिक, कान की मशीन होंगीं।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओंने भगत सिंह कॉलोनी में वशिष्ठ फॉर्म पर जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बयानों को लेकर फरीदाबाद में यूथ बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का इस्तीफा मांगा। इस अवसर पर भारतीय युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का पुतला फूंका। भारतीय युवा मोर्चा फरीदाबाद के जिला उपाध्यक्ष कार्तिक वशिष्ठ ने कहा कि यदि कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का इस्तीफा नहीं लिया तो भारतीय युवा मोर्चा सड़कों पर उतरेगा।

# पूर्व विधायक शारदा राठौर ने अमर शहीदों को याद किया

**फरीदाबाद।** 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी राव तुलाराम जी की पुण्यतिथि पर अमर शहीदों को नमन किया गया। राजा नाहर सिंह पार्क में सुबह से ही पुष्प अर्पित करने वालों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर बल्लभगढ़ की पूर्व विधायक शारदा राठौर ने अपने समर्थकों के साथ शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए। लोगों को संबोधित करते हुए शारदा राठौर ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढक़र भाग लिया व कुर्बानियां दी। लंबे संघर्ष के बाद पूरे देश ने एक जुटता दिखा कर स्वतंत्रता पाई और देश एक आजाद देश बना। हम सब उन स्वतंत्रता सेनानियों के ऋणी हैं जिनकी वजह से देश आज़ाद हुआ। आज देश को एकजुट बनाकर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। हमारी समावेशी सोच से ही देश को हम आगे बढ़ा सकते हैं। देश की एकता, अखंडता को संजोकर रखना हम सबका कर्तव्य है।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**हमें इक बात कहनी है सदन में बैठे लोगों से**
**अभी उम्मीद ज़िंदा है ज़रा सी अच्छे लोगों से**
**जहाँ पर शर्म करनी थी वहाँ हँसते हैं जो खुलकर**
**असल नुक्सान होगा देश को अभिजात्य लोगों से**

# तिगांव विधानसभा में बिछाया जा रहा सड़कों का जाल

## बुजुर्गों के हाथ नारियल फुड़वाकर शुरू कराया सड़कों के निर्माण का कार्य

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**विधायक** राजेश नागर ने तिगांव की करीब 20 सड़कों को बनाने के काम की शुरुआत करवाई। इस अवसर पर तिगांव सदपुरा रोड़ पर बुजुर्गों के हाथ नारियल फुड़वाकर इसकी शुरुआत की गई। इनको बनाने पर करीब 84 लाख रुपये की लागत आएगी।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि तिगांव क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इसके अंतर्गत भतौला से तिगांव तक फोर लेन रोड़ बनाने का काम तेजी पर है, जो जल्द ही पूरा हो जाएगी। इसके साथ ही बल्लभगढ़ से तिगांव रोड के चौडीकरण का टेंडर हो गया है।



जिसको जल्द शुरू किया जाएगा। वहीं तिगांव की फिरनी को पक्का करने का काम भी तेजी पर जारी है। इसके साथ खेड़ीपुल से जसाना, नचौली होते हुए मंझावली जाने वाली सड़क को भी फोर लेन बनाने का काम तेजी से जारी है। जिसके बनने के बाद लोगों को नोएडा होते हुए यूपी जाना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अब निरंतर किसी न किसी सड़क को बनते हुए देखेंगे और तिगांव विकास की नई इबारत लिखेगा। नागर ने कहा कि तिगांव विधानसभा विकास के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। यहां शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनता के मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से तिगांव आगे बढ़ रहा है। तिगांव की जनता ने प्रदेश में सर्वाधिक वोट देकर मुझे विधानसभा में पहुंचाया है। सीएम साहब भी मेरे क्षेत्र को विकास के मामले में तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। हमारी जनता की मांगों को प्राथमिकता से आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर तिगांव अधाना सरपंच वेदप्रकाश अधाना, तिगांव नागर सरपंच विक्रम प्रताप नागर, अमन नागर, साहिब राम नागर, सतपाल नागर, पप्पू चेयरमैन, राजेंद्र सरपंच, दयानंद नागर, बलजीत नागर, रामबीर नागर, चौधरी हीरे नागर, रामेश्वर नागर, जगबीर अधाना, ज्ञानचंद नागर, कृष्ण अधाना हाडा, महेश नागर, नरेश मेंबर, प्रमोद नागर, ओमजीत नागर, विनोद भड़ाना, कालू पहलवान, चौधरी नत्थी नागर, चौधरी विरेंद्र सूबेदार, जेई राजवीर, पंडित राजेंद्र नंबरदार, वीरपाल जेलदार, गोरखी नागर, जयकिशन वर्मा, वीर सिंह नागर, सुनील कुमार बीडीसी, पीपी कौशिक, जसवंत अधाना, नरमेश भाटी, कमल मेंबर, कर्मवीर वोहरा, डीपी हरबीर, सतबीर चेची, तेज सिंह अधाना, तेज सिंह अधाना पूर्व बीडीसी, भीम बुखारपुर सरपंच, आजाद नागर, सुभाष नागर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# 25 सितंबर को सेक्टरों के आरडब्ल्यूए के साथ होगी बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**फरीदाबाद** शहर में डस्ट कंट्रोल व मिटीगेशन के लिए 25 सितंबर को एक बैठक का आयोजन एचएसवीपी की तरफ से किया जा रहा है। इस बैठक में फरीदाबाद के सभी सेक्टरों के रेजिडेंशियल वैयफेयर एशोशिएशन के सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। बैठक दोपहर 12 बजे एचएसवीपी कांफ्रेंस हाल सेक्टर-12 में होगी। इसकी जानकारी स्टेट ऑफिसर एचएसवीपी की तरफ से दी गई है। बैठक एचएसवीपी के एडमिनेस्टर की चेयरमैनशिप में होगी। बैठक में धूल को बढ़ने को रोकने आदि पर विशेष चर्चा होगी। बैठक में एसएसवीपी के अधिक्षक अभियंता व डिस्ट्रिक्ट टाउन प्लानर आदि अधिकारी भी भाग लेंगे।

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा दुबेश गिरी पुत्र रामप्रवेश गिरी निवासी गांव सेमरा, पोस्ट बेलवतिया, थाना तुरकौलिया, जिला मोतिहारी, बिहार हाल किरायदार कृष्ण पंडित का मकान, शिव कॉलोनी, नियर शिव मंदिर, गांव सीकरी, फरीदाबाद दिनांक 19.09.2023 को समय करीब शाम 05.15 बजे बिना किसी को बताये कहीं चला गया है और अपना स्कूल बैग साथ लेकर गया है, जो अभी तक वापिस नहीं आया है, जिसका हुलिया रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर कद 5 फुट 2 इंच बा उम्र 15 साल है, जिसने नीले रंग की जीन्स व सफ़ेद काले रंग की चेकदार कमीज और पैरों में सफ़ेद रंग की हवाई चप्पल पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 800 दिनांक 20.09.2023 धारा 363 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़के के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**थाना सेक्टर-58, फरीदाबाद : 8700086067**
**इन्चार्ज : 9582211655**
**थाना प्रभारी : 9582200129**

# अमृत पेयजल योजना से शहरवासियों की पानी की समस्या होगी दूर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### पानी की समस्या को दूर करने के लिए शहरी निकाय ने काम शुरू किया

**अमृत** पेयजल योजना से शहरवासियों की पानी की समस्या दूर होगी। शहर की करीब 10 कॉलोनियों में अधूरी पेयजल परियोजना को सिरे चढ़ाने में नगर निगम जुट गया है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग की मंजूरी मिलने के बाद निगम करीब 32.22 करोड़ का टेंडर जारी करने जा रहा है। इसमें पानी की लाइन के साथ पांच बूस्टर भी बनेंगे। निगम का प्रयास हैं कि दो माह में काम शुरू करा दिया जाए।

स्मार्ट सिटी फरीदाबाद में करीब छह साल पहले नियमित हुई कॉलोनियों में पेयजल लाइन डालने की कार्य योजना नगर निगम ने बनाई थी। इसे लेकर केंद्र सरकार की अटल नवीनीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के तहत काम कराया जाना था। अमृत योजना के तहत ग्रेटर फरीदाबाद क्षेत्र की कॉलोनियों में पेयजल की पाइप लाइन डालने का ठेका साल 2018 में केबीआर शिल्पा जेवी को दिया गया था।



करीब 97 करोड़ से एजेंसी ने साल 2020 में काम को पूरा करना करना था, लेकिन नवंबर 2022 तक बढ़ा दिया गया था। एजेंसी ने इस दौरान डीआई पाइप डालने का काम शुरू किया था, लेकिन बीच में ही काम बंद कर दिया था। निगम की कई नोटिस के बाद एजेंसी काम को लेकर गंभीर नहीं हुई। इसके बाद आगे की टेंडरिंग और एजेंसी पर जरूरी कार्रवाई करने की औपचारिकताएं शुरू की गई हुई। इसके लिए स्टीमेट बनाने का प्रस्ताव चंडीगढ़ भेजा गया था। विभाग से रिस्क एंड कॉस्ट के आधार पर कार्य को कराने की मंजूरी मिलने के बाद नगर निगम टेंडर जारी करने जा रहा है। निगम का कहना हैं कि एक-दो दिन में टेंडर ऑनलाइन कर दिया जाएगा।

नगर निगम ने सूर्या विहार फेज एक व दो, बसंतपुर, नंबरदार कॉलोनी, सरस्वती एन्क्लेव, दीपावली एन्क्लेव, श्याम कॉलोनी, पंचशील, शिव कालोनी, आनंगपुर और एसजीएम नगर समेत अन्य क्षेत्रों में काम करना है। इन स्थानों पर पानी की लाइन का आधा-अधूरा काम हुआ है। बीच में कंपनी ने काम छोड़ दिया। इससे लोगों को अब भी पानी की समस्या झेलनी पड़ रही है। कई स्थानों पर लोग ट्यूबवेल से पानी की सप्लाई हो रही है। काम पूरा करने के लिए नगर निगम पर लोगों का दबाव था।

> **कई** कॉलोनियों में पेयजल संबंधी कार्य को पूरा करने की मंजूरी विभाग से मिल गई है। इस कार्य को रिस्क एंड कॉस्ट के आधार पर पूरा कराया जाएगा। करीब 32 करोड़ से होने वाले कार्य का टेंडर एक-दो दिन में जारी कर दिया जाएगा। निगम का प्रयास हैं कि बचे कार्य को जल्द पूरा कराया जाए। जिससे क्षेत्र में बेहतर पेयजल आपूर्ति हो सके।
> **-नितिन कादियान, कार्यकारी अभियंता ( अमृत ) नगर निगम**

परियोजना में शामिल कॉलोनियों में पानी सप्लाई के लिए पांच बूस्टर बनाए जाने हैं, इसके भी काम अधूरे हैं। निगम के अनुसार सूर्या विहार पार्ट दो में 1500 किलोलीटर क्षमता का बूस्टर बनाया जाएगा। वहीं, पल्ला पुलिस चौकी के पीछे 1150 किलोलीटर, सेक्टर 51 में 1600 किलोलीटर, अगवानपुर में 170 किलोलीटर व श्याम कॉलोनी में 1450 किलोलीटर क्षमता के बूस्टर बनाए जाएगे। इन स्थानों पर रेनिवेल से पानी आने के बाद आसपास की कॉलोनियों में पानी की सप्लाई की जाएगी। निगम के अनुसार बूस्टरों पर करीब 25 से 40 फीसदी तक काम हुए है, शेष काम कराने के लिए टेंडर जारी किया जा रहा है। शहर में रेनीवेल के माध्यम से पानी की सप्लाई होती। कई कॉलोनियों में पानी का पूरा नेटवर्क नहीं बना है।

# सीआरपीएफ कांस्टेबल पत्नी से तंग आकर अस्पतालकर्मी ने की आत्महत्या

### पत्नी के साथ एसआई प्रेमी व ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**एक व्यक्ति** का शव सदर थाना क्षेत्र के अटोहा गांव के निकट एक पेड़ से लटका हुआ मिला। शव की पहचान होने पर मृतक के पिता ने उसकी पत्नी, पत्नी के प्रेमी सहित उसकी ससुराल वालों पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज कराया है। शनिवार को शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। मृतक सतीश अस्पताल में रेडियो ऑपरेटर था और उसकी पत्नी सीआरपीएफ में कांस्टेबल है।

सदर थाना प्रभारी छत्रपाल के अनुसार, कानपुर यूपी के आशा नगर निवासी नयन सिंह ने दी शिकायत में कहा है कि उसके बेटे सतीश को उसकी पत्नी कुशवाह प्रताड़ित करती थी। वंदना ने उनके खिलाफ दहेज का झूठा मुकदमा भी कानपुर में दर्ज कराया हुआ है।

आरोप है कि सतीश की पत्नी, उसका प्रेमी एसआई संदीप, पिता प्रकाश, माता ज्ञानवती, भाई कुलदीप व संदीप, जीजा नीरज, बहन अर्चना, मामा कामता व नाना उसके बेटे सतीश को प्रताड़ित करते थे। उससे पैसे मांगते थे। पत्नी सतीश से कानपुर वाले प्लॉट को अपने नाम कराने पर अड़ी हुई थी। आरोप है कि 25 अगस्त को पत्नी सतीश को समझौता करने का षडयंत्र रच कर दिल्ली ले गई। वे मयूर होटल में ठहरे तो पत्नी ने सतीश को नशीला पदार्थ खाने में खिला दिया।

इसके बाद पत्नी व उसके परिजन सतीश को मरा हुआ समझकर फेंककर चले गए। उसके सतीश को जब होश आया तो उसने अपने पिता को फोन पर आपबीती सुनाई। तब तक सतीश की पत्नी दिल्ली के आदर्श नगर थाने में मुकदमा दर्ज करा चुकी थी, जिसके कारण वे डर गए थे। इसी कारण वे उनके खिलाफ कोई मुकदमा भी दर्ज नहीं करवा पाए।

अब पुलिस द्वारा सूचना प्राप्त हुई है कि सतीश का शव पलवल सदर थाना क्षेत्र में पाया गया है। पिता का आरोप है कि उन लोगों की प्रताड़ना से तंग आकर उसके बेटे ने आत्महत्या की है। नयन सिंह अन्य परिजनों के साथ 22 सितंबर को पलवल पहुंचा और सदर थाना में अपनी शिकायत दी। सदर थाना पुलिस ने शिकायत पर उसके मृतक बेटे सतीश की पत्नी व प्रेमी एसआई संदीप सहित परिजनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मुकदमा दर्ज कर शनिवार को शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गन प्वाइंट पर दंपत्ति से लूटे जेवरात व 70 हजार रुपये

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**नेशनल** हाईवे-19 पर दंपत्ति से गन प्वाइंट पर लूट का मामला सामने आया है। हथियारबंद बदमाशों ने दंपत्ति की गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी लगाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी दंपत्ति से सोने की चेन और 70 हजार रुपये कैश लूट ले गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर छह-सात अज्ञात युवकों के खिलाफ मारपीट व लूटपाट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

सदर थाना प्रभारी छत्रपाल के अनुसार, कौंडल गांव निवासी जितेंद्र ने दी शिकायत में कहा कि वह अपनी पत्नी सोनिया को फरीदाबाद लारोहिया अस्पताल दिखाकर शाम के समय अपने गांव फॉर्च्यूनर गाड़ी में लौटकर जा रहा था। उसकी गाड़ी जब नेशनल हाईवे पर बामनीखेड़ा फ्लाईओवर के निकट पहुंची, तभी पीछे से आई एक बिना नंबर की ब्रेजा कार चालक ने अपनी गाड़ी को उसकी गाड़ी के आगे अड़ा दिया। ब्रेजा गाड़ी से चार-पांच हथियारों से लैस युवक उतरे, उसी दौरान एक बाइक पर दो अन्य भी उनके साथी वहां पहुंच गए। जिनमें से चार युवकों ने मुंह पर नकाब बांधा हुआ था। जबकि, दो-तीन बिना नकाब के थे, जिन्हें सामने आने पर पहचान सकता हूं। आरोपियों ने उसे गाड़ी से नीचे खींचकर मारपीट शुरू कर दी। उसके गले से दो तोले के सोने की चेन व गाड़ी में रखे 70 हजार रुपए लूट लिए। उसके साथ मारपीट होती देख उसकी बीमार पत्नी गाड़ी से उतरी और शोर मचा दिया। पत्नी के शोर मचाने पर आरोपी इस संबंध में कोई कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि झगड़े में उसके कान का पर्दा फट गया व गंभीर चोट आई है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही पहचान कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दूधौला में लगाया आयुषमान भव मेला

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**सामुदायिक** स्वास्थ्य केंद्र दूधौला में सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार गर्ग के निर्देशन व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय आयुष्मान भव मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत द्वारा जिला स्तरीय आयुषमान भव अभियान मेले का उद्घाटन कर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार गर्ग ने विधायक का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत व सम्मान किया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष ने सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार गर्ग का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत व सम्मान किया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. रवि विहान ने किया। विधायक ने बताया कि हर साल 17 सितंबर को पीएम नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया जाता है। इस साल पीएम के जन्मदिन को खास बनाने के लिए कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयुषमान भव अभियान द्वारा देश के लगभग 35 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा। लगभग एक लाख 17 हजार हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरों पर आयुषमान भव मेले का आयोजन किया जाएगा। सिविल सर्जन डॉक्टर नरेश कुमार गर्ग ने बताया कि जिले के सभी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरों पर आयुष्मान भव अभियान मेले लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच चिकित्सा की जाएगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल कॉलेज छांयसा के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा सीएचसी दूधौला में लोगों के स्वास्थ्य की जांच व चिकित्सा की गई। इस अवसर दूधौला गांव के सरपंच सुनील के पिता गंगा शास्त्री ने नयनपाल रावत का पगड़ी पहनाकर स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर जिला नोडल ऑफिसर डॉक्टर भूपेंद्र, एसएमओ डॉ संतोष तथा डॉक्टर मधु डागर आदि मौजूद रहे।

# गुरु-शिष्य परंपरा प्रशिक्षण योजना के तहत प्रदान की जाएगी छात्रवृत्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**लुप्त** होती संस्कृति को जीवंत रखने के लिए उत्तर भारत मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला द्वारा गुरु-शिष्य परंपरा प्रशिक्षण योजना-2023-24 शुरु की गई है, जिसमें पेंशन व छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत राज्य से लुप्त होती सभी विधाओं में शास्त्रीय एवं लोक संगीत, मार्शल आर्ट, लोक थियेटर एवं दृश्य कला इत्यादि विधा के गुरुओं के नाम, पता व दूरभाष नंबर सहित सूची मांगी गई है। गुरु के लिए आवेदनकर्त्ता की आयु 50 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।



उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि कला एवं संस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी अनुसार गुरू-शिष्य योजना के तहत आवेदनकर्त्ता गुरु की आयु 50 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए और उनके पास संबंधित विधा क्षेत्र में कम से कम 20 वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है। इस योजना के तहत चयनित गुरु व शिष्यों को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। जिसमें गुरु को सात हजार 500 रुपए प्रतिमाह, संगीतकार को तीन हजार 750 रुपए प्रतिमाह व शिष्यों को एक हजार 500 रुपए प्रतिमाह छात्रवृत्ति के रुप में प्रदान किए जाएंगे। विभाग द्वारा दी गई शर्तों को पूरा करने वाले जिला पलवल से गुरु व शिष्य जल्द से जल्द पुराना कोर्ट परिसर में स्थित जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय पलवल में अपनी-अपनी विधा के अनुभव प्रमाण-पत्रों सहित अपना नाम भेज सकते हैं।

# पैदल जा रही महिला की कार की टक्कर से मौत

**पलवल।** में नेशनल हाईवे-19 स्थित असावटा चौक के निकट पैदल सड़क क्रॉस कर रहे मां-बेटे को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में लगी चोटों के कारण घायल हुई महिला की मौत हो गई। कैंप थाना पुलिस ने मृतका के बेटे की शिकायत पर कार के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, फूल विहार कॉलोनी पलवल निवासी हीरालाल ने दी शिकायत में कहा कि वह और उसकी मां शिवदेई असावटा चौक पर नेशनल हाईवे को पैदल क्रॉस कर रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार कार ने उसकी मां को टक्कर मार दी, जबकि वह साइड में बच गया। हादसे में उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। उसने अपनी मां को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई।

# बारिश से हुआ जलभराव, पुलिस ने पानी में खड़े होकर वाहनों को निकलवााया







फोटो : राजेश पुंजानी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शनिवार** दोपहर को एक घंटे हुई भारी बारिश से जगह जगह जलभराव हो गया। भारी बारिश के कारण उत्पन्न हुई ट्रैफिक जाम की स्थिति में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए पानी में खड़े रहकर फरीदाबाद पुलिस ने कमान संभाली।

डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के दिशा निर्देश तथा एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। फरीदाबाद में हुई भारी बारिश के कारण सड़कों पर बहुत अधिक पानी भर गया, जिसकी वजह से ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो गई। कुछ गाड़ियां तो पानी अधिक होने के कारण बंद हो गईं, जिसकी वजह से उन्हें धक्का निकालकर बाहर निकलवाना पड़ा।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद में हो रही भारी बारिश के बीच ट्रैफिक व्यवस्था संभालने में काफी परेशानी हो रही है, परंतु इसके बावजूद यातायात पुलिस हर संभव प्रयास करके इसे व्यवस्थित करने में लगी हुई है। बारिश के मौसम में सड़कों पर गड्ढे दिखाई नहीं देते और वहां पर आ रहे वाहन इन गड्ढों में टकराकर दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। जिसकी वजह से कई यात्रियों को चोट भी लग जाती है और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो जाता है। क्षतिग्रस्त होने का कारण वाहन खराब हो जाते हैं और पानी से भरी सड़क के बीचोंबीच रुक जाते हैं। जिसकी वजह से उनके पीछे आ रहे वाहन भी खराब हो जाते हैं।

ऐसे में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को डीसीपी ट्रैफिक द्वारा निर्देशित किया गया है और उनके मार्गदर्शन में ट्रैफिक पुलिस बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। ट्रैफिक पुलिसकर्मी वर्दी में ही लबालब भरी सड़कों के बीच खड़े होकर ट्रैफिक ड्यूटी निभा रहे हैं और वाहन चालकों को निर्देशित करके ट्रैफिक को व्यवस्थित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति में 30 सितंबर तक दर्ज करावएं नाम

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**एसडीएम** शशि वसुंधरा ने जिला सचिवालय में स्थित अपने कार्यालय में हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के चुनाव की शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि वे इन चुनाव से संबंधित सभी कार्य सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार निर्धारित समयावधि तक पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के चुनाव की शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की मतदाता सूची के नामों का पंजीकरण का कार्य चल रहा है। एचएसजीएमसी मतदाता सूची के लिए प्रार्थी अपने नाम का पंजीकरण 30 सितंबर तक करवा सकता है। एसडीएम शशि वसुंधरा ने बताया कि इस मतदाता सूची में नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र ग्रामीण क्षेत्र में पटवारी और शहरी क्षेत्र में नगरपालिका, नगरपरिषद से प्राप्त व जमा कर सकते हैं। हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज करवाने के लिए अंतिम तिथि 30 निर्धारित की गई है।उल्लेखनीय है कि हरियाणा के गुरुद्वारा चुनाव आयुक्त के निर्देशानुसार राज्य सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने नए वोट बनाने का शेड्यूल जारी किया है। इस शेड्यूल के अनुसार प्रदेश में एक सितंबर से 30 सितंबर तक कमेटी के नए वोट बनाने की समयावधि निर्धारित की है। इस अवधि में कोई भी नया मतदाता स्वयं को एचएसजीपीसी के मतदाता के रूप में पंजीकृत करवा सकता है। इसके लिए एचएसजीपीसी ने सभी गुरुद्वारों में हिंदी व गुरुमुखी भाषा में फार्म उपलब्ध करवा दिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गणपति विसर्जन में भक्तों ने दिखाया उत्साह



**फरीदाबाद।** अनादि सेवा प्रकल्प में आयोजित गणपति महोत्सव का तृतीय दिवस भक्तों ने उत्साह से मनाया। गणपति विसर्जन के कार्यक्रम विसर्जन में हजारों भक्तों ने नाच गानों के साथ अनादि आश्रम से शोभायात्रा आरंभ करके पाली गांव होते हुए पुन: अनादि आश्रम में बप्पा की विदाई की। इस कार्यक्रम के आयोजक अनादि सेवा प्रकल्प के अध्यक्ष प्रणव शुक्ला ने कहा कि भगवान की कृपा बनी रही तो हर वर्ष इसी तरह गणपति महोत्सव का कार्यक्रम होता रहेगा। इस अवसर पर गणमान्य उपस्थिति राजवीर सांगवान, देवी प्रसाद, सुषमा मिश्रा, केके उपाध्याय, टीपी पांडेय, आशा सांगवान, ललित शर्मा, राकेश उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

### अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में कल लगेगा रोजगार मेला



**पलवल।** 25 सितंबर को डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय पलवल में जिला स्तर पर विशाल एवं भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले की अध्यक्षता केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर करेंगे। एसडीएम शशि वसुंधरा ने बताया कि इस रोजगार मेले में सभी प्रकार के बेरोजगार प्रार्थियों जैसे मैट्रिक, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा, डिग्रीधारक तथा सक्षम युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना तथा स्वरोजगार के लिए युवाओं को कौशलपूर्ण प्रशिक्षण द्वारा काबिल बनाने हेतु प्रयास किए जाएंगे। जिससे वे आत्म निर्भर बन देश के विकास में अपना योगदान प्रदान कर सकें। रोजगार मेले में जिला पलवल से तथा नजदीकी जिलों की कंपनियां शिरकत करेंगी। इस रोजगार मेले में बड़ी संख्या में रिक्तियां भरने का प्रावधान किया गया है। प्रार्थियों की शैक्षणिक योग्यता अथवा अनुभव के आधार पर रोजगार प्रदान किया जाएगा।

### सांकेतिक भाषा को बढ़ावा देने के लिए मूक बधिरों ने रैली निकाली




**पलवल।** अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर मूक बधिर कल्याण संघ पलवल द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि सांकेतिक भाषा को बढ़ावा दिया जाए और मूक बधिर लोगों को भी समाज की मुख्यधारा के साथ जोड़ा जाए। इस अवसर पर मूक बधिर कल्याण संघ के महासचिव जगदीश डागर, पवन कुमार, संदीप, देवेंद्र, मोहित शर्मा भी मौजूद थे। मूक बधिर कल्याण संघ पलवल में कार्यरत दुभाषिया मनीषा ने बताया कि यह जागरूकता रैली पुराना कोर्ट परिसर से शुरू होकर देवीलाल पार्क से निकलते हुए जिला सचिवालय पहुंची और उपायुक्त को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि अन्य भाषाओं की तरह सांकेतिक भाषा भी है, जिसे बढ़ावा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग बोल और सुन नहीं सकते, वे इशारे से अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सकते हैं। शरीर के हाव भाव से अपनी बातचीत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि माता पिता सांकेतिक भाषा को सीख कर अपने बच्चों के साथ बातचीत कर सकते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांकेतिक भाषा को बढ़ावा दिया है। प्रदेश सरकार द्वारा भी मूक बधिर लोगों के लिए योजनाएं बनाई गई है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के अनुसार मूक बधिर लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाए। सांकेतिक भाषा का प्रत्येक विभाग में प्रबंध किया जाए। मूक बधिरों की सहायता के लिए केंद्र बनाया जाए।

### शहीदी दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



**पलवल।** शहीदी दिवस के अवसर पर पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज और भारत विकास परिषद पलवल शाखा के संयुक्त तत्वावधान में वर्द्धमान ऑटो केयर शोरूम पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के बारे में जानकारी देते हुए अल्पना मित्तल ने कहा कि शहीदों की याद में रक्तदान शिविर लगाया गया है। रक्तदान को लेकर युवाओं में उत्साह बना हुआ है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान के प्रति युवाओं को जागरूक होना चाहिए। रक्तदान करने से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद की जा सकती है। रक्तदान करने से शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। हर घर रक्तदाता मुहिम के तहत युवाओं को जोड़ा जा रहा है। हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदाता अशोक कुमार ने बताया कि पहली बार रक्तदान कर रहे हैं। रक्तदान कर काफी अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान कर किसी व्यक्ति की मदद की जा सकती है। युवाओं को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदाता ललित कौशिक ने कहा कि लोगों को देखकर उन्होंने भी रक्तदान किया है। रक्तदान करने से शरीर में नए रक्त का संचार होता है। इसलिए हर व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदाता प्रज्ञा ने बताया कि रक्तदान करने से रक्त शुद्ध हो जाता है और बीमारियां भी कम लगती हैं। रक्तदान करने से किसी की मदद की जा सकती है, इसलिए रक्तदान जरूर करें।

### पड़ोसी ने किया नाबालिग का अपहरण, नहीं लगा सुराग

**पलवल।** हथीन में रात के समय एक नाबालिग लड़की का अपहरण हो गया। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला एक युवक उसे उठा ले गया है। परिजनों की नींद खुली तो उसका पीछा भी किया, लेकिन आरोपी उसकी बेटी को लेकर फरार हो गया। हथीन थाना पुलिस ने केस दर्ज कर युवक-युवती की तलाश शुरू कर दी है। हथीन थाना प्रभारी मुकेश कुमार के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दी शिकायत में कहा है कि रात के समय वह और उसके परिवार के लोग घर में सो रहे थे। उसी दौरान रात के करीब साढ़े 10 बजे पड़ोस में रहने वाला मुजाहिद नामक युवक छत के रास्ते उनके घर में आया। वह उसकी 16 वर्षीय बेटी का अपहरण करके ले जाने लगा। पैरों की आवाज सुनकर उनकी नींद खुल गई तो उसने शोर मचा दिया। शोर सुनकर परिवार के अन्य लोग भी नींद से जाग गए और उनका पीछा किया, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लग सका, बल्कि उनकी बाइक घर के बाहर खड़ी हुई मिली। पुलिस को दी शिकायत में अपनी बेटी को ढूंढने व आरोपी को गिरफ्तार करने की गुहार लगाई है।

# संपूर्ण कांग्रेस को उदयभान के बयान पर शर्म महसूस करनी चाहिए: ओम प्रकाश धनखड़

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**कांग्रेस** के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान की विवादित टिप्पणी पर भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा है कि उदयभान का देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री पर दिया गया बयान कांग्रेस का असली चरित्र दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण कांग्रेस को उदयभान के बयान पर शर्म महसूस करनी चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण बयान है और उन्होंने मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ दी है। देश के सर्वोच्च नेता प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को हलके शब्दों से उच्चारित करना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उससे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अपने बयानों पर अड़े हुए हैं।

धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस की भाषा ऐसी हो गई है कि उनमें बौखलाहट है। पिछले दिनों रणदीप सुरजेवाला द्वारा खुले मंच से जनता को श्राप देते हुए सभी ने देखा कि कैसे मतदाताओं को राक्षस बता रहे थे, बहन बेटियों को खुले मंच से गाली देकर बोल रहे थे।


ओमप्रकाश धनखड़

## कांग्रेस के नेता खुलेआम जनता को राक्षस बताते हैं और मंचों से गाली देते हैं

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने कहा कि उदयभान को अपने बयान दोबारा सुनकर अंदर से शर्मिंदगी महसूस होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी से अमर्यादित भाषा निकली तो देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने तत्काल खेद व्यक्त किया। हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के लज्जाहीन बयान पर कांग्रेस नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत सम्पूर्ण कांग्रेस पार्टी को माफी मांगनी चाहिए।

भाजपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा है कि इस तरह की व्यक्तिगत टिप्पणी से कांग्रेस ने बार-बार यह मैसेज दिया है कि वह ना तो देश के प्रधानमंत्री पद की गरिमा के प्रति सम्मान रखती है और ना ही मुख्यमंत्री पद की गरिमा पहचानती है। ऐसे में कांग्रेस नेताओं के इन बयानों की भर्त्सना पूरे देश के लोगों को करनी चाहिए, क्योंकि कांग्रेस के नेता ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पदों की गरिमा के खिलाफ अपने बयान दिए हैं। श्री धनखड़ ने कहा कि उदयभान को इस तरह से बोलने से पहले सोचना चाहिए कि उनकी ये बातें किस स्तर तक कांग्रेस को नष्ट कर सकती है। कांग्रेस नेताओं द्वारा दिए जा रहे ऐसे बयानों से लगता है कांग्रेस अब गाली पॉलिटिक्स पर उतर आई है।

# परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री ने पटौदी विधानसभा में किया जनसंवाद


पटौदी विधानसभा में जनसंवाद कार्यक्रम में महिला को पत्र सौंपते मंत्री मूलचंद शर्मा।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**हरियाणा** के परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में बिना किसी भेदभाव के मेरिट के आधार पर युवाओं को नौकरियां दी गई हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग, विधवा पेंशन व छात्रवृति, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत कन्यादान अब सीधे उनके बैंक खातों में पहुंचाया जा रहा है। वहीँ पारदर्शी व्यवस्था परिवर्तन के साथ आम जनता का जीवन सुगम बनाया जा रहा है। श्री शर्मा ने आज अपने संबोधन से पूर्व शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में देश के अमर वीर बलिदानियों को अपने श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। वे जनसंवाद कार्यक्रम के तहत शनिवार को हल्का पटौदी के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने जनसंवाद कार्यक्रम में गांव बिलासपुर कला, राठीवास, दिनोकरी व भुड़का में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उनके समाधान के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने की। परिवहन मंत्री ने इस दौरान ग्रामीणों की बिजली, पेयजल, सड़क, सिंचाई आदि समस्याएं सुनी और उनके समाधान के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

## परिवहन मंत्री ने कहा, प्रदेश में पारदर्शी व्यवस्था परिवर्तन के साथ सुगम बनाया जा रहा आमजन का जीवन

परिवहन मंत्री ने आमजन से सीधा संवाद करते हुए कहा कि पिछली सरकारों में दक्षिण हरियाणा में विकास कार्यों की जो अनदेखी की गई थी। उन विकास कार्यो को मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्राथमिकता के साथ पूरा करवाकर क्षेत्र में आज नई योजनाओं पर भी काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह राजवाड़े की सरकार नहीं है यह चौकीदारों की सरकार है जो आपके हितों की रक्षा करते हुए अंत्योदय के पथ पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में 24 नए हाईवे बनने से आमजन का आवगमन सुगम हुआ है। वहीं आमजन के आर्थिक हितों को सुरक्षित रखते हुए हरियाणा सरकार चिरायु व निरोगी योजना के तहत प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य की भी देखभाल कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गांवों में किए जा रहे जन संवाद कार्यक्रम आमजन के लिए बेहद कल्याणकारी व मददगार साबित हो रहे हैं। आमजन को ऑनलाईन घर बैठे सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

# महिला बिल के नाम पर भाजपा ने बनाया चुनावी जुमला: कैप्टन अजय

## मांग: भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी की सदस्यता हो रद्द

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


पत्रकारों से बात करते पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव, साथ में नेता पंकज डावर व अन्य।

**हर** पार्टी में विचार विमर्श के बाद ही कोई फैसला लिया जाता है। भाजपा ऐसी पार्टी है जिसमें आरएसएस जो कहती है वही होता है। यह बात पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने यहां पत्रकार वार्ता में कही। इस मौके पर उनके साथ वरिष्ठ नेता पंकज डावर, कुलदीप कटारिया, निर्मल यादव, प्रवीण यादव, सनी यादव मौजूद रहे।

उन्होंने महिला बिल को लेकर कहा कि कांग्रेस ने बिना किसी विरोध के बिल को स्वीकृति दे दी, लेकिन यह बिल अब 2024 में लाया जाना था, लेकिन भाजपा ने इस पर भी चुनावी जुमला खेला है। उन्होंने कहा कि इस बिल में ओबीसी व अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए भी आरक्षण होना चाहिए था, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। भाजपा जो कर रही है उससे साफ है कि भाजपा ओबीसी विरोधी पार्टी है। देश के 90 सचिवों में से मात्र 3 सचिव ओबीसी के हैं और यही हाल एससी-एसटी का है। अजय यादव ने कहा भाजपा चाहती है 2029 तक महिलाओं को आरक्षण ना मिले।

भाजपा का ओबीसी व महिला विरोधी चेहरा आज पूरा देश देख रहा है। महिलाओं को आरक्षण देने का सपना सोनिया गांधी जी ने संजोया था और कांग्रेस पार्टी चाहती है कि जल्द से जल्द महिलाओं को उनका अधिकार मिले। सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी जी का धन्यवाद किया। उन्होंने महिला आरक्षण बिल में ओबीसी महिलाओं को अधिकार दिलाने की वकालत संसद में की और जातिगत जनगणना करने की भी बात कही। साथ ही महिला आरक्षण 2024 में लागू करने के लिए भी बोला।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती 2 अक्टूबर के मौके पर सभी प्रदेशों की राजधानी में ओबीसी विभाग द्वारा सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी का ओबीसी की वकालत करने के लिए धन्यवाद व भाजपा के ओबीसी विरोधी चेहरे को उजागर करने के लिए विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। वही 28 सितंबर को पूरे देश भर में प्रदर्शन किया जाएगा। कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि जल्द ही कांग्रेस में संगठन बन जाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के अमर्यादित बयान ने इनके अंदर भरे साम्प्रदायिक जहर को बाहर निकाल दिया है। नई संसद में जब यह अमर्यादित बयान दिया गया उस वक्त गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। क्या वह इस पर एक्शन लेंगे।

# तहसील कार्यालय में चला मिश मैच का कार्य, नायब तहसीदार ने लिया जायजा


शनिवार को नायब तहसीलदार लछीराम तहसील कार्यालय में मिश मैच का चलते कार्य की पड़ताल करते हुए।

**सोहना।** शनिवार को स्थानीय तहसील कार्यालय में फसल पंजीकरण संबंधित मिश मैच का कार्य किया गया। जिसमें अभी तक पटवारियों द्वारा फसलों की बिजाई को लेकर की गई सर्वे कार्य संतोषजनक पाया गया। शनिवार को स्थानीय तहसील कार्यालय में खंड के 60 गांवों में किसानों द्वारा की जाने वाली फसल बिजाई के सर्वे को लेकर मिश मैच का कार्य चला। इस दौरान नायब तहसीलदार लछीराम ने तहसील कार्यालय में पहुंचकर बाबुओं द्वारा किया जा रहा सर्वे कार्य का तालमेल का जायजा लिया। करीब एक घंटा तक तहसील कार्यालय में बैठकर नायब तहसीलदार ने मिश मैच के कार्य को अपने सामने कराया। उसके बाद बाबुओं को दिशा निर्देश देने के बाद दूसरी तहसील में चलेग गए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार लछीराम ने बताया कि हाल ही में बाजरे की फसल कटाई का कार्य चल रहा है। 80 फीसदी बाजरे की फसल कट गई है। जिससे किसानों ने बिक्री के लिए मंडियों में लाना शुरु कर दिया। उन्होने बताया कि सरकार के आदेशानुसार छह माह में पटवारियों द्वारा बिजाई की जाने वाली फसलों सर्वे किया जाता है। पटवारियों के सर्वे का तालमेल कृषि विभाग द्वारा अपने स्तर पर की गई सर्वे से तालमेल करना होता है। ताकि खराब मौसम के कारण फसलों को होने वाला नुकसान की भरपाई सर्वे के आधार पर किसान को दी जा सके। इसके साथ किसान अपने खेतों में कौन सी फसल को उगाने में अधिक रुचि ले रहे है। नायब तहसीदार ने बताया कि सर्वे के दौरान किसान की फसल का आकन पटवारी द्वारा सही किया गया है। किसान की फसल का पंजीकरण में किसी प्रकार की गतियां तो नहीं रह गई है।

# हिंदी पखवाड़े में हिंदी में भाषण प्रतियोगिता व शोध पत्रों की प्रस्तुति

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


मानेसर स्थित एनबीआरसी में हिंदी पखवाड़े में उपस्थित अतिथि।

**मानेसर** स्थित राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र (एनबीआरसी)में इन दिनों हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। केंद्र सरकार के इस प्रतिष्ठित संस्थान में कार्यरत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व छात्रों में हिंदी के प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है। हिंदी पखवाड़े के अंर्तगत एनबीआरसी में हिंदी में भाषण प्रतियोगिता और हिंदी में शोध पत्रों की प्रस्तुति हुई। हिंदी भाषण प्रतियोगिता में अहिन्दी भाषी व हिंदी भाषी दो समूह बनाये गए इनमें अधिकारियों, कर्मचारियों व छात्रों ने हिस्सा लिया। जबकि शोध पत्र प्रस्तुति पीएचडी कर रहे छात्रों ने की।

इस अवसर पर एनबीआरसी के निदेशक डॉ. कृशानु राय ने कहा कि राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र की गतिविधियों पर प्रकाश डाला और यहाँ कार्यरत सभी कर्मचारियों व विद्यार्थियों से ज्यादा से ज्यादा कार्य हिंदी में करने की अपील की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अमित नेहरा ने हिंदी भाषा के अतीत, वर्तमान और भविष्य पर प्रकाश डाला। अपने चुटीले सम्बोधन में उन्होंने हिंदी भाषा के मजेदार पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हमें हिंदी के साथ-साथ सभी भारतीय भाषाओं का भी सम्मान करना चाहिए।एनबीआरसी के हिंदी अधिकारी डॉ. इंद्रजीत यादव ने कहा कि यह आयोजन देश की अनेकता में एकता का बोध कराता है।

इस अवसर जेएनयू के एसोसिएट प्रोफेसर गंगा सहाय मीणा व पत्रकार पवन कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और सभी प्रतिभागियों को भाग लेने पर बधाई दी। इस हिंदी पखवाड़े के आयोजन में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी तन्मय भट्टाचार्य, तकनीकी अधिकारी जितेंद्र अहलावत व प्रशासन अधिकारी पूजा गोसाईं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र में चल रहे इस बड़े आयोजन में संस्थान में भारत के विभिन्न प्रदेशों के अधिकारी व छात्र हिस्सा ले रहे हैं जिनमें से विशेष रूप से मिथलेश कुमार सिंह, संजय कुमार गुप्ता, पीवी विनीता, केशव, शंकर दत्त जोशी, आशीष, हिमांशु मल, केदार सिंह पम्था, सुनंदा शर्मा, स्वागता डे, अरविंद सिंह पुंडीर, इरशाद आलम, परमंदर सिंह रावत, रेशमा खातून, हरि शंकर, दुर्गा लाल मीना, निशा, नौशाद आलम, पल्लवी सिंह, मीनाक्षी भास्कर, महेश कुमार, सुमित महापात्रा, तन्मय सिंघल व अथिरा एम सरथ शामिल हैं।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक एटीएम पर यूपीआई का उपयोग करके इंटरऑपरेबल कार्डलेस कैश विड्रॉल (आईसीसीडब्ल्यू) में अग्रणी

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**उत्कर्ष** स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (यूएसएफबीएल या बैंक) ने एक अभिनव सेवा शुरू करने की घोषणा की। जो कैश विड्रॉल के अनुभवों में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक प्रक्रिया-केंद्रित, प्रौद्योगिकी-संचालित और ग्राहक-उन्मुख सेवाओं की पेशकश करने के लिए समर्पित है जो एक विश्वसनीय, स्केलेबल और टिकाऊ संस्थान की ओर ले जाता है, जो सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाता है।

बैंक को इंटरऑपरेबल कार्डलेस कैश विड्रॉल (आईसीसीडब्ल्यू) सेवा के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो अपने एटीएम नेटवर्क पर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) का उपयोग करती है। यह मई 2022 में भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश के अनुरूप है, जिसमें सभी बैंकों से अपने एटीएम पर इंटरऑपरेबल कार्डलेस कैश विड्रॉल (आईसीसीडब्ल्यू) विकल्प प्रदान करने का आग्रह किया गया है, और उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने इस आदेश को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। सेवा उन बैंक ग्राहकों को सशक्त बनाती है जो यूपीआई पर सक्रिय हैं, वे डेबिट कार्ड की आवश्यकता के बिना, यूपीआई-एटीएम आईसीसीडब्ल्यू लेनदेन के लिए निर्दिष्ट उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के एटीएम से आसानी से नकदी निकालने में सक्षम बनाते हैं। विशेष रूप से, यह अभूतपूर्व सेवा न केवल उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के ग्राहकों को बल्कि अन्य बैंकों के ग्राहकों को भी सुविधा प्रदान करती है जो अपने मोबाइल पर बीएचआईएम (भीम) उत्कर्ष, बीएचआईएम (भीम) यूपीआई, या किसी अन्य आईसीसीडब्ल्यू-सक्षम यूपीआई एप्लिकेशन का उपयोग करते हैं। यह एक रोमांचक विकास है जो ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

इस अवसर पर उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रबंध निदेशक गोविंद सिंह ने कहा, यह एक उल्लेखनीय संशोधन है, जो किसी भी कार्ड की आवश्यकता के बिना, मोबाइल फोन पर यूपीआई ऐप का उपयोग करने से एटीएम तक पहुंचने में स्थानांतरित हो रहा है। यह अगली पीढ़ी के बैंकिंग समाधानों का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक बैंकिंग नवीनीकरण में अग्रणी है, जो हमारे मूल्यवान ग्राहकों के लिए हर दिन के वित्तीय लेनदेन को अधिक सुलभ, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाता है।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने साउथ सिटी II, गुरुग्राम, हरियाणा में एक नई बैंकिंग शाखा खोलकर अपनी उपस्थिति का विस्तार किया

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**उत्कर्ष** स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (यूएसएफबीएल या बैंक) ने साउथ सिटी II, गुरुग्राम में अपने बैंकिंग शाखा का उद्घाटन किया, जिससे अब हरियाणा राज्य में कुल 33 बैंकिंग शाखाएं हैं। इसके साथ ही अब बैंक के देश भर में 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 871 बैंकिंग शाखाएँ हैं।

इस अवसर पर, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ, गोविंद सिंह ने कहा, हरियाणा हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस बैंकिंग शाखा का उद्घाटन न केवल स्थानीय समुदाय की उद्यमशीलता की भावना का समर्थन और निर्माण करने में मदद करता है, बल्कि उन्हें अपने वित्तीय आत्मविश्वास को बढ़ाने का एक मूल्यवान अवसर भी प्रदान करता है। इसके अलावा, यह रोजगार और उपलब्धि के संपन्न माहौल को बढ़ावा देने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है।

बैंक अपने ग्राहकों को वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करने की स्थिति में है, जिसमें बचत और चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा के साथ-साथ आवास ऋण, व्यवसाय ऋण और संपत्ति के खिलाफ ऋण जैसे विभिन्न लोन शामिल हैं। अपनी शाखा संरचना, डिजिटल बैंकिंग क्षमताओं और एटीएम नेटवर्क के साथ, बैंक एकीकृत ग्राहक सेवा प्रदान करता है।

## इसके साथ ही अब बैंक के देश भर में 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 871 बैंकिंग शाखाएं हैं

यह लॉन्च बैंक की पहुंच बढ़ाने और ग्राहकों को चालू और बचत खाते, सावधि और आवर्ती जमा, ऋण, क्रेडिट, बीमा और निवेश उत्पादों सहित वित्तीय सेवाओं की संपूर्ण श्रृंखला की पेशकश करने की रणनीति के अनुरूप है। ग्राहक शाखाओं, 24*7 एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और कॉल सेंटर जैसे कई चैनलों के माध्यम से बैंकिंग तक पहुंच सकते हैं।

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड का लक्ष्य माइक्रो-बैंकिंग लोन (जेएलजी ऋण), एमएसएमई लोन, आवास ऋण और संपत्ति के विरुद्ध ऋण सहित समाज के अन्य वर्गों की सेवा करते हुए वंचित और असेवित ग्राहक वर्गों को वित्तीय सेवाएं प्रदान करना है। इसके अलावा, बैंक ग्राहकों को टैबलेट आधारित एप्लिकेशन असिस्टेड मॉडल, डिजी ऑन-बोर्डिंग के माध्यम से शाखा में आए बिना बैंक खाता खोलने की सुविधा प्रदान करता है।

# पावन महापरोपकार दिवस पर उमड़ा साध-संगत का जनसैलाब

## पूज्य गुरु जी ने भेजी 17वीं रूहानी चिट्ठी, सुनकर साध-संगत हुई भाव विभोर

## आत्म सम्मान के मुहिम के तहत जरूरतमंद महिलाओं को दी सिलाई मशीनें

**पायनियर समाचार सेवा।** सिरसा



डेरा सच्चा सौदा में पावन महापरोपकार दिवस पर उमड़े श्रद्धालु।


**डेरा** सच्चा सौदा के पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां के 33वें गुरुगद्दीनशीनी दिवस के पावन महापरोपकार दिवस का पावन भंडारा शनिवार को एमएसजी डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केन्द्र शाह मस्तान-शाह सतनाम जी धाम, सरसा में भारी तादाद साध-संगत ने हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया।

इस अवसर पर पूज्य गुरु जी ने साध-संगत के लिए रूहानी चिट्ठी भेजी, जो साध-संगत को पढ़कर सुनाई गई। चिट्ठी में पूज्य गुरु जी ने पूजनीय परमपिता शाह सतनाम जी महाराज के महापरोपकार का वर्णन करते हुए साध-संगत को एकता में रहने के वचन किए। पावन भंडारे पर मानवता भलाई कार्यों को रफ्तार देते हुए आत्म सम्मान मुहिम के तहत 23 अति जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें और सेफ मुहिम के तहत नशे छोड़ने वाले 23 युवाओं को पौष्टिक आहार की किटें दी गई। गौरतलब है कि 23 सितंबर 1990 को पूजनीय परमपिता शाह सतनाम जी महाराज ने पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां को पावन गुरुगद्दी की बख्शिश करके अपना रूप बनाया था। कविराजों ने विभिन्न भक्तिमय भजनों के माध्यम से गुरु महिमा का गुणगान किया। खास बात ये रही कि पावन भंडारे की शुरूआत से पहले ही सभी पंडाल साध-संगत से खचाखच भर गए। शाह सतनाम जी मार्ग पर जहां तक नजर दौड़ रही थी, साध-संगत का भारी जनसमूह नजर आ रहा था। वहीं एमएसजी डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केन्द्र शाह मस्तान-शाह सतनाम जी धाम की ओर आने वाले शाह सतनाम जी मार्ग, रानियां रोड़, डबवाली रोड़, बरनाला रोड़, हिसार रोड़, बाजेकां रोड, रंगडी रोड सहित सभी रास्तों पर कई-कई किलोमीटर दूर-दूर तक साध-संगत के वाहनों की कतारें नजर आ रही थी।

बड़ी-बड़ी स्क्रीनों के माध्यम से साध-संगत ने पूज्य गुरु जी के अनमोल वचनों को श्रद्धापूर्वक सुना। पूज्य गुरु जी ने फरमाया कि आज का वो दिन जब हमारा अपने मुर्शिद-ए-कामिल से मिलाप हुआ, अपने उस दाता रहबर से मिलाप हुआ जो वर्णन से परे है। उस मुर्शिद-ए-कामिल के महान परोपकारों का वर्णन करना असंभव है, मुश्किल है। जन्म से ही उनका रहमो करम रहा। जब हम चार-पाच साल के थे 1972 में उन्होंने अपने नाम-शब्द से नवाजा। पूज्य गुरु जी ने फरमाया कि मुरीद अपने मुर्शिद-ए-कामिल को कभी नहीं भूलता, मक्खियां-मच्छर तो उड़ जाया करते हैं। मुरीद जो मर मिटता है अपने मालिक के लिए। आशिकी कमानी इस कलियुग में बड़ी मुश्किल है, आशिक कहलाना आसान है, पर आशिकी निभानी बड़ी मुश्किल है।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने साकेत, नई दिल्ली में एक नई बैंकिंग शाखा खोलकर अपनी उपस्थिति का विस्तार किया





**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उत्कर्ष** स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (SFBL या बैंक) ने साकेत में अपने बैंकिंग शाखा का उद्घाटन किया, जिससे नई दिल्ली में बैंकिंग शाखाओं की संख्या 30 हो गई है। इसके साथ ही बैंक के देश भर में 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 871 बैंकिंग शाखाएं हैं। इस अवसर पर, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ, श्री गोविंद सिंह ने कहा, नई दिल्ली हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

इस बैंकिंग शाखा का उद्घाटन न केवल स्थानीय समुदाय की उद्यमशीलता की भावना का समर्थन और निर्माण करने में मदद करता है, बल्कि उन्हें अपने वित्तीय आत्मविश्वास को बढ़ाने का एक मूल्यवान अवसर भी प्रदान करता है। इसके अलावा, यह रोजगार और उपलब्धि के संपन्न माहौल को बढ़ावा देने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है। बैंक अपने ग्राहकों को वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करने की स्थिति में है, जिसमें बचत और चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा के साथ-साथ आवास ऋण, व्यवसाय ऋण और संपत्ति के खिलाफ ऋण जैसे विभिन्न लोन शामिल हैं। अपनी शाखा संरचना, डिजिटल बैंकिंग क्षमताओं और एटीएम नेटवर्क के साथ, बैंक एकीकृत ग्राहक सेवा प्रदान करता है। यह लॉन्च बैंक की पहुंच बढ़ाने और ग्राहकों को चालू और बचत खाते, सावधि और आवर्ती जमा, ऋण, क्रेडिट, बीमा और निवेश उत्पादों सहित वित्तीय सेवाओं की संपूर्ण श्रृंखला की पेशकश करने की रणनीति के अनुरूप है। ग्राहक शाखाओं, 24*7 एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और कॉल सेंटर जैसे कई चैनलों के माध्यम से बैंकिंग तक पहुंच सकते हैं। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड का लक्ष्य माइक्रो-बैंकिंग लोन (जेएलजी ऋण), एमएसएमई लोन, आवास ऋण और संपत्ति के विरुद्ध ऋण सहित समाज के अन्य वर्गों की सेवा करते हुए वंचित और असेवित ग्राहक वर्गों को वित्तीय सेवाएं प्रदान करना है। इसके अलावा, बैंक ग्राहकों को टैबलेट आधारित एप्लिकेशन असिस्टेड मॉडल, डिजी ऑन-बोर्डिंग के माध्यम से शाखा में आए बिना बैंक खाता खोलने की सुविधा प्रदान करता है।

# मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने की विकास कार्यों व परियोजनाओं में प्रगति की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने आज शनिवार को विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में विभिन्न विकास कार्यों व परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उनके साथ मुख्य सचिव हरियाणा संजीव कौशल, वित्त आयुक्त टीवीएसएन प्रसाद, विभिन्न विभागों के एसीएस, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर, अतिरिक्त प्रधान सचिव मुख्यमंत्री डॉ. अमित अग्रवाल व अन्य सीनियर अधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में सभी जिला उपायुक्त व अन्य जिलाधिकारी भी जुड़े।

वीसी में मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर के प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों को प्रदेश सरकार की ओर से लागू की गई जन कृयाणकारी योजनाओं व विकास कार्यों को मूर्त रूप देने और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहयोगी बनने का आह्वान किया। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल ने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे मेरी माटी-मेरा कार्यक्रम की पूर्ण रूपरेखा के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर तक गांवों से पावन मिट्टी एकत्रित की जा रही है, जिसके बाद महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर को प्रदेश के सभी खंडों व शहरी क्षेत्रों में अमृत कलश यात्रा के तहत एकत्रित मिट्टी को कलशों में भरा जाएगा। इसके बाद जिला व फिर राज्य स्तर पर कार्यक्रम होंगे। बैठक में जनसंवाद कार्यक्रमों में प्राप्त शिकायतों पर की जा रही कार्यवाही, पीडब्ल्यूडी व हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड की सड़कों के सुधारीकरण, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा में फसलों के मिस मैच, रबी सीजन के लिए खाद की उपलब्धता, प्रॉपर्टी कार्ड, डीड रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, स्वामित्व योजना, डीआरओ व एसडीएम द्वारा रजिस्ट्री करने की प्रक्रिया, मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की।

**उपायुक्त ने दिए अधिकारियों को विकास कार्यों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश :** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने विडियो कांफ्रेसिंग के बाद जिला प्रशासन के अधिकारियों को इन विकास परियोजनओं पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिलास्तर पर आयोजित होने वाले जनसंवाद कार्यक्रमों के लिए अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन को नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। जो विभिन्न विभागों के माध्यम से होने वाली कार्यवाही पर निरंतर नजर रखेंगी तथा संबंधित विभाग द्वारा एस्टीमेट व अन्य कार्यवाही की रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल मिस मैच से संबंधित डाटा की वैरिफिकेशन जल्द करवा लें, क्योंकि फसल की कटाई के बाद वैरिफिकेशन करना मुश्किल होगा।

उपायुक्त ने जिले की अनाजमंडियों में खरीफ फसल की आवक के मद्देनजर सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे मंडियों का दौरा कर उनमें जरूरी सुविधाओं व व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें तथा इसकी रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करें। किसानों की सुविधा के लिए मंडियों में सड़क, शैड, लाइट, पेयजल, टायलेट आदि की व्यवस्था तथा साफ-सफाई होनी चाहिए। अगर इन प्रबंधों में कमी है तो हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड को इन सुविधाओं की कमी के बारे में अवगत कराएं, ताकि समस्या का त्वरित समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों व जिलों से मंडियों में आने वाली बाजरे की फसल पर नजर रखें। इसके लिए संबंधित क्षेत्रों व सीमा पर नाके जरूर लगवाएं।

उपायुक्त ने उप निदेशक कृषि व कॉ-आपरेटिव विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला में यूरिया व डीएपी खाद की उपलब्धतता व खपत, वितरण का पूरा विवरण रखें तथा जरूरत अनुसार किसानों को खाद उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने इस अवसर पर जिले से संबंधित सीएम घोषणाओं की भी समीक्षा की। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन, एसीयूटी राहुल, एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा, एसडीएम नूंह अश्वनी कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सोहना में बारिश का कहर दकान से लेकर सड़क, रास्ते और बाजार हुए जलमग्न

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

## चंद घेटे की बारिश ने खोल दी सरकारी दावों की पोल

शनिवार को हुई भारी बारिश से शहर में जगह-जगह हुआ जलभराव ने नगर परिषद प्रशासन की पोल खोलकर रख दी। फव्वारा चौक को पर बरसाती पानी के बहाव से सड़क पर खड़ी कार बरसाती पुलियां में फंस गई। ठेकेदार की लापरवाही से शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक पर बरसाती पुलिया का निर्माण कार्य आधारशीला रखे जाने के एक माह भी शुरु नहीं हो सका है।

शहर में गंदे व बरसाती पुलिया नालों की सफाई को लेकर ऐढ़ी चोटी का जोर लगाने का दावा कर रहा नगर परिषद प्रशासन की पोल खोल दी है। शनिवार की दोपहर बाद दो बजे हुई बरसात से गर्मी से राहत तो मिल गई। लेकिन शहर में जगह-जगह हुआ जलभराव ने जनजीवन को हिलाकर रख दिया। आम रास्तों से लेकर सड़क, चौक-चौराहे, बाजारों में जलभराव ने एक बार फिर अपना उग्र रुप दिखा दिया। जिसके चलते पैदल चलने वालों से लेकर बाइक, स्कूटी, कार व बड़े वाहन चालकों को परेशानियां हुई।

**क्हा-कहा हुआ जलभराव :** शहर में जलभराव वाला एक भी ऐसा स्थान नहीं बचा। जहां पर जलभराव न हुआ हो। जिसमें शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक, अस्पताल मार्ग, दमदमा चौक, माता मंदिर रास्ता, पुरानी सब्जी मंडी, महाराजा अग्रसैन चौक, सामान्य बस स्टैंड मार्ग, मंडी परिसर, बाईपास चौक से पास बरसाती पुलिया से पानी की निकासी न होने से यहा की सड़के जलमग्न हो गई।

**बरसाती पुलिया में फसी कार :** शनिवार को हुई बारिश का पुरानी सब्जी मंडी मार्ग पर पानी का बहाव का अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है। फव्वारा चौक पर पुलिस के पास सड़क पर खड़ी कार पानी को तेज बहाव से पुलिया के पास जाकर फंस गई। इस दौरान कार का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

**शुरु नहीं हुआ पुलिया निर्माण का कार्य :** इसी माह की 3 तारीख को सोहना विधायक संजय सिंह ने शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक का सौंदर्यीकरण की नारियल फोड़ते हुए आधारशीला रखी थी। लेकिन ठेकेदार करीब एक माह बीत जाने के बाद भी पुलिया का सौंदर्यीकरण के नाम पर एर्क इंट तक नहीं लगाई है। जिसके कारण शनिवार को बरसाती पुलिया से निकासी का रास्ता साफ न होने के कारण आसपास की दुकानों में भर गया। दुकानदार अमित गर्ग ने बताया कि दुकानों में बरसाती पानी जमा होने से हजारों रुपये का नुकसान हो गया।

# नूंह के गवारका में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। तावडू

## मोटे अनाज के प्रति जागरुक कर वितरित की गई किट

**उपमंडल** के गांव गवारका कॉलोनी में शनिवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ।यह शिविर सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के द्वारा और रूरल एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से आयोजित हुआ।शिविर में 40 से अधिक महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ मोटे अनाज की एक- एक राशन किट भी वितरित की गई।

वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष नैनू सिंह और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र से सचिव सन्नी जैन ने सयुंक रूप से बताया कि देश के पिछड़े जिलों में शामिल नूंह के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की जीवन शैली में सुधार के उद्देश्य से संस्था की ओर से एक पहल की शुरुआत की गई है।इसी कड़ी में पहली बार निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ है। तावडू उपमंडल के पांच गाँवो में विभिन्न शिविर आयोजन होने हैं।इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र में मोटे अनाज की गुणवत्ता और महत्व के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा।साथ ही गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले करीब 500 परिवारों को मोटे अनाज की राशन किट वितरण करने का लक्ष्य भी रखा गया है। इसी कड़ी में शनिवार को तावडू के गांव गवारका कॉलोनी में संस्था की ओर से आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न महिलाओं ने अपनी जांच कराई।

इस दौरान उन्हें सेनेटरी पैड के साथ- साथ मोटे अनाज की किट भी वितरित की गई।मौके पर शिविर में पहुंची महिला चिकित्सक पूनम,संस्था सदस्य संजय सिंह,तावडू ब्लॉक समन्वयक सीमा, स्थानीय स्वंय सेवक सुनील,फील्ड वर्कर मालती सहित आदि मौजूद रहे।

# शहीदों के बलिदान की बदौलत ही हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

## खंड विकास पंचायत अधिकारी, नगर नगर पार्षदों तथा मेवात पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



शहीदी स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते नपा अध्यक्ष।

**देश की** आजादी के खातिर हंसते-हंसते अपना बलिदान देने वाले ऐसे वीर शहीदों को नमन करता हूं, जिनकी बदौलत हम आज खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उक्त बातें नपा चेयरमैन मनीष जैन ने शहीदी दिवस के उपलक्ष में शहर के शहीदी पार्क पर शहीदी स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत अपने संबोधन में कहे।

नपा अध्यक्ष ने कहा कि भारत के जाने अनजाने वीर शहीदों की बदौलत ही हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। प्रत्येक हिंदुस्तानी का यह फर्ज बनता है कि शहीदी स्मारकों पर जाकर देश की रक्षा में अपने प्राणों की बलिदान देने वाले वीर शहीदों की शहादत के लिए दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दें।

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी करतार सिंह ने शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश की सरहदो पर तैनात जो सैनिक है, हमें प्रत्येक उस सैनिक का सम्मान करना चाहिए जो देश के लिए दिन-रात अपनी सेवा दे रहा है। इस दौरान मेवात पब्लिक स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा कार्यक्रम के समापन के मौके पर राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति की गई। इस मोके पर नगर पार्षद योगेश सैनी, पार्षद हसन मोहम्मद , शिक्षाविद कासिम आजाद, प्रदीप , लिपिक प्रकाश चंद जैन सहित अन्य पार्षद और नपा कर्मचारी मौजूद रहे।

# सामाजिक संस्थाएं केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाती हैं: एसडीएम

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**एसडीएम** ने सामाजिक संस्था एसआरएफ फाउंडेशन व एमवे को सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देने पर प्रसंशा पत्र किया है। फाउंडेशन ने सोहना के 20 अलग-अलग गांवों में महिलाओं को पौषण आहार को लेकर जागरुक करने का कार्य किया है।

पौषण माह में महिलाओं को पौषणता के प्रति जागरुक करने वाली एसआरएफ फाउंडेशन व एमवे के उत्कृष्ट और जागरुक करने वाले कार्यो से प्रभावित होकर सोहना एसडीएम प्रदीप सिंह ने उत्कृष्टता का कार्य करने पर प्रसंशा पत्र देकर सम्मानित किया है। फाउंडेशन के क्षेत्रीय अधिकारी गुणानिधि मलिक ने एसडीएम प्रदीप सिंह को बताया कि उनकी संस्थाओं ने सयुक्त रुप से जिला नूंह में 42 गांवो में काम किया। उसी के चलते हुए सोहना ब्लॉक के 20 गांवो में और तावडू के 29 गांवो में कुपोषण और एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी से निपटने के लिए यह कार्यक्रम चलाएं गए। जिससे गंभीर बीमारियों से छुटकारा मिल सके और ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक किया जा सके। जिसमें प्रत्येक गांव से पोषण मित्रा लगाई गई। जिनका कार्य घर घर जाकर गांव की महिलाओ के पोषण, टीकाकरण, सतन्पन, पौष्टिक भोजन, घर की साफसफाई व खुद की साफ़सफाई के बारे में महिलाओ और बच्चो को जागरुक करती कर रही है। इसके साथ गांव में अलग अलग विषय पर रैली निकाल कर लोगो को जागरुक करती है और स्वस्थ्य विभाग के साथ मिलकर गांव व स्कूल में मुफ्त स्वस्थ्य शिविर व दंत चिकित्सा शिविर का समय समय पर आयोजन किया जाता है। जिसमे बहुत से टेस्ट किए जाते और मुफ्त दवाई दी जाती है। इ

# ड्रामा के माध्यम से दी बच्चों ने विज्ञान विषय की प्रस्तुति

**नूंह।** बच्चों को वैज्ञानिक बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल के मागदर्शन में डाइट मालब में जिला स्तरीय विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन करवाया।

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रामकिशन ने बताया की स्कूल इस तरह से बच्चों में वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करके देश को विकसित करने में मदद कर सकते हैं, ड्रामा के माध्यम से बच्चों ने विज्ञान विषय को रुचिकर तरीके से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता ड्रामा में स्कूली बच्चों ने खंड स्तर पर प्रथम, द्वितीय आने वाली कुल 10 टीमों ने भाग लिया।

# आज से शुरू होगी फसलों की खरीद, पोर्टल पर फसल का डाटा ठीक कराएं किसान

## मुख्यमंत्री ने वीसी से प्रशासनिक सचिवों और उपायुक्तों के साथ की अहम बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




सीएम के साथ गुरुग्राम से वीडियो कांफ्रेंस में जुड़े अधिकारी।

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने शनिवार को गुरुग्राम सहित राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिवों तथा उपायुक्तों के साथ बैठक में स्वामित्व योजना, लोक निर्माण विभाग की सडक़ों, मेरी फसल मेरा ब्योरा, मंडियों में फसल खरीद सुनिश्चित करने, मुख्यमंत्री घोषणाओं, मेरी माटी-मेरा देश, लिंगानुपात सहित सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव संजीव कौशल समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

डीसी ने वीडियो कांफ्रेंस के उपरांत अधिकारियों की बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री से मिले निर्देशों की जिला में अनुपालना सुनिश्चित की जाए। लोक निर्माण विभाग द्वारा जिला में जिन सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य के टेंडर हो चुके हैं, उनके कार्य शीघ्र आवंटित किए जाएं। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में 50 सडक़ों के सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 48 सड़कों का टेंडर किया जा चुका है। डीसी ने कहा कि 5 करम के रास्तों का का सीमांकन सुनिश्चित करें ताकि समयबद्ध तरीके से इन पर काम शुरू हो सके।

**फसल की कटाई से पहले एमएफएमबी पर पर डेटा करवाएं ठीक :** बैठक में मुख्यमंत्री ने मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल की भी समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि पोर्टल पर दर्ज फसलों का कुछ डाटा मिसमैच है। डीसी ने मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर डेटा ठीक करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी 2-3 दिनों में मौके पर जाकर फसल की जानकारी चेक करें और डेटा को सत्यापित करें। साथ ही जिला के जिन किसानों की फसल का डेटा मिसमैच है वे भी कटाई से पहले जिला कार्यालय में जाकर अपना डाटा सही करवा लें। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन की फसलों की 25 सितंबर से खरीद शुरू हो जाएगी, इसलिए सत्यापन का कार्य तेजी से पूरा किया जाए।

# आंगनबाड़ी प्ले स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को सरकार दे वर्दी व बैग की सुविधा: अभिभावक

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



भोंडसी की आंगनबाड़ी केन्द्र पर प्ले स्कूल में सुपरवाइजर और अभिभावक।

**प्रदेश** सरकार से अभिभावक आंगनबाड़ी प्ले स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को भी ड्रस और बैग दिए जाने की मांग कर रहे है। जिससे प्ले स्कूल से सामान्य स्कूल में जाने के दौरान बच्चों को किसी प्रकार का अंतर नजर न आए।

खंड में चल रहे 222 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से 23 केन्द्र पर प्ले स्कूल चलाएं जा रहे है। जिन पर आने वाले बच्चों की संख्या 350 से 400 के लगभग है। जिनकी उम्र 3 से 6 वर्ष है। आने वाले नये सत्र में अभी और भी आगंनबाड़ी केन्द्र को प्ले स्कूल बनाएं जाएंगे। जिनकी सूची सरकार द्वारा भेजी जाती है। शनिवार को 23 आंगनबाड़ी प्ले स्कूलों पर अभिभावकों की बैठक हुई। बैठक में अभिभावकों से बच्चों की सुविधा के लिए सुझाव मांगे गए। वर्तमान में दी जा रही सुविधाओं को लेकर जानकारी मांगी गई। सभी केन्द्रों पर अभिभावक पहुंचे। लेकिन अभिभावकों ने राजकीय स्कूलों की भांति राज्य सरकार से प्ले स्कूल में शिक्षा प्राप्ती की शुरुआत करने वाले बच्चों को भी ड्रस कोड लागू किया जाए। इसके साथ राज्य सरकार से राजकीय स्कूलों मे एक से 8 कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों को दी जा रही वर्दी, पुस्तक जैसी अन्य सुविधाओं के भांति प्ले स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को भी मदद हो। जिसमें राज्य सरकार प्ले स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को वर्दी और बैग की सुविधा हर वर्ष उपलब्ध कराए। वर्दी में आने से बच्चों को अनुसाशन का महत्व प्ले स्कूल से ही होने लगेगा। अभिभावक संतोष का कहना है कि प्ले स्कूलों में अभी तक जो सुविधाएं दी जा रही है। उनमें मांग अभिभावकों की भी सरकार को मान लेनी चाहिए।

> “ **सभी** आंगनबाड़ी प्ले स्कूलों पर अभिभावकों के साथ बैठक अच्छे से हुई और सरकार द्वारा प्ले स्कूलों में दी जा रही सुविधाओं की सहराया। अभिभावकों द्वारा बच्चों के लिए की गई वर्दी और बैग की मांग को उच्चाधिकारियों के माध्यम से सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया।
>
> (रेखा सोनी-सुपरवाइजर)

# संक्षिप्त समाचार

## तावडू क्षेत्र में चला पीला पंजा



**मेवात।** शहरी एवं नियंत्रित क्षेत्र तावडू के अंतर्गत आने वाली राजस्व संपदा जमालपुर खोरी कलां, खरक तावडू में तोड़फोड़ अभियान चलाया गया। जिला योजनाकार विभाग द्वारा यह कार्रवाई की गई। बुलडोजर अभियान के दौरान लगभग 8 एकड़ क्षेत्रफल वाली 2 अनधिकृत कॉलोनियों के 15 डीपीसी, मिट्टी और डब्ल्यूबीएम सड़क नेटवर्क और 1 संरचना को ध्वस्त कर दिया गया। बिनेश कुमार डीटीपी नूंह एवम सह ड्यूटी मजिस्ट्रेट एसआई करण देव के साथ यह पूरी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एचएसईबी टीम के प्रमुख एसआई मौजूद रहे। जिला योजनाकार विभाग अवैध कालोनी एवम अवैध निर्माण को लेकर अतिक्रमण अभियान काफी समय से चलाया जा रहा है , आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध कालोनियों में प्लॉट खरीदने से पहले डीटीपी विभाग से संपर्क अवश्य करें। कई विभाग को शामिल कर हरियाणा स्टेट इनफोर्समेंट आयोग का गठन किया गया है। तोड़फोड़ कार्रवाई के दौरान पुलिस सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहते हैं।

## बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, दंपति की मौत

**फिरोजपुर झिरका।** शनिवार प्रात: हथीन तहसील के एक गांव से फिरोजपुर झिरका दवा लेने के लिए बाइक पर सवार होकर आ रहे दंपति को नासिरबास के समीप पीछे से बोलेरो गाड़ी ने जोरदार टक्कर दे मारी, जिससे बाइक पर सवार दंपति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनके साथ एक बच्चा को मामूली चोट आई। पुलिस ने इस संदर्भ में बोलेरो चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है । वहीं दोनों शवो को अपने कब्जे में लेकर मांडीखेड़ा के अल आफिया अस्पताल में पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार प्रात लगभग 11:00 बजे दिलशाद पुत्र याकूब, रुखशिना पत्नी दिलशाद निवासी रुपाड़ाका जिला पलवल अपनी बाइक पर अपने लड़के को दवाई दिलाने के लिए फिरोजपुर झिरका आ रहे थे कि खंड के गांव नासिरबास के पास बडकली की तरफ से एक तेज रफ्तार आ रही बोलोरो गाड़ी में बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर दे मारी। जिससे बाइक पर सवार दंपत्ति सड़क पर जा गिरे और मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचकर दोनों शवो को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु लागू अस्पताल पहुंचा दिया और बोलेरो गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर वाहन चालक के खिलाफ मुकदमे दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**नूंह।** डॉक्टर गोबिंद शरण द्वारा सन्फोर्ट स्कूल फ्रेंड्स कॉलोनी सोहना में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सल्यादेवी (पत्नी मामचन्द्र), सूरज हॉस्पिटल सोहना के संग यह कैंप लगाया गया। शुगर, इसीजी बीपी, छाती की जांच की सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई। कैम्प में डॉक्टर गोबिंद शरण, डॉ.प्रियंका डेंटल सर्जन, डॉ. विजय शर्मा, बबली, अंजली, मुजाहिद राशिद ने मेडिकल जांचे व सलाह दी। कैम्प में दांतों की जांच व सलाह डॉ. बलवान डेंटल चेरिटेबल अस्पताल सोहना द्वारा सुविधाएं प्रदान की गई। कैम्प में ब्रहा कुमारी, अलका दीदी ने मेडिटेशन की जानकारी प्रदान की। कैम्प में मेजर सूबेदार पोसवाल, मानसिद्ध सीमा गर्ग, अनुप्रिया रेखा कंचन, चारूल तरुणा, रूमा, रुमा, ज्योति की भागीदारी रही। कैम्प में 115 मरीजों ने स्वास्थ्य जांच व सुविधाएं व दवाईया प्राप्त की। यह कैम्प समाजसेवी कार्तिक बागड़ी की देख रेख में सुचारू रूप से चल रहे है।

## विश्व कार मुक्त दिवस पर न्यायधीश पैदल चलकर पहुंचे न्यायालय

**मेवात।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार व अन्य न्यायधीशों ने बीते दिन कार फ्री डे मनाया तथा सभी न्यायधीश ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित अपने घरों से जिला न्यायालय परिसर में स्थित अपने ऑफिस तक पैदल पहुंचकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने पैदल चलकर संदेश दिया कि पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने व अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमें कम से कम वाहनों का प्रयोग करना चाहिए। नजदीक के कार्य के लिए साइकिल आदि का प्रयोग किया जाना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को सप्ताह में एक दिन अपने निजी वाहन के उपयोग को त्यागते हुए साइकिल अथवा सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग करते हुए कार्यालय आना चाहिए। उन्होंने कहा कि निजी वाहनों का प्रयोग कम करने से पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी। इससे निश्चित तौर पर प्रदूषण कम होगा। साथ ही पेट्रोल, डीजल की भी बड़े स्तर पर बचत होगी। स्वच्छ पर्यावरण के लिए इस प्रकार के प्रयास बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि पैदल चलने व साइकिल पर चलने से मनुष्य कस स्वास्थ्य भी अच्छा बना रहता है, इसलिए सप्ताह में एक दिन साइकिल का प्रयोग करें।

## तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार करते हुए 5 बाइक बरामद की

**सोहना।** सोहना अपराध शाखा पांच पुलिस ने तावडू जाने वाले तीन वाहन चोरों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 5 चोरी की बाइकें बरामद की है। यें सभी बाइक गुरुग्राम नगर निगम क्षेत्र से चोरी की गई थीं। सोहना अपराध शाखा पांच के प्रभारी एसआई सत्यप्रकाश ने बताया कि गुरुवार की रात को तावडू जाने वाले मार्ग के अंसल मोड़ पर पुलिस द्वारा नाकाबंदी की गई थी। नाका बंदी के दौरान तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान उदयगिरि निवासी गांव नगर, जिला धौलपुर (राजस्थान), कृष्ण उर्फ हरी बाबू निवासी गांव अमरपुर, जिला धौलपुर (राजस्थान) व धर्मेंद्र निवासी अर्जुन नगर, गुरुग्राम के रूप में हुई। एसआई सत्यप्रकाश ने बताया कि पुलिस ने वाहन चोरों उदयगिरि उपरोक्त द्वारा पुलिस थाना सुशांत लोक, गुरुग्राम के एरिया से बाईक चोरी करने के मामले में चुंगी नंबर-01 पर गिरफ्तार किया। आरोपी कृष्ण को थाना सुशांत लोक, गुरुग्राम के एरिया से बाइक चोरी करने के मामले में अंबेडकर चौक, गुरुग्राम से तथा आरोपी धर्मेंद्र उपरोक्त द्वारा थाना सैक्टर-5, गुरुग्राम के क्षेत्र से बाईक चोरी करने के मामले में अंसल मोड़, सोहना से काबू करके सम्बन्धित अभियोग में नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त आरोपियों के कब्जा से चोरी हुई पांच बाइक बरामद की गई है।

पायनियर क्लासीफाइड

नाम परिवर्तन

मैं, रेनू पत्नी राजेश कुमार पावडिया निवासी मकान नंबर 1863 / 31, गली नंबर 4, वकील लेन, शास्त्री कॉलोनी, सोनीपत बयान करती हूं कि मेरे सभी कागजों में मेरा नाम रेनू है। यह है कि मेरा नाम मेरे सभी दस्तावेजों में रेनू बाला किया जाए। भविष्य में मुझे रेनू बाला के नाम से जाना जाए।

मैं, राजेन्द्र पुत्र श्री विजय सिंह निवासी मकान नंबर 1863 / 31, गली नंबर 4, वकील लेन, शास्त्री कॉलोनी, सोनीपत बयान करता हूं कि मेरे सभी कागजों में मेरा नाम राजेन्द्र है। यह है कि मेरा नाम मेरे सभी दस्तावेजों में राजेन्द्र सिंह किया जाए। भविष्य में मुझे राजेन्द्र सिंह के नाम से जाना जाए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# अमेरिका से दोस्ती
## बाइडेन की भूमिका

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारत से दोस्ती मजबूत करने के सभी प्रयास किए हैं। वे आगामी गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि हो सकते हैं। पिछले महीने नई दिल्ली में जी20 सम्मेलन में कुछ बेचैनी इस बात को लेकर थी कि रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन तथा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इसमें भाग न लेने की घोषणा की थी। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने विभिन्न मंचों से इसकी सफलता की प्रशंसा की है। इस प्रकार उन्होंने भारतीय राजनयिक दृष्टिकोण को रेखांकित किया है जो सभी देशों को बिना किसी द्वेष के एकसाथ लेकर चलना चाहता है। बाइडेन ने सोशल मीडिया के माध्यम से उम्मीद करते हुए जोर दिया है कि जी20 वैश्विक चुनौतियों का सामना करने वाली संचालक शक्ति बना हुआ है। उन्होंने कहा, ऐसे समय जब विश्व अर्थव्यवस्था जलवायु संकट, अस्थिरता व टकराव के कारण झटके झेल रही है, इस वर्ष के शिखर सम्मेलन ने दिखा दिया है कि जी20 अधिकांश महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान खोज सकता है। पिछले शनिवार



को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कारीडोर का महत्व रेखांकित करते हुए पुनः दुहराया कि उनका देश टिकाऊ व गतिशील ढांचागत संरचना बनाने में साथियों से सहयोग का वादा पूरा करेगा। वैश्विक ढांचागत निवेश साझीदारी-पीजीआईआई तथा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक कारीडोर कार्यक्रम में बोलते हुए बाइडेन ने कहा कि जी20 सम्मेलन का ध्यान मजबूत ढांचागत संरचना तथा गुणवत्तापूर्ण ढांचागत निवेश को प्रोत्साहित करना था। इससे सबको अवसर, गरिमा व समृद्धि के साथ बेहतर भविष्य के मौके मिलेंगे। एकता प्रदर्शित करते हुए अमेरिका, भारत, ब्राजील व दक्षिण अफ्रीका के नेताओं ने जी20 तथा वैश्विक समस्याओं के समाधान निकालने के प्रति साझा प्रतिबद्धता प्रकट की। नई दिल्ली में जी20 'लीडर्स समिट' के पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मजबूत द्विपक्षीय संबंधों तथा जीवन्त वैश्विक सेमीकंडक्टर सप्लाई श्रृंखलायें बनाने के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की थी। जो बाइडेन ने संरा. सुरक्षा परिषद में स्थाई सीट के लिए भारत की लंबे समय से चली आ रही मांग का समर्थन किया। इसके साथ ही उन्होंने 2028-29 में गैर-स्थाई सदस्य के रूप में भारत के एक और कार्यकाल का भी समर्थन किया।

इन मैत्रीपूर्ण संबंधों को नजदीकी व गरमाहट से भरा बनाए रखने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अगले साल की गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में भाग ले सकते हैं। यह घटनाक्रम मुख्यतः दोनों देशों के बीच बढ़ती दोस्ती का प्रत्यक्ष परिणाम है। जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा के समय रक्षा सहयोग को काफी बढ़ावा मिला। जनरल एलेक्ट्रिक व हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड के बीच भारत में जीई एफ-414 जेट इंजन बनाने पर मेमोरैंडम आफ अंडरस्टैंडिंग-एमओयू वास्तव में मील का पत्थर है। इस सहयोग से भारत को महत्वपूर्ण तकनीक का हस्तांतरण होगा जिससे रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। जी20 सम्मेलन पहली बार भारत में हुआ। अपनी अध्यक्षता के दौरान भारत ने समावेशी विकास, डिजिटल खोज, जलवायु स्थिरीकरण तथा समतापूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य पहुंच जैसे विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया। जी20 देश दुनिया की 85 प्रतिशत जीडीपी, 75 प्रतिशत से अधिक विश्व व्यापार तथा दुनिया की दो तिहाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं। नवंबर में भारत के बाद ब्राजील अब जी20 की अध्यक्षता करेगा।

# सनातन विवाद के रास्ते दलितों को साधने की होड़

**आइए, अब इस बात का विश्लेषण करें कि तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन को डेंगू और मलेरिया कहकर इसके उन्मूलन की बात क्यों कही और आरएसएस के सरसंघ चालक मोहन भागवत ने गोमांस को जरूरत पर खाने की वकालत क्यों की ?**



**निशिकांत ठाकुर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं



**नवंबर** 1893 में अमेरिका के शिकागो में आयोजित धर्म महासभा में स्वामी विवेकानंद ने भारतवर्ष का प्रतिनिधित्व किया था और सनातनी परंपरा को विश्व के पटल पर सबके सामने रखा। अपने भाषण में स्वामी जी ने कहा था कि मैं उसी धर्म में शामिल अपने को गौरवान्वित महसूस करता हूं। हमलोग केवल दूसरे धर्मावलंबी के मतों के प्रति सहिष्णु हैं, ऐसा नहीं है। हम यह भी विश्वास करते हैं कि सभी धर्म सत्य है। मुझे गर्व है कि मैं उसी धर्म से हूं, जिसने दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति का पाठ पढ़ाया है। इधर, डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन, जो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और करुणानिधि के पौत्र हैं तथा राज्य सरकार में मंत्री भी हैं, ने पिछले दिनों एक कार्यक्रम में सनातन धर्म पर विवादित टिप्पणी की थी, जिसके बाद से सियासत में भूचाल आ गया। स्टालिन ने कहा था कि सनातन धर्म सामान्य और सामाजिक न्याय के खिलाफ है, इसलिए इसका उन्मूलन डेंगू, मलेरिया, कोरोना की तरह किया जाना चाहिए। साथ ही कार्यक्रम में उदयनिधि ने कई अन्य विवादित और तीखी टिप्पणी भी की थी। उसके बाद भाजपा के नेताओं ने कड़ा विरोध जताया और कहा कि इंडिया गठबंधन के नेताओं को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। लेकिन, उदयनिधि ने कहा कि उन्होंने समाज के सताए हुए और हाशिये पर डाल दिए गए लोगों की आवाज उठाई है, जो सनातन धर्म के कारण तकलीफ झेल रहे हैं। उदयनिधि ने यह भी कहा कि हम अपनी बात पर कायम हैं और किसी भी कानूनी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार भी हैं। हम द्रविड़ भूमि से सनातन धर्म को हटाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इससे एक इंच भी पीछे नहीं हटने वाले हैं।

इधर, भाजपा के शीर्ष नेता व गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसकी आलोचना की। देश के कई साधु-संतों ने उदयनिधि की गर्दन काटकर लाने वालों को दस करोड़ रुपये का इनाम भी घोषित कर दिया और कई स्थानों पर प्राथमिकी भी दर्ज करा दी गई। फिर नहले पर दहला यह हुआ कि कर्नाटक में मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे और कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खड़गे ने कहा कि सनातन धर्म 3,500 वर्षों से है और आगे भी जारी रहेगा। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सनातन धर्म पर उदयनिधि स्टालिन के विवादित बयान का समर्थन किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सनातन धर्म पर अनर्गल बयान के लिए कांग्रेस पर कड़ा हमला करते हुए उसे आड़े हाथों लिया। ज्ञात हो कि डीएमके इंडिया गठबंधन में शामिल है और 2024 के शुरू में ही वहां विधानसभा का चुनाव है, जिसके कुछ दिन बाद लोकसभा चुनाव है। ऐसे में उदयनिधि स्टालिन के विवादित बयान का निहितार्थ यह निकला जा रहा है कि यह देश में दलितों को साधने का एक जोरदार बयान दिया गया है। निहितार्थ यह भी निकाला जा रहा है कि भाजपा द्वारा उपेक्षित दलितों को भाजपा से अलग करने का और अपने पक्ष में करने का यह एक सफल राजनीतिक प्रयास है। यदि ऐसा नहीं था, तो विश्लेषक यह कयास लगा रहे हैं कि देश के सुदूर दक्षिण तमिलनाडु और कर्नाटक में दिए गए बयान से भाजपा इतनी विचलित क्यों है?

कोई इस बात को समझे या न समझे, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत ने उदयनिधि के भाषण के निहितार्थ को समझा और खुलकर दलितों के पक्ष में वर्षों से उनके ऊपर सवर्णों द्वारा किए गए अत्याचार और दुर्व्यवहार को सार्वजनिक रूप में स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को गोमांस का सेवन करने के लिए तैयार रहना चाहिए। ऐसा इसलिए, क्योंकि वंचित वर्गों का हिंदू धर्म में समावेश हो जाए। भागवत महाराष्ट्र के नागपुर के अग्रसेन छात्रवास में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। अब उनके इस बयान पर देशभर में उनकी आलोचना शुरू हो गई है। महापंडित राहुल सांकृत्यायन ने अपने ऐतिहासिक किताब बोल्गा से गंगा में इस विषय पर लिखा है कि ब्राह्मण संकृति के पुत्र, किंतु स्वतः क्षत्रिय राजा रांतिदेव अपनी अतिथि सेवा के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं। वह सतयुग के सोलह हजार महान राजाओं में हैं। रांतिदेव के भोजनालय में प्रतिदिन दो हजार गाएं मारी जाती थीं। यहां अतिथियों के खाने के लिए गोमांस पकाने वाले दो हजार रसोइये थे। और, जिस दिन भी ब्राह्मण अतिथि इतने बढ़ जाते कि रसोइये को मांस की कमी के कारण सूप ज्यादा ग्रहण करने की प्रार्थना करनी पड़ती थी। इतिहासकार व भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद के पूर्व सदस्य, प्राचीन और मध्यकालीन भारत के विशेषज्ञ डीएन झा ने अपनी पुस्तक द मिथ ऑफ होली काउ,(पवित्र गाय का मिथक) में गोमांस खाने पर विस्तार से लिखा है। पुस्तक को पढ़ने से पता चलता है कि वैदिक काल में गोमांस खाना काफी आम था, जब बार-बार नारियल की बलि दी जाती थी। लेकिन, ग्रंथ के अनुयायियों द्वारा ब्राह्मणों की जांच करने पर ऐसा हुआ है कि इस प्रथा को धीरे-धीरे छोड़ दिया जाता है, और इसे साहूकारों में स्थानांतरित कर दिया जाता है। 19वीं सदी के उत्तरार्द्ध से, गाय को तेजी से हिंदू पहचान के प्रतीक के रूप में माना जाने लगा, दलितों को गोमांस के किसानों के रूप में चित्रित किया गया और हिंदू दक्षिणपंथियों ने हमेशा गलत तरीके से दावा किया है कि मुस्लिम भारत में हैं, गोमांस खाने की यही कहानियां हैं।

आइए, अब इस बात का विश्लेषण करें कि तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन को डेंगू और मलेरिया कहकर इसके उन्मूलन की बात क्यों कही और आरएसएस के सरसंघ चालक मोहन भागवत ने गोमांस को जरूरत पर खाने की वकालत क्यों की? दरअसल, ईवी रामास्वामी पेरियार (सम्मानित व्यक्ति) तर्कवादी, नास्तिक और समाज के वंचितों के समर्थक होने के कारण उनकी सामाजिक और राजनीतिक जिंदगी में कई उतार- चढ़ाव आए। वर्ष 1944 में उन्होंने आत्मसम्मान आंदोलन और जस्टिस पार्टी को मिलाकर द्रविड़ मुनेत्र कजगम का गठन किया। उनका मानना था कि समाज में निहित अंधविश्वास और भेदभाव की वैदिक हिंदू धर्म में अपनी जड़ें हैं, जो समाज को जाति के आधार पर विभिन्न वर्गों में बांटता है जिसमें ब्राह्मण का स्थान सबसे ऊपर है। इसलिए पेरियार सनातन और वैदिक धर्म के आदेश और ब्राह्मण वर्चस्व को तोड़ना चाहते थे। एक कट्टर नास्तिक के रूप में उन्होंने भगवान के अस्तित्व की धारणा का विरोध शुरू कर दिया। इसलिए उनके द्वारा गठित डीएमके की सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को नकारा, तो यह कोई नई बात नहीं है। सच में उदयनिधि स्टालिन का उद्देश्य समाज के शोषित, पीड़ित और वंचितों को पूरे भारत में अपने पक्ष में करना था। स्टालिन के इस भाषण पर इतनी चर्चा और हंगामा भाजपा नेताओं द्वारा किया गया कि अब स्टालिन का उद्देश्य पूरा हो गया है। दुर्भाग्य यह है कि स्टालिन की चाल को उत्तर भारतीय नेताओं ने नहीं समझा और प्रधानमंत्री सहित गृहमंत्री और अध्यक्ष तक स्टालिन पर आक्रामक हो गए। लेकिन अब ऐसा लगता है कि सरसंचालक के बयान के बाद भाजपा नेताओं की समझ में यह बात आ गई कि यदि समाज में समानता लानी है, तो वही करना होगा, जिसकी चर्चा सरसंघ चालक अपने बयान में कर चुके हैं। क्योंकि, उनके नेता अब इस प्रकार अनाप-शनाप बयान देना बंद कर चुके हैं। इससे ऐसा लगता है कि यह बात उनकी समझ में अब आई है, लेकिन अब तो काफी देर हो चुकी है। अब होड़ इस पर मचेगी कि दलितों और समाज में तथाकथित समानता लाने के लिए गोमांस परोसा जाए या सनातन धर्म की बलि दे दी जाए, क्योंकि 2024 का चुनाव तो जीतना ही है। इसके लिए जो भी होगा, हम राजनीतिज्ञ करेंगे। अतः समाज में जो दलित और शोषित हैं, उनका दिल जो जीत लेगा, वही देश का अगला सिकंदर होगा।

# भारत-कनाडा रिश्तों में कड़वाहट

"एक कड़े संदेश में पीएम मोदी ने अपने कनाडाई समकक्ष को कनाडा में चरमपंथी तत्वों की भारत विरोधी गतिविधियों को जारी रखने के बारे में चिंताओं से अवगत कराया"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो पिछले कुछ हफ्तों से काफी गुस्से में हैं। वह जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पिछले सप्ताह नई दिल्ली आए थे, लेकिन घरेलू राजनीति में विदेशी हस्तक्षेप के बारे में उनकी टिप्पणी, कनाडा की धरती से सक्रिय खालिस्तानी अलगाववादी ताकतों के बारे में वास्तविक भारतीय चिंताओं के संदर्भ में, भारत में प्रतिनिधिमंडल के लिए बेहद गर्मजोशी से स्वागत सुनिश्चित किया गया।

एक कड़े संदेश में, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कनाडाई समकक्ष को कनाडा में चरमपंथी तत्वों की भारत विरोधी गतिविधियों को जारी रखने के बारे में चिंताओं से अवगत कराया। वे अलगाववाद को बढ़ावा दे रहे हैं और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा भड़का रहे हैं, राजनयिक परिसरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, और कनाडा में भारतीय समुदाय और उनके पूजा स्थलों को धमकी दे रहे हैं। संगठित अपराध, ड्रग सिंडिकेट और मानव तस्करी के साथ ऐसी ताकतों का गठजोड़ कनाडा के लिए भी चिंता का विषय होना चाहिए। ऐसे खतरों से निपटने में दोनों देशों का सहयोग करना जरूरी है। फिर, नियति का एक अदृश्य हाथ प्रबल हुआ और कनाडाई प्रधानमंत्री अपने पूरे प्रतिनिधिमंडल के साथ अपने वीवीआईपी विमान में कथित तकनीकी खराबी के कारण 36 घंटे तक नई दिल्ली में फंसे रहे।

कनाडाई पीएम ने इस हफ्ते अपने देश लौटकर भारत पर उनके देश में खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया। हालांकि, ट्रूडो के बयान में सावधानीपूर्वक आतंकवादी शब्द को नागरिक से बदल दिया गया। इससे भारत और कनाडा के बीच राजनयिक गतिरोध बढ़ गया। नई दिल्ली ने जवाब दिया, इस तरह के निराधार आरोप खालिस्तानी आतंकवादियों और चरमपंथियों से ध्यान हटाने की कोशिश करते हैं, जिन्हें कनाडा में आश्रय दिया गया है और जो भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा बने हुए हैं। इस मामले पर कनाडाई सरकार की निष्क्रियता लंबे समय से चली आ रही है। जैसे को तैसा की कूटनीतिक कार्रवाई में, कनाडा ने पहले एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक को निष्कासित कर दिया, जबकि उसे नई दिल्ली में भी इसी तरह की जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ा। यह भारत-कनाडाई रिश्ते के लिए मंच तैयार करता है, जो पिछले कुछ समय से अपने निचले स्तर से गुजर रहा है। भारत और कनाडा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के नाम पर सक्रिय व्यापार वार्ता कर रहे थे। सीईपीए को कमजोर साझेदारियों को बहुत जरूरी आर्थिक ताकत प्रदान करनी थी, भले ही दोनों तरफ राजनीतिक चिंताएं जोरों से बढ़ रही थीं। कई सूत्रों ने बताया कि कनाडा ने कुछ महीने पहले भारत को कोई आधिकारिक सूचना दिए बिना प्रस्तावित सीईपीए वार्ता पर रोक लगा दी थी, इस बीच, नई दिल्ली के अधिकारियों ने वार्ता में रोक की पुष्टि की।



भारत कनाडा के लिए महत्वपूर्ण व्यापार साझेदारों में से एक है, हालांकि चीन की तुलना में यह एक छाया है जिसने एक बड़ा हिस्सा ले लिया है। एक महत्वपूर्ण कदम में, कनाडा और चीन ने कुछ महीने पहले एक-दूसरे की घरेलू राजनीति और नीतियों में हस्तक्षेप का हवाला देते हुए एक-दूसरे के वरिष्ठ राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था। कनाडा में चीन और भारत की तुलनात्मक प्रवासी आबादी है और इससे दोनों देशों पर घरेलू राजनीति को प्रभावित करने के लिए अपनी प्रवासी आबादी का उपयोग करने का आरोप लगा है।

हालांकि, कनाडा का चीन के प्रति नरम रवैया है और वह उसके मानवाधिकारों के उल्लंघन पर चीन को उपदेश देने से आगे नहीं बढ़ता है। कनाडा ने पिछले साल जारी अपनी इंडो-पैसिफिक नीति में चीन को इंडो-पैसिफिक में एक प्रमुख विघटनकारी खिलाड़ी के रूप में मान्यता दी थी और इसलिए वह अपने घरेलू हितों को ध्यान में रखते हुए ड्रैगन के प्रति एक संतुलित दृष्टिकोण की वकालत करता है। उल्लेखनीय है कि चीन की सरकारी कंपनियों की कनाडा की तीन सबसे बड़ी खनन कंपनियों में हिस्सेदारी है, जो महत्वपूर्ण धातुओं की खोज में शामिल हैं। भले ही चीन-कनाडा संबंधों में कड़वाहट है, लेकिन नई दिल्ली से हाल ही में आई ठंडक के कारण प्रधानमंत्री को अपने घरेलू निर्वाचन क्षेत्र में प्रतिष्ठा बचाने के लिए एशिया में नए सहयोगियों की तलाश करनी पड़ेगी।

## आप की बात

### भारत-विरोधी शक्तियां

**महिला आरक्षण बिल** गत 25 वर्षों से धूल खा रहा था। लोकसभा में कई बार पेश होने के बावजूद दृढ़ता के अभाव में व आरक्षण में आरक्षण की मांग के चलते यह पास नहीं हो सका। जब बीजेपी ने इसे संकल्प पूर्वक लोकसभा में रखा तो अपेक्षा से भी अधिक भारी बहुमत से यह बिल पास हुआ। राज्यसभा में पूर्ण समर्थन और ज्यादा आश्चर्यजनक रहा। महिलाओं की भावना है कि जब आबादी का 50 प्रतितश हिस्सा महिलाओं का है तो आरक्षण में उनको आधा हिस्सा मिले। हालांकि 33 प्रतिशत आरक्षण से भी सदन में महिलाओं की संख्या वर्तमान संख्या से कई गुना ज्यादा होगी। भविष्य में आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाया भी जा सकता है। महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद अब महिलाओं को भी कमर कस कर राजनीति के मैदान में उतरना होगा। वर्तमान माहौल में दृढ़ निश्चय और आत्मबल वाली महिलाएं ही राजनीति में अपना स्थान बना सकती हैं। अनेक महिलाओं को तो परिवार में भी दोयम दर्जे का व्यवहार झेलना पड़ता है। अब सभी दलों को पर्याप्त टिकट व संगठन में स्थान देकर महिलाओं को राजनीति में आगे आने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। यह उनके लिए परीक्षा और चुनौती का अवसर भी है कि वे अपने वादों पर कहां तक खरे उतरते हैं।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### योगी आदित्यनाथ का प्रयास

**भारत** का बुद्ध अंतरराष्ट्रीय सर्किट ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश दुनिया का एक रोमांचकारी रेसिंग स्पोर्ट्स सेंटर है। मुख्यमंत्री मायावती के कार्यकाल में यहां 2011 में फॉर्मूला वन रेस का आयोजन हुआ था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करनी चाहिए जिनके नेतृत्व में यहां मोटो जीपी मोटर बाइक रेस का आयोजन किया जा रहा है। इस खेल प्रतियोगिता से न केवल भारत का अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में नाम रोशन होगा, बल्कि भारत को विदेशी मुद्रा भी मिलेगी। प्रदेश सरकार पर्यटन बढ़ाने के दृष्टिकोण से अनेक एडवेंचर स्पोर्ट को बढ़ावा दे रही है। मोटोरेस उसी दिशा में एक कदम है। योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय व्यापार उत्सव का उद्घाटन किया है। इससे उत्तर प्रदेश के हर जिले के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार मिलेगा तथा प्रदेश में देशी-विदेश निवेश भी आएगा। प्रदेश के पर्यटन विकास में सांस्कृतिक धरोहरों का उल्लेखनीय योगदान है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर कुछ महीने बाद सारी दुनिया के लोगों को आकर्षित करेगा।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### कैदियों का कल्याण

**सुप्रीम कोर्ट** ने लंबे समय से जेल में बंद उन कैदियों को रिहा करने की बात कही है जो लम्बे समय तक जेल में रहकर काफी हद तक सुधर जाते हैं। ऐसा न करना उनके सामान्य एवं जीवन जीने के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। लंबे समय से जेल में बंद कैदियों को समय से पहले रिहाई की राहत से वंचित करना समाज के क्षमा न करने की आदत को भी दिखाता है। इससे कैदियों को सुधरने की प्रेरणा भी नहीं मिलती है। भारत में जेल सुधार और कैदियों के कल्याण के अनेक कदम अतीत में उठाए गए हैं। यदि सुप्रीम कोर्ट जेल में लंबे समय से बंद, अपने अपराध का प्रायश्चित कर चुके तथा काफी सीमा तक सुधर चुके कैदियों की रिहाई के लिए कोई व्यापक दिशा-निर्देश देता है तो उसे स्वीकार किया जाना चाहिए। दुनिया भर में कैदियों के कल्याण के अनेक उपाय किए गए हैं और भारत में भी खुली जेलों का प्रयोग हुआ है। लेकिन विडंबना है कि प्रशासनिक लापरवाही, सुस्ती या संवेदनहीनता के चलते आज भी भारतीय जेलों में विचाराधीन कैदियों की संख्या बहुत अधिक है जो अपनी गरीबी के कारण कानूनों का लाभ नहीं उठा पाते हैं।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस**-एआई अभी प्रारंभिक दौर में है और उसके द्वारा मानव की गंभीर समस्याओं का समाधान शुरू हो गया है। हम कल्पना कर सकते हैं कि अगले एक दो दशक में एआई मानव जीवन को स्वस्थ, दीर्घजीवी और शक्तिशाली बनाने के साथ-साथ जीवन के लिए उपयोगी सभी क्षेत्रों में अपना कमाल दिखाएगा। बीमारियों के इलाज, विषाणुओं के लिए टीके, इंजीनियरिंग, विज्ञान, साहित्य, आदि हर जगह एआई अपना जलवा दिखाता रहेगा। बस डर इसी बात का है कि कहीं तानाशाही देश इस तकनीक के जरिए मानव के विध्वंस का सामान तैयार न करने लगें। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई से रोजगारों में कमी की आशंका भी निरर्थक है क्योंकि रोजगार तो बढ़ेंगे ही बस उनका तरीका और तकनीक अलग ढंग के होंगे। एआई तथा अन्य आधुनिकतम तकनीकों के मानवीय प्रयोग के लिए स्कूली शिक्षा से ही उनको समाहित करना तथा इनके प्रयोग पर नियंत्रण के लिए कठोर नियामकीय व्यवस्थायें बनाना जरूरी हो गया है। ऐसा करके ही हम नई तकनीकों का लाभ उठा सकते हैं।

–**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान के बिगड़े बोल,पीएम और सीएम पर की अभद्र टिप्पणी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान की जुबान फिसली है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के लिए चौंकाने वाली अभद्र टिप्पणी की हैं। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि ऊपर रंडुआ राज कर रहा है और यहां पंडुआ राज कर रहा है। उन्होंने कहा है कि उसने जीते जी अपनी पत्नी को मार दिया। नीचे वाले को घर परिवार का पता ही नहीं है।

उदयभान के इस बयान पर हरियाणा भाजपा प्रभारी और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने उदयभान के बयान के वीडियो को भी ट्वीट किया है। बिप्लब देब ने तीखी प्रतिक्रिया में कहा कि हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान के भारत के प्रधानमंत्री के प्रति ऐसे शब्द कांग्रेस की विकृत मानसिकता को दर्शाते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए लिखा है कि यह है राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान? त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री ने हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष के इस बयान पर कांग्रेस से माफी मांगने को कहा है।

इंडिया गठबंधन में जहां कांग्रेस पहले से ही शामिल है उसमें इनेलो के शामिल होने को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। इसी बीच यमुनानगर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर राजन शर्मा के निवास स्थान पर पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल का वजूद नहीं है। वह हरियाणा में सहारा ढूंढ रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि इनेलो भाजपा की भी टीम है, उसकी सहयोगी है। वह कांग्रेस को कमजोर करना चाहता है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के कुछ सहयोगी दल इनेलो को इंडिया गठबंधन में शामिल करना चाहते हैं। परंतु जैसे ही इस विषय में कोई चर्चा होगी, हरियाणा कांग्रेस अपने नेतृत्व को जमीनी हकीकत से अवगत कराएगी, कि इनेलो का हरियाणा में कोई जन आधार नहीं है।

उदयभान ने कहा कि इसके बावजूद नेतृत्व अगर चाहेगा तो उनका फैसला सर माथे होगा। उदयभान ने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी का कोई जनाधार नहीं है। आम आदमी पार्टी में आम नाम की चीज नहीं है, गुठली रह गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में एक भी विधानसभा क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां इस पार्टी की जमानत बची हो। हरियाणा में केजरीवाल के गृह क्षेत्र में उपचुनाव हुआ था। पूरी सरकार ने डेरा डाला था। केजरीवाल कई दिन तक वहां डटे रहे। इसके बावजूद वहां आप पार्टी को मात्र 2.9 फीसदी वोट मिले।

## हरियाणा में 1072 सेंटरों पर ग्रुप-डी का सीईटी एग्जाम

**चंडीगढ़।** हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एचएसएससी) ने ग्रुप-डी के कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) के लिए राज्य के 17 जिलों में 1072 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। सबसे अहम बात यह है कि इन सेंटरों में चंडीगढ़ का भी नाम शामिल है। एचएसएससी ने दावा किया है कि इन परीक्षा केंद्रों पर चार शिफ्टों में 12 लाख उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। एक शिफ्ट में इन केंद्रों पर 3,47,869 परीक्षार्थी एग्जाम में बैठ सकेंगे।

ग्रुप डी की सीईटी परीक्षा के लिए पंचकूला, पिंजौर, कालका में 52, अंबाला, बराड़ा, मुनाला में 54, यमुनानगर में 71, कुरुक्षेत्र, पिहोवा, लाडवा और शाहबाद में 64, पानीपत, समालखा में 51, करनाल, नीलोखेड़ी, घरौंदा में 64, गुरुग्राम, मानेसर में 75, फरीदाबाद-बल्लभगढ़ में 107, पलवल, होडल में 34, रेवाड़ी में 25, महेंद्रगढ़, नारनौल में 46, हिसार में 59, फतेहाबाद, भूना, भट्टू मंडी में 49, सिरसा में 60, कैथल में 34, भिवानी में 37, सोनीपत में 45, चंडीगढ़ में 145 एग्जाम सेंटर बनाए गए हैं।

## हिसार के हॉस्पिटल में सीएम फ्लाइंग रेड

पायनियर समाचार सेवा। हिसार

**हरियाणा** के हिसार में सीएम फ्लाइंग, स्वास्थ्य विभाग की टीम और अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने शनिवार को कैंप चौक के तारा हॉस्पिटल में रेड की। यहां पर मर्चेंट नेवी इंस्टीट्यूट व ट्रेनिंग सेंटर ऑरिक इंस्टीट्यूट हॉस्पिटल एंड क्रूज मैनेजमेंट जयपुर की एक टीम द्वारा नेवी में नौकरी के संबंध में युवाओं की मेडिकल जांच की जा रही थी। यहां मौजूद डॉक्टर जांच से जुड़ा कोई कागजात पेश नहीं कर पाए। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

बताया गया है कि मर्चेंट नेवी कंपनी की तरफ से बीकानेर जिले के राम सिंह नोखा तारा हॉस्पिटल में प्रत्येक बच्चे से 2250 रुपये लेकर एक रसीद जनसेवा डायग्नोस्टिक सेंटर के नाम से दी जा रही थी, जबकि ऐसा कोई सेंटर यहां पर नहीं है। युवकों के साथ आए अभिभावक व मेडिकल करवाने वाले उम्मीदवारों द्वारा एक शिकायत सीएम फ्लाइंग व थाना अर्बन स्टेट को दी है। सीएम फ्लाइंग एएसआई सुरेंद्र कुमार, इएसआई जयवीर सिंह, नागरिक अस्पताल के डॉ



### मर्चेंट नेवी भर्ती में मेडिकल के नाम पर बुलाए युवा

राहुल, अर्बन स्टेट थाना एसएचओ की टीम शिकायत पर कार्रवाई कर रही है।

सातरोड़ निवासी 66 वर्षीय व्यक्ति ने बताया कि उसके पोते को मर्चेंट नेवी में नौकरी को लेकर 10 सितंबर को फोन आया था कि आजाद नगर के लीडिंग हाई स्कूल में टेस्ट है। वह 23 सितंबर को तारा हॉस्पिटल कैंप चौक में मेडिकल के लिए आ जाए।

इस पर आज वहां पर पहुंचे तो उनसे 2250 रुपए लेकर एक रसीद दी गई। वहां पर हमने देखा कि अस्पताल में मेडिकल के लिए उपयुक्त डॉक्टर व अन्य संसाधन नहीं हैं। इस पर उनको शक हुआ कि कहीं यहां पर युवाओं-अभिभावकों से धोखाधड़ी तो नहीं की जा रही है। थाना अर्बन एस्टेट पुलिस की कार्रवाई जारी है।

## महिलाएं समाज और परिवार की खुशहाली का स्तंभ: डॉ. रामपाल



पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**डीएवी** पीजी कॉलेज के वुमन सैल की ओर से महिला स्वास्थ्य एवं देखभाल विषय पर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी ने महिलाओं के स्वास्थ्य को स्वस्थ बनाने के लिए संतुलित आहार की उचित खुराक, नियमित व्यायाम, योग तथा उचित देखभाल को जरूरी बताया।

प्राचार्य ने कहा कि महिलाएं समाज और परिवार की खुशहाली का स्तंभ है, इसलिए उनके स्वास्थ्य की चिंता करना हमारा दायित्व है, तनाव को कम करने के लिए, महिलाओं को सामाजिक गतिविधियों, योगा, महिला समूहों के साथ कार्य करते रहना चाहिए। शिक्षित महिलाओं को समाज की अन्य महिलाओं को जागरूक करना चाहिए, उन्होंने महिलाओं को समाज की तरक्की में पुरुषों के समान भागिदार बताया।

कार्यक्रम में सचदेवा हस्पताल की चिकित्सक डॉ सोनम सचदेवा ने छात्राओं को स्वास्थ्य की देखभाल करने,बिमारियों से बचाव एवं संक्रमण से बचने की जानकारी दी।

इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. मोनिका मुवाल, डॉ. सुलोचना नैन, डॉ. मिनाक्षी कुंडु, प्रो प्रियंका, प्रो स्वाति, प्रो इना, प्रो पुनम पांचाल सहित स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

## अंबाला में दो मजदूरों को गाड़ी ने रौंदा, मौत

**चंडीगढ़।** अंबाला में साइकिल सवार दो मजदूरों को तेज रफ्तार गाड़ी ने रौंद दिया। एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने अस्पताल जाते वक्त दम तोड़ दिया। हादसा शहजादपुर-चंडीगढ़ रोड पर गांव कक्कड़ माजरा के पास हुआ। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। फिलहाल जान गंवाने वाले मजदूरों की शिनाख्त नहीं हो सकी।

पुलिस के मुताबिक, साइकिल सवार दो युवक कक्कड़ माजरा से शहजादपुर की तरफ जा रहे थे। शहजादपुर से चंडीगढ़ की तरफ जा रही अज्ञात गाड़ी ने साइकिल सवार दोनों युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक भी कि इनमें से एक युवक ने मौके पर दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे की अस्पताल जाते समय मौत हो गई। मामले की जांच कर रहे एचसी कुलदीप ने बताया कि मृतकों के शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। अभी तक मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी।

## रेलमंत्री से वंदे भारत एक्सप्रेस को जालंधर में स्टॉपेज देने की मांग रखी

### कहा, शहर से बड़ी तादाद में माता वैष्णो देवी दर्शनों को जाने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगा लाभ

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर

**नई दिल्ली** से कटरा जाने वाली भारतीय रेलवे की हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस को जालंधर में स्टॉपेज देने की मांग को लेकर लोकसभा सदस्य सुशील कुमार रिंकू ने शुक्रवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और उसे इस ट्रेन को जालंधर में स्टॉपेज देने के लिए मांग पत्र भी सौंपा। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन कटड़ा दूसरी ट्रेनों के मुकाबले बेहद कम समय में पहुंचती है जिससे ट्रैवलिंग टाइम में लगभग चार घंटे की बचत होती है।

वहीं, इस रूट की कोई भी ट्रेन जालंधर सिटी रेलवे स्टेशन पर नहीं रुकती जिससे यहां के लोगों को काफी परेशानी होती है। रिंकू ने आगे कहा कि जालंधर एक औद्योगिक नगरी है और बड़ी तादाद में लोग यहां से माता वैष्णो देवी दर्शनों के लिए जाते हैं। चूंकि इस ट्रेन का सिर्फ लुधियाना में ही एक स्टॉप है, इसलिए जालंधर से जाने वाले यात्रियों के लिए इस ट्रेन में सफर करना मुमकिन नहीं है। इस ट्रेन को जालंधर में स्टॉपेज मिलने से लोगों को काफी फायदा होगा, जोकि कटड़ा तक का सफर बेहद कम समय में कर सकेंगे। इसी तरह जम्मू में कटरा जाने वाले कारोबारी भी इसका फायदा ले सकेंगे। रिंकू ने कहा कि रेल मंत्री ने उनकी सभी मांगों पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। सांसद सुशील कुमार रिंकू ने फिल्लौर में रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण का मसला अब केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के सामने रखा है। रिंकू ने आज रेल मंत्री से मुलाकात करके जालंधर के इन दोनों फ्लाईओवर का मसला रखा और इस कार्य में रेलवे की तरफ से हो रही देरी को दूर करने की मांग रखी। रिंकू ने कहा कि इस फ्लाईओवर के बनने से लाखों की तादाद में लोगों का फायदा होगा, जोकि यहां ट्रैफिक जाम में फंसते हैं।

उन्होंने कहा कि फिल्लौर यार्ड की क्रासिंग नंबर 88 पर आरओबी बनाना बेहद जरूरी है। रिंकू ने कहा कि इस रेलवे यार्ड के नजदीक आरओबी बनाने के लिए प्रस्ताव पीडब्ल्यूडी व रेलवे की तरफ से तैयार किया गया था। यहां ट्रैफिक व्हीकल यूनिट 4,08,523 है, इसलिए यहां आरओबी का निर्माण किया जा सकता है। इसलिए यहां जल्द से जल्द आरओबी का काम शुरू करवाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इसी तरह उन्होंने पीएपी चौक का मसला उठाया।

## संक्षिप्त समाचार

### गांव महलाना में राधा अष्टमी पर भंडारे का आयोजन




राधा अष्टमी पर कीर्तन करतीं महिलाएं। हवन-यज्ञ में आहुति डालते हुए श्रद्धालु।

**सोनीपत।** महलाना गांव में राधा अष्टमी पर शिव मंदिर में भगवान शिव, राम-सीता, दुर्गा मां, राधा-कृष्ण और हनुमान जी मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर महिलाओं ने मंदिर से कलश यात्रा शुरू की जो पूरे गांव की परिक्रमा करते हुए वापस मंदिर में पहुंची। इसके बाद मंदिर परिसर में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। राधा अष्टमी पर मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों के अलावा शहरवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। हम यहां आपको बता दें कि इस शिव मंदिर का निर्माण 28 अगस्त 1966 को श्रीमती रामप्यारी देवी की आज्ञा अनुसार उनके पति रामनारायण पुत्र गुरदयाल की पुण्य तिथि में पंडित देईराम पुत्र गुरदयाल और पंडित सतनारायण पुत्र बेगराज ने बनवाया था। इसका पुनर्निर्माण राजेन्द्र, राजकरण, विजेन्द्र, नरेन्द्र, अश्वनी, सतनारायण, सुरेन्द्र, देवेन्द्र, रविन्द्र, नीरज, जयभगवान, शिवकुमार ने शनिवार 23 सितंबर को करवाया। इस अवसर पर महिलाओं ने भक्तिमय गीतों पर नाच गाकर खुशी मनाई। नवनिर्माण जय बालाजी मंदिर में राधा अष्टमी पर महिलाओं ने किया कीर्तनवहीं शहर में राधा अष्टमी पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर के मिशन रोड स्थित नवनिर्माण जय बालाजी मंदिर में राधा अष्टमी के अवसर पर महिलाओं ने मंदिर में भजन कीर्तन किया।

### शहीदी दिवस पर लगा रक्तदान शिविर

**रोहतक।** मां दानों देवी धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा लगाया गया 298वा रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 105 लोगो ने रक्तदान किया। शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे वैश्य शिक्षण संस्थान के प्रधान नवीन जैन ने सभी रक्तदाताओ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर में मां दानों देवी धर्मार्थ ट्रस्ट सांघी के प्रधान देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि आज के रक्तदान शिविर में पीजीआई के डॉ प्रवीन मल्होत्रा अपने वालंटियर के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदान की महत्वता बताते हुए कहा कि रक्तदान से बहुत सारी बीमारियों का निवारण होता है। हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए। इस मौके पर जसवीर कुंडू ने 46वी,नीरज कौशिक ने 32वी, बलराज ने 31वी,प्रदीप ने 29वी, राहुल ने 16वी बार रक्तदान किया। शिविर में रोहित,जतिन, अंशु, कृष्णा, निशु, अपराजित और निशा, प्रीति, पूजा, सोनिया, अंजली, मीना दीपक, सोनू, मुकेश आदि मौजूद रहे।

### बिजली सम्बंधित समस्याओं का शीघ्र निपटारा करवाएं

**यमुनानगर।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम परिचालन परिमंडल के अधीक्षक अभियंता जेसी शर्मा ने बताया कि आम उपभोक्ताओं की बिजली सम्बंधित शिकायत निवारण हेतु उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम के चेयरपर्सन आरके खन्ना द्वारा 25 सितंबर 2023 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक एक्सईएन ओपी डीविजन उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यालय में एक सभा आयोजित की जाएगी। इस सभा मे उपभोक्ताओं की वह समस्याएं व शिकायतें जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के उपरांत भी कोई समाधान नही हो पा रहा है वे उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस सभा मे दो साल या उससे पुराने केस, कोर्ट केस व बिजली की चोरी से संबंधित केस नहीं लिए जाएगें। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि फोरम समक्ष निर्धारित समय पर मास्क लगाकर एक्सईएन ओपी डीविजन उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम यमुनानगर के कार्यालय में पहुंच कर अपनी बिजली सम्बंधित समस्याओं एवं शिकायतों का शीघ्र निपटारा करवाएं।

## सिरसा मेडिकल कॉलेज का निर्माण निर्धारित अवधि में पूरा कराएं अधिकारी: डिप्टी सीएम

### करीब एक हजार करोड़ रुपए की लागत से 21 एकड़ में बनेगा मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल - दुष्यंत चौटाला



पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सिरसा में प्रस्तावित सरकारी मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल के निर्माण कार्य को निर्धारित अवधि में पूरा किया जाए। उन्होंने भवन के साथ-साथ कॉलेज के लिए आवश्यक स्टॉफ की भर्ती के लिए भी अभी से ही तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएम शनिवार को चंडीगढ़ में मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च विभाग और वित्त विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने इस मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को जानकारी दी गई कि सिरसा में करीब 21 एकड़ में बनने वाले इस गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल पर लगभग 1010.37 करोड़ रुपए खर्च होंगे, मुख्यमंत्री कार्यालय से इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। इस कॉलेज में जहां 100 सीटें एमबीबीएस में दाखिले की होंगी, वहीं हॉस्पिटल 539 बेड का होगा। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल खोलने का निर्णय लिया है ताकि राज्य के लोगों को नजदीक में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि सिरसा में यह गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एन्ड हॉस्पिटल बनने से हरियाणा के लोगों को तो फायदा होगा ही, साथ लगते पंजाब और राजस्थान के लोगों को भी इससे लाभ होगा।

## खेत में मिला युवक का शव

**रोहतक।** रोहतक के गांव चुलियाना के खेतों में रेलवे फाटक के पास एक युवक का शव पड़ा हुआ मिला। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मृतक की पहचान गांव चुलियाना निवासी करीब 28 वर्षीय मंदीप के रूप में हुई है, जो दो बेटियों का पिता था।

गांव चुलियाना निवासी दीपक ने बताया कि उसका भाई मंदीप मेहनत मजदूरी करता था। शुक्रवार तक ठीक था। वह शाम को घर से गया था। परिवार वालों का मानना था कि मंदीप खेतों में मजदूरी करने के लिए गया हुआ है, लेकिन रात को भी मंदीप वापस नहीं आया। जिसके कारण परिवार वालों की चिंता बढ़ी। उन्होंने शनिवार सुबह मंदीप की तलाश शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि जब शनिवार को मंदीप की तलाश की तो वह खेतों की तरफ रेलवे फाटक के पास पड़ा हुआ मिला। अनुमान है कि किसी जहरीले जीव के काटने से मंदीप की मौत हुई है।

## सत्य वचन हितकारी हों और मीठे भी होने चाहिए: क्षुल्लक


पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**श्री** दिगम्बर जैन मन्दिर जी में सत्य धर्म की उपासना के लिए प.पू. क्षुल्लक श्री प्रज्ञांश सागर जी ने विद्वान पंडित व कवि ह्यानतराय जी को उद्दत करते हुए कहा-उत्तम सत्य-बरत पालीजै, पर विश्वासघात नहिं कीजै।

**सांचे-झूठे मानुष देखो, आपन-पूत स्वपास न देखो।।**

क्षुल्लक ने बताया- जैसा देखा-सुना गया हो, वैसा का वैसा कह देना लोक में 'सत्य' कहा जाता है। लेकिन यह उत्तम सत्य हो ऐसा आवश्यक नहीं है। स्व-पर-हित का ध्यान रखकर की जाने वाली मन, वचन, काय की क्रिया सत्य है। सत्य वचन हितकारी भी हों और मीठे भी होने चाहिए।

दृष्टांत देते हुए कहा जंगल में एक मुनि तपस्या कर रहे थे अचानक जोर-जोर से लोगों की आवाज आई पकड़ो । इस कोलाहल



से मुनि जी की आंख खुली तो देखा उनके सामने से एक गाय और बछड़ा भाग कर आगे निकल गया। मुनि जी को समझने में देर नहीं लगी कि इनको पकड़ने के लिए पीछे कसाई आ रहे हैं।

वे तुरंत खड़े हो गये और इतनी ही देर में वे कसाई भी वहां पहुंच गए और मुनि जी से पूछने लगे कि यहां से कोई गाय और बछड़ा निकल कर गया है क्या? मुनि जी ने कहा, जब से में खड़ा हूँ तब से तो कोई गाय व बछड़ा यहाँ से नहीं निकला है। वे सभी कसाई पीछे लौट गये और वहीं गाय और बछड़े को जंगल में ढूंढ़ने लग गये। इस प्रकार निर्दोष प्राणियों को जीवनदान मिल गया।

## मॉडर्न और ट्रेडिशनल म्यूजिक का शानदार फ्यूजन तलवार का बंदूकान

पायनियर समाचार सेवा। हिसार




**जोशीले** पंजाबी सिंगर, कम्पोजर और लिरिसिस्ट तलवार ने अपने पहले सिंगल 'बंदूकान' के साथ अपना स्वैग बिखेरा और सिंगल म्यूजिक की दुनिया में अपना पहला कदम रखा। ये पंजाबी पॉप सेनसेशन ट्रेडिशनल और मॉडर्न म्यूजिक एलीमेंट्स के अपने इलेक्ट्रीफाइंग फ्यूजन के साथ म्यूजिक लैंडस्केप को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है।

यह ट्रैक प्यार, विश्वासघात और घमंड के विषयों पर गहराई से प्रकाश डालता है, एक आकर्षक कहानी बनाता है जो निश्चित रूप से दुनिया भर के ऑडियंस को मंत्रमुग्ध कर देगा। अपनी वर्सिटैलिटी और क्रिएटिविटी के लिए जाने जाने वाले तलवार इस शानदार सिंगल के लिए सिंगर, कम्पोजर और लिरिसिस्ट के रूप में काम किया है।

बंदूकान तलवार की यूनिक स्टाइल और पॉवरफुल वोकल को प्रदर्शित करने वाला म्यूजिकल मास्टरपीस है। बन्दूकन कंटेम्प्ररी म्यूजिकल इंफ्लूएंस को अपनाते हुए पंजाबी कल्चर का उत्सव है। म्यूजिक वीडियो तलवार को उसके एलीमेंट के साथ दर्शाता है, जिसमें स्वैग और कॉन्फीडेंस झलकता है क्योंकि वह फैंसी कारों और ग्रैंड सिलिब्रेशन से घिरे अपनी टीम के साथ जीवन की जीत का सेलिब्रेशन मनाता है।

अपने पहले सिंगल के बारे में खुशी से बोलते हुए, तलवार ने शेयर किया कि, बंदूकान में ताकत और शानदार विजुअल का एक शानदार कॉम्बीनेशन है, यह म्यूजिक और स्टोरी कहने के प्रति मेरे जुनून का रिफ्लेक्शन है। अपने पहले सिंगल के लिए मैं एक जोरदार पंजाबी ट्रैक बनाना चाहता था जो एक वाइब पैदा कर दें और यह ट्रैक कंटेम्प्रेरी म्यूजिक के साथ बेहतरीन पंजाबी म्यूजिक ट्रेडिशन का मिश्रण है।

## जीएनए विश्वविद्यालय में फलों और सब्जियों पर नक्काशी पर कार्यशाला का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर

**जीएनए** यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी के पाक कला उत्कृष्टता केंद्र ने शेफ एसके द्वारा फलों और सब्जियों की नक्काशी पर एक कार्यशाला का आयोजन किया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों के बीच सौंदर्य बोध पैदा करना और उन्हें विभिन्न सामग्रियों से आकर्षक मूर्तियां बनाने की कला से परिचित कराना और भोजन प्रदर्शित करने के कौशल से परिचित कराना था।

शेफ कटनोरिया ने छात्रों के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया और उन्हें नक्काशी की मौजूदा रुझानों के बारे में जानने का मौका मिला। शेफ ने बताया कि कैसे नक्काशी के विभिन्न रूप दुनिया भर में सबसे लोकप्रिय कला बन गए हैं। उन्होंने यह भी साझा किया कि बर्फ, मांस और चॉकलेट आदि जैसी विभिन्न सामग्रियों के साथ नक्काशी के बहुत सारे प्रयोग हो रहे हैं। कार्यशाला के दौरान छात्रों को प्लेटिंग, सजावट और प्रदर्शन की कला से परिचित कराया गया। चांसलर एस. गुरदीप सिंह सिहरा ने कहा, छात्रों के लिए ऐसी रचनात्मक कार्यशालाएं आयोजित करना वास्तव में लंबे समय में फलदायी होगा।

स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी के डीन डॉ. दीपक ने छात्रों के कौशल को बढ़ाने के लिए इस तरह की अभिनव कार्यशालाओं के आयोजन में स्कूल के प्रयासों की सराहना की। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में कुलपति डॉ. वीके रतन, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. हेमंत शर्मा, डीन अकादमिक मामले डॉ. मोनिका हंसपाल भी उपस्थित थे।

## फ्लिपकार्ट ने मानेसर में रीजनल डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर का शिलान्यास किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारत** के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने मानेसर में रीजनल डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर (आरडीसी) का शिलान्यास किया है। इसके साथ ही कंपनी ने इनोवेशन एवं सस्टेनेबिलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ाया है। यह आरडीसी देश के सबसे बड़े अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स कैंपस में से एक होगा।

हरियाणा में अपने सप्लाई चेन इन्फ्रास्ट्रक्चर को और मजबूती देते हुए फ्लिपकार्ट ने सोनीपत में नए ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर (एफसी) की भी शुरुआत की है। वर्चुअल तरीके से इस सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल,



उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला, फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार और वाइस प्रेसिडेंट एवं सप्लाई चेन एंड कस्टमर एक्सपीरियंस हेड श्री हेमंत बद्री उपस्थित रहे। 140 एकड़ से ज्यादा में फैला आरडीसी प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से 10,000 से ज्यादा नौकरियां सृजित करते हुए स्थानीय स्तर पर रोजगार में योगदान देगा। फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर कल्याण कृष्णमूर्ति ने कहा, हम अपनी क्षमताओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर का लाभ लेते हुए समुदायों की सेवा सुनिश्चित करेंगे। मानेसर में आरडीसी का शिलान्यास और सोनीपत में नए ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर की लॉन्चिंग से हमारा सप्लाई चेन नेटवर्क और मजबूत होगा, जो राज्य में लोगों के जीवन की गुणवत्ता को निखारने एवं सामाजिक-आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

# एसएफजे आतंकी गुरपतवंत पन्नू की चंडीगढ़ और अमृतसर की संपत्ति जब्त

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़





**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी ने खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की पंजाब और चंडीगढ़ की प्रॉपर्टी को जब्त कर लिया है। पन्नू प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस का मुखिया है। वह कनाडा और दूसरे देशों से लगातार भारत विरोधी अभियान चलाता रहता है। हाल ही में कनाडा-भारत विवाद में उसने कनाडा में रहने वाले हिंदुओं को भी धमकी दी थी।

एनआईए ने अमृतसर के गांव खानकोट में पन्नू की 46 कनाल की प्रॉपर्टी जब्त की है। खानकोट पन्नू का पैतृक गांव है। यह कृषि भूमि है। वहीं चंडीगढ़ के सेक्टर 15 सी में पन्नू का घर है। पहले 2020 में इसे अटैच किया गया था। अब एनआईए ने इसे जब्त कर लिया। कानूनी तौर पर अब पन्नू इस प्रॉपर्टी का मालिक नहीं रहा। यह प्रॉपर्टी अब सरकार की हो गई है। भारत सरकार ने 2019 में आतंकी गतिविधियां चलाने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत पन्नू के संगठन एसएफजे पर प्रतिबंध लगाया था। गृह मंत्रालय ने अपनी अधिसूचना में कहा था कि सिखों के लिए जनमत संग्रह की आड़ में एसएफजे पंजाब में अलगाववाद और उग्रवादी विचारधारा को बढ़ा रहा है। पन्नू पर साल 2020 में अलगाववाद को बढ़ावा देने और पंजाबी सिख युवाओं को हथियार उठाने के लिए प्रोत्साहित करने का आरोप लगा। इसके बाद केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2020 को पन्नू को यू ए पी ए के तहत आतंकी घोषित किया। 2020 में सरकार ने एस एफ जे से जुड़े 40 से ज्यादा वेबपेज और यूट्यूब चैनलों को प्रतिबंधित किया। एस एफ जे और पन्नू के खिलाफ भारत में करीब एक दर्जन मामले दर्ज हो चुके हैं। इनमें पंजाब में देशद्रोह के तीन मामले भी हैं।

पंजाब पुलिस द्वारा तैयार किए गए डोजियर में एस एफ जे द्वारा कई वर्षों से सोशल मीडिया पर विभिन्न अलगाववादी बयानों के बारे में जानकारी दी गई थी। इनमें वह आतंकियों का समर्थन करता था। पन्नू सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय है। वह पंजाबी भाषा में ऑडियो और वीडियो संदेश जारी करता है। जिसमें वह पंजाबी युवाओं को भारत के खिलाफ भड़काता है। यही नहीं, पैसे का लालच देकर पंजाब-हरियाणा में सरकारी भवनों पर खालिस्तान का झंडा लगवा चुका है। इसके अलावा हाल ही में जी 20 मीटिंग के दौरान वह दिल्ली में मैट्रो स्टेशन पर खालिस्तानी नारे भी लिखवा चुका है।

आतंकी पन्नू ने कनाडा-भारत के बीच आतंकी हरदीप निज्जर के कत्ल को लेकर तनातनी के बीच 3 दिन पहले 2 वीडियो जारी किए थे। एक वीडियो में उसने कहा- कनाडा की धरती सिर्फ खालिस्तानियों के लिए हैं। खालिस्तानी कनाडा के साथ हर समय खड़े हैं, यहां के संविधान को मानते हैं।

आतंकी पन्नू ने कहा कि कनाडा के संविधान के अनुसार भी हिंदू यहां पर नहीं रह सकते हैं। उनका देश भारत है। उन्हें यहां रहने के लिए अपना धर्म बदलना होगा। दूसरे वीडियो में पन्नू ने 25 सितंबर को वैंकूवर, ओटावा और टोरंटो में भारतीय दूतावास बंद कराने की धमकी दी है। इसी के साथ एसएफजे ने डेथ ऑफ इंडिया यानी भारत मुर्दाबाद अभियान भी शुरू करने की बात कही है। सिख फॉर जस्टिस व सिखों के लिए अलग खालिस्तान की मांग करने वाला एक संगठन है। 2007 में अमेरिका में इसकी स्थापना की गई थी। गुरपतवंत सिंह पन्नू एसएफजे के संस्थापकों में से एक है।

## कल जेल भरो आंदोलन करेंगी आशा वर्कर


**कैथल।** आशा वर्करों द्वारा जारी जन संवाद कार्यक्रम के तहत आज शहर की आशा वर्करों ने लघु सचिवालय में जन संवाद पंचायत का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता प्रोमिला ने की व संचालन ज्योती ने किया। प्रोमिला ने कहा कि वर्ष 2005 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत लोगों और स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच के लिये आशाओं को लगाया गया था।

2005 में एक हजार जन्म लेने वाले शिशुओं में मृत्यु दर 58 थी जो 2023 में घटकर 26 हो गई है। एक लाख महिलाओं में प्रसव के दौरान 167 माताओं की मृत्यु होती थी जो घटकर 2022 में 95 आ गई है। डिलीवरी की संस्थागत दर 27 से बढ़कर 90 प्रतिशत से अधिक व टीकाकरण 43 प्रतिशत से बढ़कर 99 प्रतिशत हो गया है। यह आशा वर्करों की मेहनत के दम पर ही सम्भव हुआ है। सरकार आशाओं पर अतिरिक्त बोझ लाद कर शोषण कर रही है। मेहनताने के तौर फिक्स मासिक मानदेय केवल चार हजार रुपए है। इंसेंटिव भी 50 प्रतिशत कम कर दिया है। उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को लेकर आशा वर्कर्ज पीएचसी, सीएचसी, जिला व राज्य स्तर पर संबंधित अधिकारियों, मन्त्रियों व मुख्यमन्त्री के समक्ष अपनी मांगों को रख चुकी हैं लेकिन सुनवाई नहीं की गई। मजबूरिवश आशाओं को आठ अगस्त से हड़ताल पर आना पड़ा।

# अभय के साथ हुड्डा का भी राजनैतिक भविष्य तय करेगी इनेलो रैली की सफलता

## राष्ट्रीय नेताओं की रैली पर नजर

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक





**स्व.** चौधरी देवीलाल की जयंती पर 25 सितंबर को कैथल में होने वाली इनेलो की सम्मान दिवस रैली पर प्रदेश के साथ साथ देश के नेताओं की भी नजर है। इनेलो पार्टी हर साल ताऊ की जयंती मना कर प्रदेश में अपने जनाधार का शक्ति प्रदर्शन करती रही है लेकिन अब की बार इनेलो की यह रैली आगामी विधान सभा चुनावों में अपनी पार्टी को बचाये रखने व इंडिया गठबंधन में शामिल होने के प्रयास के लिए समर्पित मानी जा रही है।

साथ ही इनेलो को इस रैली की सफलता अभय के साथ साथ भूपेंद्र सिंह हुड्डा के राजनैतिक भविष्य को भी तय करती दिखाई दे रही है। जी हां! पढ़ने-सुनने में यह अजीब अवश्य लगेगा कि खुद के अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही इनेलो की इस रैली की सफलता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के राजनैतिक भविष्य को कैसे तय कर सकती है, लेकिन आज देश व प्रदेश के बदलते राजनैतिक परिपेक्ष में यह बात सही साबित होने जा रही है। देश की राजनीति में बदलते हालातों के चलते भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिये भाजपा के सभी विरोधी दलों को एक साथ लेकर बनाये गये इंडिया गठबंधन में सभी क्षेत्रीय दलों को शामिल किया गया है लेकिन राष्ट्रीय राजनीति में कभी विपक्षी गठबंधन का मुख्य चेहरा रहे स्व.चौधरी देवीलाल के बाद चौधरी औमप्रकाश चौटाला की पार्टी को अभी तक गठबंधन में शामिल नहीं किया गया है।


बेशक आज इनेलो मात्र एक विधायक की पार्टी बनकर रह गई है लेकिन अभी उनके पास एक तुरूप के पत्ते के रूप में अनुभवी नेता और राष्ट्रीय वक्ता के रूप में औमप्रकाश चौटाला मौजूद है और इंडिया गठबंधन में शामिल कई बड़े नेताओं के साथ औमप्रकाश चौटाला के घनिष्ठ संबंधों के चलते इनेलो के गठबंधन में शामिल होने की चर्चा जोरों पर है।

वहीं, गठबंधन के नेता भी किसी क्षेत्रीय दल को फ्री छोड़कर भाजपा का कुनबा बढ़ाने के पक्षधर नहीं है जिसके चलते शीघ्र ही इनेलो का गठबंधन में शामिल होना तय माना जा रहा है। दूसरी तरफ इनेलो का गठबंधन में शामिल होना प्रदेश कांग्रेस के एक गुट को किसी भी सुरत में रास नहीं आ रहा है क्योंकि इनेलो व कांग्रेस की राजनीति धुर विरोधी रही है और दोनो ही पार्टी एक दुसरे का विरोध करके सत्ता सुख भोगती आई है।

लेकिन आज बदली विषम परिस्थितयों के चलते इनेलो का गठबंधन में शामिल होना उसके लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं होगा क्योंकि आज प्रदेश की राजनीति में अलग थलग पड़ी इनेलो को इंडिया गठबंधन में शामिल होने पर न केवल राष्ट्रीय स्तर पर मंच सांझा करने का मौका मिलेगा अपितु अनुभवी औमप्रकाश चौटाला द्वारा प्रदेश की मुख्यधारा की राजनीति करना आसान हो जायेगा,जिससे इनेलो की स्थिती मजबूत होना तय है।

# राज्यपाल ने मातृभूमि की रक्षा करने वाले वीर योद्धाओं को नमन किया

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़





**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्प चक्र चढ़ाकर देश के आजादी आंदोलन तथा बाद में मातृभूमि की रक्षा करने वाले वीर योद्धाओं को नमन किया।

अमर शहीद राव तुलाराम ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम और आजादी के आंदोलन में महत्ती भूमिका निभाई थी। श्री दत्तात्रेय ने कहा कि भारत की आजादी के लिए अंग्रेजी हुकूमत को उखाड़ने में राव तुलाराम जैसे हरियाणा और देश के वीरों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। ऐसे महान सपूतों को शत्‌शत् नमन एवं वन्दन है। दत्तात्रेय ने कहा कि देश की संप्रभुता एवं अखंडता की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले हमारे वीर जवान देश की शान हैं।

हम अपने वीर जवानों के सदैव ऋणी हैं, जो सरहदों की रक्षा के लिए तत्पर खड़े हैं और उनकी बदौलत आज हम सुरक्षित हैं। गौरतलब है कि 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में इस राष्ट्रीय समर स्मारक का निर्माण नई दिल्ली में इंडिया गेट के निकट किया गया है, जिसमें अमर जवान ज्योति स्थापित की गई जिसकी लौ निरंतर जलती रहती है जो शहीदों की शहादत व बलिदानियों के सर्वोच्च बलिदान की याद दिलाती रहती है। इस स्मारक में सेना, नौसेना और वायुसेना के तीन सशस्त्र बलों के लगभग 26500 सैनिकों की शहादत को प्रस्तुत किया गया है।

# प्रत्येक व्यक्ति को रोजाना 30 से 40 मिनट के योग की आदत को दिनचर्या का हिस्सा बना लेना चाहिए : गुलाटी

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**मेरा** मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत सेक्टर 13 करनाल में योग शिविर का शुभारंभ किया गया। कक्षाओं के विस्तार के अंतर्गत मिशन के संस्थापक योग गुरु दिनेश गुलाटी ने पार्क नंबर दो,पार्क एनक्लेव सेक्टर 13 के निवासियों की मांग पर लगाए गए योग शिविर में योग गुरु दिनेश गुलाटी ने योग की विधि, अभ्यास और लाभ के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि इस मिशन का उद्देश्य भारत के हर व्यक्ति को स्वस्थ करना है।

योग एक ऐसी शक्ति है जिससे मनुष्य आंतरिक और बाह्य दोनों रूप से स्वस्थ रह सकता है। मिशन के शिक्षक नीलम बटला, निधि गुप्ता, एनएफ चौधरी के साथ सदस्य अनुज जैन, रिंकी जैन, और नरेंद्र चौधरी ने भी कई तरह के योग करवाए। दिनेश गुलाटी ने इस दौरान कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रोजाना 30 से 40 मिनट के योग की आदत को दिनचर्या का हिस्सा बना लेना चाहिए। योग वजन घटाने से लेकर डायबिटीज, कोलेस्ट्रोल, टॉक्सिन, गैस, एसिडिटी को कम करने के साथ-साथ पाचन क्रिया और सभी क्रियाओं को मजबूत करने, हृदय को स्वास्थ्य वर्धक बनाने में मदद कर सकता है।

## मेंटेनेंस कार्य की वजह से कई इलाकों में आज बिजली रहेगी बाधित: एसडीओ

**कैथल।** यूएचबीवीएन नंबर 2 के उप मंडल अधिकारी ने बताया कि 24 सितंबर को 220 केवी सब स्टेशन में सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक सब स्टेशन तकनीकी कार्य किया जाएगा। इस दौरान 33 केवी पावर हाउस तितरम, 33 केवी पावरहाउस ड्योड खेड़ी, 33 केवी पावर हाउस चंदाना की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। इसी प्रकार 33 केवी सब स्टेशन सजुमा में सुबह 8 बजे से लेकर सुबह 10 बजे तक सब स्टेशन में मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर के 12 बजे तक 33 केवी सीवन गेट पावर हाउस से चलने वाली लाइनें एसटीपी, अर्जुन नगर, प्रताप गेट, जेल व चंदाना गेट स्पेशल मैंटेनेंस के दौरान बंद रहेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### फिर सर्वसहमति से बने प्रधान दीवान कुलदीप सिंह चौपड़ा



**करनाल।** सरदार बहादुर सरदार बलवंत सिंह टैक्नीकल एन्ड साईटिफिक एजुकेशन सोसाइटी करनाल का प्रधान चुन लिया गया।सोसाइटी द्वारा संचालित एसबीएस सीनियर सैकेंडरी स्कूल में कार्यकारिणी के चुनाव में दीवान कुलदीप सिंह चोपड़ा सर्वसम्मति से पुन: संस्थान के प्रधान चुने गये। उनके साथ अचरण सिंह एडवोकेट को उप प्रधान व गुरविन्दर पाल सिंह एडवोकेट को सचिव व प्रबन्धक तथा सरदार रघुबीर सिंह चावला एडवोकेट को कोषाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गयी। इस अवसर पर प्रिंसिपल हरजीत कौर चावला, डेरा कारसेवा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रपाल सिंह, शेखपुरा खालसया सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रबंधन समिति के महासचिव गुरपाल सिंह डोनी एवं स्टाफ के दवारा उनको फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। नवनियुक्त प्रधान ने आश्वासन दिया कि स्कूल के समस्त कार्यों में सभी सदस्यों को साथ लेकर चलेंगें उन्होंने कहा कि स्कूल को वह नई ऊंचाइयों तक ले कर जाएंगे। इस अवसर पर संस्थान के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे जिनमें डॉ. जोगिन्द्र सिंह गिल, डॉ. सतपाल कौर नलवा, सरदार रघुबीर सिंह चावला, सरदार मंजीत सिंह जी कंवल, सरदार महेन्द्रजीत सिंह, सरदार स्वर्ण सिंह ।

### सेवा से बड़ा कोई भाव नहीं: हर्ष



हर्ष बुरा

**कैथल।** एनएसएस स्वयं सेवक हर्ष बुरा ने बताया कि 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना का फाउंडेशन दिन मनाया जाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरुवात भारत में 1969 से हुई थी। वर्तमान समय में एनएसएस 396 विश्वविद्यालयों, 16331 कॉलेजों और 28621 स्कूलों में है। इस में लगभग 3.86 मिलियन भारत का युवा जुड़ा हुआ है। राष्ट्रीय सेवा योजना का आदर्श वाक्य मैं नहीं बल्कि आप है। राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर छात्र सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने खुद के व्यक्तित्व को विकसित करता है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र से जोड़ना है। हर्ष बुरा ने बताया कि उसका एनएसएस में चौथा साल है, वह पहले 3 साल जाट कॉलेज कैथल में और अब कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में मास्टर ऑफ सोशल वर्क के माध्यम से एनएसएस में जुड़ा हुआ है। उसने एनएसएस में राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर, विश्वविद्यालय और जिला स्तर पर अनेक शिविरों में हिस्सा लिया है। राष्ट्रीय सेवा योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, रक्तदान, जन चेतना इनके साथ साथ समाज में युवाओं के माध्यम से अनेक विकास करता है।

# झूठी शान के लिए नाबालिग बेटी का कत्ल

पायनियर समाचार सेवा। कैथल



## दूसरी जाति के लड़के से प्रेम करती थी मृतका

**जनपद** के एक गांव में एक पिता ने ऑनर किलिंग के चलते अपनी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी का गला दबा कर हत्या कर दी और आत्महत्या बता कर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

हालांकि घटना 16 सितंबर रात की है लेकिन एक सप्ताह बाद इसकी सूचना मिली तो पुलिस थाना पूंडरी में लड़की के पिता सहित तीन लोगों के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया है। दर्ज मामले के अनुसार इस गांव की एक लड़की 12 अगस्त 2023 को साथ लगते एक गांव के अनुसूचित जाति के एक लड़के के साथ घर से चली गई थी। इस संदर्भ में थाना पूंडरी में केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने अगले ही दिन आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसे 14 अगस्त को अदालत में पेश कर दिया था। अदालत ने युवक को जेल भेज दिया और लड़की को उसके माता-पिता के साथ भेज दिया। तब से वह अपने घर पर ही रह रही थी।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार इस घटना के बाद लड़की के पिता शर्मिंदगी महसूस करने लगे थे कि उसकी बेटी एक अनुसूचित जाति के लड़के साथ चली गई थी।

## केंद्रीय विद्यालय में पोषण माह की गतिविधियों का आयोजन

**जालंधर।** केंद्रीय विद्यालय संगठन के निर्देशानुसार सितंबर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। मासिक गतिविधियों में सभी विद्यार्थियों ने पंच प्राण की शपथ लेकर जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ ली गई। विज्ञान शिक्षक सुखविंदर ने पोषण की जानकारी देकर अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। प्राथमिक विभाग द्वारा मिलेट (मोटा अनाज) की प्रदर्शनी लगाकर जानकारी दी गई। प्राचार्य ने पोषण को व्यक्तिगत दायित्व बताते हुए कहा कि सभी को अपने पोषण का ध्यान रखना चाहिए। मोटे अनाज इसमें बड़ी भूमिका निभाते हैं। विज्ञान विभाग ने मोटे अनाज के प्रचार प्रसार में सबको सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। आगामी दिनों में अभिभावक जागरूकता, योग गतिविधियां का आयोजन किया जाएगा ।

# नगर निगम में की स्वास्थ्य मेले का आयोजन कर सफाई कर्मियों की जांच

## डॉक्टरों ने स्वस्थ रहने के बताए उपाय

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



स्वास्थ्य जांच शिविर में जांच करवाते सफाई कर्मचारी।

**आयुष्मान** भव योजना के तहत उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार के निर्देशन में शनिवार को सफाई कर्मचारियों के लिए नगर निगम परिसर में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें सफाई कर्मियों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। स्वास्थ्य जांच करवाने वाले लोगों को स्वास्थ्य विभाग की ओर दवाइयों का वितरण भी निशुल्क रूप से किया गया।

सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार के नेतृत्व में आयुष्मान भव कार्यक्रम जिले में चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य मेले आयोजित किये जा रहे हैं। इस कड़ी में नगर निगम में आयोजित स्वास्थ्य मेले में पहुंचे लोगों को सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार ने स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने निरोगी हरियाणा, एनसीसी तथा आयुष्मान चिरायु योजना आदि की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। सिविल सर्जन ने कहा कि स्वास्थ्य मेलों में स्वास्थ्य जांच के साथ आयुष्मान कार्ड भी बनाये जा रहे हैं। सोनीपत में 6 लाख 14 हजार लाभार्थी हैं, जिन्हें योजना का लाभ मिलेगा। इनमें से 4 लाख 35 हजार लाभार्थियों के कार्ड बनाये जा चुके हैं। शेष लाभार्थियों के कार्ड व आभा आईडी बनाई जाएगी।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने आईसीसीडब्ल्यू लॉन्च किया

पायनियर समाचा सेवा। हिसार

**उत्कर्ष** स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (यूएसएफबीएल या बैंक) ने आज एक अभिनव सेवा शुरू करने की घोषणा की, जो कैश विड्रॉल के अनुभवों में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक प्रक्रिया-केंद्रित, प्रौद्योगिकी-संचालित और ग्राहक-उन्मुख सेवाओं की पेशकश करने के लिए समर्पित है जो एक विश्वसनीय, स्केलेबल और टिकाऊ संस्थान की ओर ले जाता है, जो सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाता है।

बैंक को इंटरऑपरेबल कार्डलेस कैश विड्रॉल सेवा के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो अपने एटीएम नेटवर्क पर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) का उपयोग करती है। यह मई 2022 में भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्देश के अनुरूप है, जिसमें सभी बैंकों से अपने एटीएम पर इंटरऑपरेबल कार्डलेस कैश विड्रॉल विकल्प प्रदान करने का आग्रह किया गया है, और उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने इस आदेश को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभाई है।

आईसीसीडब्ल्यू सेवा उन बैंक ग्राहकों को सशक्त बनाती है जो यूपीआई पर सक्रिय हैं। वे डेबिट कार्ड की आवश्यकता के बिना, यूपीआई, एटीएम, आईसीसीडब्ल्यू) लेनदेन के लिए निर्दिष्ट उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के एटीएम से आसानी से नकदी निकालने में सक्षम बनाते हैं। विशेष रूप से, यह अभूतपूर्व सेवा न केवल उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के ग्राहकों को बल्कि अन्य बैंकों के ग्राहकों को भी सुविधा प्रदान करती है जो अपने मोबाइल पर बीएचआईएम उत्कर्ष, बीएचआईएम यूपीआई या किसी अन्य आईसीसीडब्ल्यू-सक्षम यूपीआई एप्लिकेशन का उपयोग करते हैं। यह एक रोमांचक विकास है जो ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस अवसर पर उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रबंध निदेशक श्री गोविंद सिंह ने कहा, यह एक उल्लेखनीय संशोधन है, जो किसी भी कार्ड की आवश्यकता के बिना, मोबाइल फोन पर यूपीआई ऐप का उपयोग करने से एटीएम तक पहुंचने में स्थानांतरित हो रहा है। यह अगली पीढ़ी के बैंकिंग समाधानों का प्रतीक है, जो हमारे महत्वपूर्ण उपभोक्ताओं को अत्यधिक सुविधा प्रदान करता है।

उन्होंने आगे कहा, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक बैंकिंग नवीनीकरण में अग्रणी है, जो हमारे मूल्यवान ग्राहकों के लिए हर दिन के वित्तीय लेनदेन को अधिक सुलभ, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाता है।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से ली उपायुक्तों की विशेष बैठक

## विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



मुख्यमंत्री की वीडियो कांफ्रेंस में भाग लेते जिले के प्रमुख अधिकारी।

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शनिवार को सुबह वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उपायुक्तों की बैठक लेते हुए, विभिन्न कार्यक्रमों व योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जनसुनवाई और लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाए। सभी उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक नियमित तौर पर अपने कार्यालय में लोगों की समस्याओं की सुनवाई के साथ निपटान करें।

वीडियो कान्फ्रेंस के जरिये मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने विशेष रूप से कई योजनाओं व कार्यक्रमों पर चर्चा की। इनमें जनसंवाद कार्यक्रमों के दौरान की जाने वाली मांगों व शिकायतों का निवारण, पीडब्ल्यूडी की सड़कों का पुनर्निर्माण व मरम्मत, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की सड़कों के निर्माण की समीक्षा व तीन एवं चार चार करम के रास्तों की मैपिंग, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, फसल खरीद की तैयारियां, रबी सीजन के लिए खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करना, स्वामित्व योजना, तहसीलों में एसडीएम व डीआरओ द्वारा रजिस्ट्री कार्य, मुख्यमंत्री घोषणाओं को लागू करना तथा मेरी माटी मेरा देश और लिंगानुपात की समीक्षा शामिल रहे।

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने प्राप्त दिशा-निर्देशों की समयबद्धता के साथ पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते हुए वीडियो कान्फ्रेंस के उपरांत संबंधित अधिकारियों की मौके पर ही बैठक ली। उन्होंने जिला स्तर पर सभी कार्यक्रमों व योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने विधानसभाओं में विधायकों द्वारा प्रस्तावित 25-25 किलोमीटर की सड़कों के निर्माण की रिपोर्ट तलब करते हुए कहा कि इनमें गुणवत्ता के साथ समयसीमा का पूरा ध्यान रखें। इनके अलावा पीडब्ल्यूडी की अन्य सड़कों का भी सुधारीकरण किया जाए। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की सड़कों के पुनर्निर्माण एवं सुधारीकरण के विषय में भी उन्होंने विशेष निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कृषि एवं किसान कृयाण विभाग के अधिकारियों से रबी सीजन के लिए खाद की उपलब्धता को लेकर जानकारी ली, जिस पर डीडीए डॉ. पवन शर्मा ने बताया कि आगामी माह में खाद की आपूर्ति होगी। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि किसानों की मांग का विशेष ध्यान रखते हुए उपलब्धता सुनिश्चित करें। मेरी फसल मेरा ब्यौरा के तहत मिसमैचिंग को दूर करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि पटवारी स्वयं मौके पर जाकर रिपोर्ट तैयार करें। साथ ही उन्होंने पराली प्रबंधन के भी विशेष निर्देश दिए। मुख्यमंत्री घोषणाओं को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणाओं को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर समयबद्धता के साथ कार्य को पूरा करवाये। यदि किसी प्रकार की कोई तकनीकी या प्रशासकीय समस्या आती है तो निवारण के लिए वे हर वक्त उपलब्ध हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन गांवों में लिंगानुपात कम है उनमें आंगनवाड़ी वर्करों की अलग से बैठक लेते हुए कड़े निर्देश दें।

बिधूड़ी के बयान को लेकर बीजेपी पर निशाना साध रहे विपक्षी

# बिधूड़ी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी: ओवैसी

### एआईएमआईएम चीफ बोले, संभावना है उन्हें भाजपा दिल्ली अध्यक्ष बना दिया जाए

एजेंसी। नई दिल्ली

**लोकसभा** में 21 सितंबर को बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी ने बीएसपी सांसद दानिश अली को गालियां दीं और धर्म से जुड़ी अभद्र टिप्पणी की। भाजपा सहित देश की आठ राजनीतिक पार्टियों ने बिधूड़ी के बयान की निंदा की है। इसमें भाजपा भी शामिल है।

कांग्रेस, डीएमके, एनसीपी और टीएमसी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखा और बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने दावा किया कि बिधूड़ी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी। उन्होंने कहा- संभावना है उन्हें भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बना दिया जाए। आज भारत में मुसलमानों के साथ वैसा ही सलूक हो रहा है, जैसा हिटलर के जर्मनी में यहूदियों के साथ किया जाता था।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश बोले कि उन्होंने जो कहा है वह निंदनीय है। रक्षा मंत्री की माफी नाकाफी है। सदन के अंदर या बाहर ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। यह रमेश बिधूड़ी नहीं, बल्कि भाजपा पार्टी की सोच है। हमारी मांग है कि रमेश की सदस्यता रद्द की जानी चाहिए। नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला बोले कि अगर उन्होंने केवल आतंकवादी कहा होता तो हमें इसकी आदत है। उन शब्दों को पूरे मुस्लिम समुदाय के लिए कहा गया। भाजपा से जुड़े मुस्लिम इसे कैसे बर्दाश्त कर सकते हैं? इससे पता चलता है कि वे हमारे बारे में क्या सोचते हैं? उन्हें शर्म आनी चाहिए। बिहार के डिप्टी सीएम और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव- भाजपा के सांसद ने सभी मर्यादाओं को पार कर दिया है।

इस तरह से गली के मवाली बात करते हैं। उन पर कोई कार्रवाई नहीं होगी, क्योंकि वो भाजपा में हैं। उन्हें गाली देने का अधिकार है। आप सांसद संजय सिंह बोले, बीजेपी



गुंडागर्दी कर रही है। बिधूड़ी की भाषा एक गुंडे, माफिया की भाषा है। दानिश अली का अपमान सभी विपक्षी सांसदों का अपमान है। टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा बोले कि मुसलमानों-ओबीसी को गाली देना भाजपा की संस्कृति है। कइयों को अब इसमें कुछ भी गलत नहीं दिखता। पीएम मोदी ने भारतीय मुसलमानों को अपनी ही धरती पर डरकर जीने पर मजबूर कर दिया है। बीएसपी प्रमुख मायावती ने कहा कि दानिश अली के खिलाफ सदन में आपत्तिजनक टिप्पणी को स्पीकर ने रिकार्ड से हटाकर उन्हें चेतावनी भी दी है। वरिष्ठ मंत्री ने सदन में माफी मांगी है, लेकिन पार्टी ने उन पर कार्रवाई नहीं की, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

### रविशंकर प्रसाद, हर्षवर्धन ने विवाद से किनारा किया

**जब** रमेश बिधूड़ी सदन में अमर्यादित भाषा बोल रहे थे तो उनके पीछे बैठे पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और डॉ. हर्षवर्धन हंसते हुए कैमरे में रिकॉर्ड किए गए। सोशल मीडिया पर लोगों ने उन्हें ट्रोल किया, जिसके बाद दोनों ने सफाई दी। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा, संसद के अंदर और संसद के बाहर हमने हमेशा मर्यादित आचरण का समर्थन किया है और मैं स्वयं भी इसका पालन करता हूं। मैं ऐसी किसी भी टिप्पणी का समर्थन नहीं करता हूं जो अमर्यादित है।

### दानिश अली से मिले राहुल गांधी

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने बीएसपी सांसद कुवर दानिश अली से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान राहुल ने दानिश अली को गले लगाया। उन्होंने इसकी फोटो एक्स (जो पहले ट्विटर था) पर शेयर की। कैप्शन में लिखा- नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान।% इस मुलाकात के दौरान राहुल के साथ कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल भी मौजूद रहे।

## किसान संगठनों ने पंजाब में 28 सितंबर से तीन दिवसीय रेल रोको आंदोलन का आह्वान किया

**चंडीगढ़।** पंजाब में हाल में आई बाढ़ से हुए नुकसान के लिए आर्थिक पैकेज, न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी और कर्ज माफी समेत अपनी मांगों के समर्थन में कई किसान संगठनों ने शनिवार को पंजाब में 28 सितंबर से तीन दिवसीय रेल नाकाबंदी की घोषणा की।

इस निर्णय की घोषणा किसान मजदूर संघर्ष समिति के महासचिव सरवन सिंह पंधेर ने 19 किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद की। विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले अधिकतर किसान संगठन पंजाब से हैं। हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ संगठन भी आंदोलन का समर्थन करेंगे।

पंधेर ने कहा कि किसान अन्य मुद्दों के अलावा उत्तर भारत में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए आर्थिक पैकेज, सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कर्ज माफी की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब के मोगा, होशियारपुर, गुरदासपुर, जालंधर, तरनतारन, संगरूर, पटियाला, फिरोजपुर, बठिंडा और अमृतसर में 12 स्थानों पर रेल रोको आंदोलन किया जाएगा।

# जातिगत जनगणना से डरते क्यों हैं प्रधानमंत्री : राहुल गांधी

### बोले, केंद्र सरकार परिसीमन व नई जनगणना का बहाना बनाकर इसे 10 साल टालना चाहती है

एजेंसी। जयपुर



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना की वकालत करते हुए शनिवार को कहा कि देश के प्रधानमंत्री जातिगत जनगणना से डरते क्यों हैं? राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री को जातिगत जनगणना के आंकड़े देश के सामने रखने चाहिए।

दावा किया कि संसद व विधानसभाओं में महिला आरक्षण को आज ही लागू किया जा सकता है लेकिन केंद्र सरकार परिसीमन व नई जनगणना का बहाना बनाकर इसे 10 साल टालना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि महिला आरक्षण आज ही लागू हो। राहुल गांधी ने यहां पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जातिगत जनगणना की वकालत की और कहा, अगर हम अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को भागीदारी देने की बात करते है तो बिना जातिगत जनगणना के यह नहीं किया जा सकता है। अगर प्रधानमंत्री 24 घंटे ओबीसी की बात करते हैं। ओबीसी की इज्जत की बात करते हैं। तो फिर प्रधानमंत्री जातिगत जनगणना से क्यों डरते हैं? उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री अपने अगले भाषण में आप हिंदुस्तान को बता दीजिए, कांग्रेस पार्टी ने जातिगत जनगणना करवाई थी, आंकड़े आपके पास हैं, उन आंकड़ों को आप हिंदुस्तान के सामने रख दीजिए।

हिंदुस्तान की जनता को दिखा दीजिए, और अगली जनगणना आप जातिगत आधार पर करवाइए । ओबीसी का अपमान मत कीजिए... ओबीसी को धोखा मत दीजिए। कांग्रेस नेता ने लोकसभा व विधानसभाओं में महिला आरक्षण को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, भाजपा के लोग कहते हैं कि महिला आरक्षण लागू करने से पहले नई जनगणना व नए परिसीमन की जरूरत है। यह सच नहीं है... महिला आरक्षण को लागू करने के लिए, विधानसभा व लोकसभा की 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं को आज दी जा सकती हैं। मगर इन्होंने बहाना बनाया है। ये चाहते हैं कि महिला आरक्षण दस साल में लागू हो। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि महिला आरक्षण आज लागू हो और ओबीसी महिलाओं को महिला आरक्षण का फायदा मिले। राहुल ने कहा कि देश में भाजपा व कांग्रेस पार्टी में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा, अगर आप भाजपा कार्यकर्ताओं से अडाणी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रिश्ते के बारे में पूछेंगे तो वे भाग जाएंगे। कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

## हेमंत सोरेन ने ईडी के समन को झारखंड उच्च न्यायालय में चुनौती दी

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को झारखंड उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कथित धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उन्हें समन भेजे जाने को चुनौती दी है। उनके वकील ने यह जानकारी दी।

उच्चतम न्यायालय ने 18 सितंबर को धन शोधन से जुड़े कथित मामले में ईडी की ओर से जारी समन के खिलाफ सोरेन की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने मामले में राहत के लिए सोरेन को झारखंड उच्च न्यायालय का रुख करने की छूट दे दी थी। सोरेन के वकील पीयूष चित्रेश ने बताया कि मुख्यमंत्री ने ईडी द्वारा उन्हें जारी समन को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। ईडी ने सोरेन को 14 अगस्त को रांची में संघीय एजेंसी के कार्यालय में पेश होने और धन शोधन रोकथाम कानून के तहत बयान दर्ज कराने के लिए समन भेजा था। सोरेन पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों का हवाला देकर कथित रक्षा भूमि घोटाला मामले में भी ईडी के बुलाने पर पेश नहीं हुए थे। ईडी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता सोरेन (48) से राज्य में कथित अवैध खनन से जुड़े धन शोधन मामले में पिछले साल 17 नवंबर को नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी।

### कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ बोले

# जिस सरकार की प्राथमिकता नौजवान न हों, उसे लात मारकर हटा देना चाहिए

एजेंसी। इंदौर

**कांग्रेस** की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने शनिवार को राज्य की भाजपा सरकार पर बेरोजगार युवाओं की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया और कहा कि जिस सरकार की प्राथमिकता नौजवान न हो, उसे लात मारकर हटा देना चाहिए।

कमलनाथ ने इंदौर में युवाओं की आयोजित बेरोजगार महापंचायत में कहा, राज्य के कई बेरोजगार युवाओं ने मुझे पत्र दिया है कि सरकारी पदों पर उनकी भर्ती के बावजूद उन्हें नियुक्ति नहीं दी जा रही है। यह बड़ी चिंता का विषय है। मुझे ताज्जुब होता है कि राज्य में आखिर कैसी सरकार चल रही है? उन्होंने राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, जिस सरकार की प्राथमिकता नौजवान न हो, उस सरकार को लात मारकर हटा देना चाहिए।



कमलनाथ ने सूबे में पटवारियों की भर्ती में घोटाले का आरोप लगाते हुए घोषणा की कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनने पर इस कथित घोटाले की स्वतंत्र जांच कराई जाएगी। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इंदौर में आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलनों के नाम पर नौटंकी करते हुए सूबे में करोड़ों रुपये का निवेश लाने का झूठा दावा करते हैं।

उन्होंने कहा, चौहान एक लाख नौजवानों को रोजगार देने की घोषणा करते हैं, लेकिन वह राज्य सरकार के खाली पद भर दें, वही बहुत है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राज्य की भाजपा सरकार के राज में भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा, सूबे में पंचायत से मंत्रालय तक भ्रष्टाचार का तंत्र विकसित कर दिया गया है। कमलनाथ ने भाजपा सरकार के राज में 250 घोटालों का आरोप लगाया और कहा कि इन गड़बड़ियों के चलते मध्यप्रदेश का नाम घोटाला प्रदेश हो गया है।

## गुजरात सरकार ने बाढ़ प्रभावित किसानों के लिए राहत पैकेज की घोषणा की

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने 16 से 18 सितंबर के बीच भरूच, नर्मदा और वडोदरा जिलों में उफनती नर्मदा नदी से प्रभावित किसानों के लिए एक विशेष राहत पैकेज की शनिवार को घोषणा की। नदी में आई बाढ़ के कारण तीन जिलों में खड़ी फसलों को हुए अनुमानित नुकसान पर एक रिपोर्ट के आधार पर, किसानों को उन्हें क्षति से बचाने के लिए प्रदेश सरकार ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के अलावा राज्य के बजट से एक विशेष राहत पैकेज प्रदान करने का निर्णय लिया है। सरकार ने कहा कि पैकेज का लाभ उन किसानों को दिया जाएगा।

## जयपुर हेरिटेज नगर निगम की महापौर मुनेश गुर्जर फिर से निलंबित

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने जयपुर हेरिटेज नगर निगम की महापौर मुनेश गुर्जर को पद के दुरुपयोग के आरोप में एक बार फिर निलंबित कर दिया है। रिश्वतखोरी के एक मामले में कथित संलिप्तता को लेकर गुर्जर के खिलाफ न्यायिक जांच चल रही है। इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने महापौर के पति सुशील गुर्जर तथा दो अन्य को पिछले महीने पकड़ा था। स्वायत्त शासन विभाग ने गुर्जर के महापौर पद पर बने रहने से लंबित न्यायिक जांच के प्रभावित होने की आशंका का हवाला देते हुए शुक्रवार देर रात निलंबन का आदेश जारी किया। उन्हें मेयर पद और वार्ड 43 के पार्षद पद से निलंबित कर दिया गया है। गुर्जर को इससे पहले, पांच अगस्त को निलंबित किया गया था।

# एएमयू में छात्र नेता की गिरफ्तारी के बाद छात्रों का हंगामा



एजेंसी। अलीगढ़ (उप्र)

**अलीगढ़** मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में प्रदर्शनकारी छात्रों ने एक छात्र नेता की गिरफ्तारी के बाद हंगामा किया और परिसर के दो मुख्य प्रवेश द्वारों को अवरूद्ध कर दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार छात्र फरहान जुबैरी को पिछले 26 जुलाई को हुई हिंसा की एक घटना के सिलसिले में गैर जमानती वारंट के तहत शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। इस घटना में सात लोगों को नामजद किया गया था और छह की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि जुबैरी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148 और 153 ए सहित कई अन्य मामले दर्ज थे। सिविल लाइंस के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अशोक सिंह ने बताया कि जुबैरी को शुक्रवार को सड़क किनारे वाहनों की जांच के दौरान पुरानी चुंगी क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया गया और विधिक प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कल शाम एक अन्य छात्र नेता ज़ैद शेरवानी को भी हिरासत में लिया था जो एक अन्य मामले में वांछित था, लेकिन कुछ समय बाद उसे छोड़ दिया गया।

इन घटनाओं की खबर फैलते ही छात्रों का एक बड़ा समूह परिसर से सटे दोनों स्थानों पर एकत्र हो गया। इस बीच सुरक्षा उपाय के तौर पर परिसर और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एएमयू के प्रॉक्टर मोहम्मद वसीम ने बताया कि जुबैरी शोध छात्र है और सुलेमान हॉल का निवासी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के दोनों मुख्य द्वारों को फिर से खोलने का प्रयास किए जा रहे हैं।

## अमेरिका: भारतीय नागरिक को धनशोधन की साजिश में 10 साल की कैद

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कोलोराडो की एक अदालत के अटॉनी कार्यालय ने कहा कि एक भारतीय नागरिक को धन शोधन की साजिश रचने के जुर्म में 10 साल की जेल की सजा सुनाई गई है।

जारी एक मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार, ध्रुव जानी (40) को 11 लाख डॉलर की क्षतिपूर्ति का आदेश भी दिया गया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, जानी एक सरकारी अधिकारी बनकर धनशोधन करने की साजिश का हिस्सा था। अमेरिका में इस धोखाधड़ी के पीड़ितों से टेलीफोन के जरिए संपर्क किया गया और उन्हें यह विश्वास दिलाया गया कि वे संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के एजेंट की जांच के घेरे में हैं। संघीय अभियोजकों ने बताया कि पीड़ितों को बताया गया कि वे एक आपराधिक घटना से जुड़े हैं और कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने उन्हें तुरंत गिरफ्तार करने या अमेरिका से प्रत्यर्पित करने का आदेश दिया तथा वे सरकार को भारी-भरकम रकम देकर इससे बच सकते हैं। सामाजिक सुरक्षा प्रशासन के महानिरीक्षक गैल एस एनिस ने कहा, यह सजा जानी को सामाजिक सुरक्षा और सरकारी धोखाधड़ी के उनके दुर्भावनापूर्ण कृत्यों के लिए जिम्मेदार ठहराती है।

# राम राज्य में अच्छी और नि:शुल्क शिक्षा स्वास्थ्य सुविधाएं होनी चाहिए: केजरीवाल

एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि अगर कोई राम राज्य की कल्पना करता है तो उसमें सभी को अच्छी और नि:शुल्क शिक्षा तथा स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं मिलनी चाहिए।

यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि सभी को अच्छी शिक्षा तथा स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं मिलनी चाहिए और आम आदमी पार्टी (आप) नीत दिल्ली सरकार इस दिशा में काम करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने शनिवार को दिल्ली सरकार के अरुणा आसफ अली अस्पताल की नई ओपीडी (बाह्य रोग विभाग) इमारत का



उद्घाटन किया और वहां मरीजों से बातचीत भी की। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार का ध्यान स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा पर केंद्रित है और बड़े पैमाने पर विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों में अभी करीब 10,000 बिस्तर हैं। उन्होंने कहा कि 11 नए अस्पताल बनाए जा रहे हैं और पुराने अस्पतालों में बुनियादी ढांचे को उन्नत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में 16,000 और बिस्तर उपलब्ध कराए जाएंगे। आगामी दशहरा और दीपावली उत्सव के संदर्भ में दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, हम भगवान राम की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा, राम राज्य की बात की जा रही है। मैं कह नहीं सकता कि हम राम राज्य के करीब पहुंच सकते हैं। लेकिन अगर हम राम राज्य की कल्पना करते हैं तो उसमें सभी को अच्छी और नि:शुल्क शिक्षा तथा स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं मिलनी चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं सभी को उपलब्ध होनी चाहिए भले ही वे अमीर हो या गरीब और हमारी सरकार उस दिशा में काम करने का प्रयास कर रही है।

### यूपी: रंगदारी के मामले में सपा के तीन नेताओं पर केस

**प्रतापगढ़ ( उप्र )।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले की नगर कोतवाली पुलिस ने समाजवादी पार्टी (सपा) के तीन नेताओं के खिलाफ कथित तौर पर रंगदारी मांगने और धमकी देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अपनी ही पार्टी के एक नेता से दस लाख रुपए की रंगदारी मांगने और धमकी देने के आरोप में सपा के जिलाध्यक्ष सहित तीन लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि नगर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को पीड़ित की तहरीर के आधार पर सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव, जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, पार्टी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष गुलशन यादव और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 386 और 506 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा

# दानिश अली के अशोभनीय आचरण की भी जांच की जाए

### बिधूड़ी की टिप्पणियों को संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया गया है



एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को कहा कि लोकसभा अध्यक्ष को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सांसद दानिश अली के अशोभनीय आचरण और टिप्पणियों की भी जांच करनी चाहिए।

अली के खिलाफ सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी ने हाल में लोकसभा में आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। दुबे ने बिधूड़ी की टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि कोई भी सभ्य समाज उन्हें सही नहीं ठहरा सकता। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष को दानिश अली की अशोभनीय टिप्पणियों और आचरण की भी जांच करनी चाहिए। लोकसभा के नियमों के तहत किसी सांसद को आवंटित समय के दौरान उनके बोलते वक्त टोकना, बैठे-बैठे बोलना और लगातार टीका-टिप्पणी करने के लिए भी सजा का प्रावधान है। दुबे ने कहा कि वह करीब 15 वर्ष से लोकसभा सदस्य हैं और हर वक्त सदन में मौजूद रहे हैं तथा दूसरों की तुलना में सदन में अधिक वक्त बिताते हैं। उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं ऐसा भी दिन देखूंगा।

बिधूड़ी द्वारा लोकसभा में दानिश अली के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किए जाने पर शुक्रवार को एक बड़ा विवाद पैदा हो गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बिधूड़ी को चेतावनी दी तथा उनकी पार्टी ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया। बिधूड़ी की टिप्पणियों को संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया गया है।

# एक करोड़ सरकारी कर्मियों-पेंशनरों को 4 फीसदी मिलेगा डीए-डीआर

एजेंसी। नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार में लगभग एक करोड़ कर्मचारियों और पेंशनरों को पहली जुलाई से 4 फीसदी डीए वृद्धि की सौगात मिलेगी। राष्ट्रीय परिषद (जेसीएम) स्टाफ साइड की बैठक में ओपीएस का मुद्दा रखने वाले अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ (एआईडीईएफ) के महासचिव सी.श्रीकुमार का कहना है कि इस बार कर्मियों का डीए 46 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा। ऐसा कोई कारण नजर नहीं आता, जिसके चलते केंद्र सरकार, डीए में चार फीसदी की बढ़ोतरी न करे। कर्मचारी संगठनों को पूरी उम्मीद है कि सरकार, डीए की मौजूदा दर को 46 प्रतिशत पर ले जाएगी। इसके बाद जनवरी 2024 में जब चार फीसदी बढ़ोतरी के साथ, महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत होगा तो केंद्र सरकार के समक्ष, दमदार तरीके से 8वें वेतन आयोग के गठन का प्रस्ताव रखा जाएगा। सम्भव है कि केंद्रीय कैबिनेट की आगामी बैठक में डीए बढ़ोतरी की घोषणा हो जाएगी।

बता दें कि केंद्रीय कैबिनेट ने पिछले साल 28 सितंबर को डीए की दरों में चार फीसदी बढ़ोतरी की घोषणा की थी। केंद्र सरकार के कर्मियों और पेंशनरों को दीवाली से पहले महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत का तोहफा मिल गया था। वह भत्ता पहली जुलाई 2023 से जारी हुआ था। उस वक्त 34 प्रतिशत की दर से मिल रहा महंगाई भत्ता 38 प्रतिशत हो गया था। उसके बाद जनवरी 2023 से उक्त भत्ते में दोबारा से चार फीसदी की वृद्धि हो गई। मौजूदा समय में महंगाई भत्ता, 42 प्रतिशत की दर से मिल रहा है। अगर जुलाई 2023 से बढ़ने वाले भत्ते में भी चार



प्रतिशत की वृद्धि होती है और जनवरी 2024 में भी इसमें चार फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज होती है तो उस वक्त डीए वृद्धि का ग्राफ पचास फीसदी हो जाएगा। सातवें वित्त आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर ऐसा होता है तो बाकी के भत्ते भी स्वत- ही 25 प्रतिशत बढ़ जाएंगे। वेतन का ढांचा भी बदल जाएगा।

**पे रिवाइज के लिए दस साल का इंतजार जरुरी नहीं**

सी. श्रीकुमार बताते हैं, संसद में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा था कि आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन की कोई योजना नहीं है। केंद्र सरकार इस संदर्भ में विचार नहीं कर रही। ये सरकार की मनमर्जी ही तो है। सातवें वेतन आयोग ने सिफारिश की थी कि केंद्र में पे रिवाइज हर दस साल में ही हो, यह जरुरी नहीं है। इस अवधि का इंतजार करने की आवश्यकता नहीं है। यह पीरियोडिकल भी हो सकता है।

### देश में प्रति व्यक्ति आय 111 प्रतिशत बढ़ी

**संसद** में इस मुद्दे पर जो सवाल जवाब हुए हैं, उनमें कहा गया है कि जनवरी 2016 से जनवरी 2023 के बीच में कर्मियों के वेतन और पेंशन में 42 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस अवधि के दौरान देश में प्रति व्यक्ति आय 111 प्रतिशत बढ़ी है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सदन में बताया था कि मुद्रा स्फीति के कारण वेतन और पेंशन के असली मूल्य में जो कटौती होती है, उसे पूरा करने के लिए डीए/डीआर दिया जाता है। अब डीए 42 प्रतिशत हो गया है। प्रति व्यक्ति आय तीन गुणा हो गई। इसके साथ वस्तुओं के दाम भी उसी अनुरुप में बढ़े हैं। मतलब, केंद्र सरकार के कर्मी कम वेतन पर काम कर रहे हैं। पिछले तीन वेतन आयोगों की तरफ से कहा गया है कि जब डीए 50 प्रतिशत तक पहुंच जाए तो मुद्रा स्फीति के प्रभाव को कम करने के लिए भविष्य में पे रिवाइज किया जाए। जनवरी 2024 में डीए 50 के पार हो जाएगा। अब सरकार कह रही है कि वेतन आयोग गठित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

हालांकि पे कमीशन ने इसकी कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं दी है कि कब और कितने समय बाद वेतन आयोग गठित होना चाहिए। कुछ माह बाद डीए 50 प्रतिशत के पार होने जा रहा है। ऐसे में नए डीए और एचआरए की संभावना बनना तय है। पिछला वेतन आयोग 2013 में गठित हुआ था। उसके तीन साल बाद आयोग की सिफारिशें लागू हुई। उस हिसाब से 2026 में वेतन रिवाइज होना चाहिए। इसके लिए 2023 में आयोग का गठन हो। संभव है कि केंद्र सरकार 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले आठवें वेतन आयोग का गठन करे।

## सीआईडी की तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू से की जेल में पूछताछ

एजेंसी। राजामहेंद्रवरम (आंध्र प्रदेश)

**आंध्र प्रदेश** पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के अधिकारियों ने कौशल विकास निगम घोटाले में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू से शनिवार को यहां केंद्रीय कारागार में पूछताछ शुरू की।

विजयवाड़ा में भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) की एक अदालत ने शुक्रवार को अधिक पूछताछ के लिए 73 वर्षीय नायडू को दो दिन की सीआईडी की हिरासत में भेज दिया था। नायडू से दोनों दिन (23 और 24 सितंबर) सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक पूछताछ की अनुमति दी गई है। अदालत ने पूछताछ में सीआईडी की आर्थिक अपराध शाखा के तीन पुलिस उपाधीक्षक के साथ छह कनिष्ठ पुलिस अधिकारियों, एक पेशेवर वीडियोग्राफर और दो आधिकारिक मध्यस्थों को भाग लेने की अनुमति दी है। अदालत ने हर एक घंटे पूछताछ के बाद पांच मिनट का विराम लेने और पूछताछ के दौरान नायडू के साथ वकीलों के एक दल के भी उपस्थित रहने को मंजूरी दी है। अदालत ने सीआईडी को नायडू की हिरासत के दौरान एक उचित दूरी से उनके वकील को भी मौजूद रहने देने का निर्देश दिया। उसने पूर्व मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य और उम्र पर विचार करते हुए उनसे जेल परिसर में ही पूछताछ करने की अनुमति दी है ताकि वे राजामहेंद्रवरम केंद्रीय कारागार से मंगलागिरि में सीआईडी कार्यालय जाने तक की 200 किलोमीटर की यात्रा से बच सकें। सीआईडी को नायडू से पूछताछ की वीडियोग्राफी कराने का भी अनुमति दी गई है।

# ऑनलाइन सेवाओं के सरकारी दावे में कितना दम

सुभाष शर्मा
(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं)

मंथन



**हरियाणा** सरकार के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर दावा करते नहीं थकते कि अब आम जनता को सरकारी कार्यालयों में चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। सभी सरकारी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं परंतु ऑनलाइन काम नहीं होता, हर काम के लिए दलालों का ही सहारा लेना पड़ता है, यह बात मुख्यमंत्री को अच्छी तरह से पता है परंतु वो इस व्यवस्था में सुधार करने के बजाए इस सेवा को हर वक्त गुणगान करते है, जबकि धरातल पर आम जनता सरकार के इन दावों को असरदार नहीं मानती। उदाहरण के तौर पर हम जिला उपायुक्त के अधीन आने वाले राजस्व विभाग की ही बात करे तो तहसील कार्यालय उन्हीं के अधीन आता है, प्रत्येक तहसील में औसतन सौ रजिस्ट्रियां रोज हो रही है, इसके साथ तत्काल व्यवस्था भी है, जिसके लिए 25 हजार के अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करना पड़ता है या फिर आपको अपने नंबर का इंतजार करने के लिए टोकन कटवाना होता है यानी जिस तारीख का टोकन कटेगा, उसी दिन रजिस्ट्री करवा सकते है। सरकार ने यहां तक तो ठीक कर दिया परंतु कहानी इसके बाद शुरू होती है, निश्चित तिथि को जब सेलर व परचेजर तहसील पहुंचते है तो सबसे पहले अर्जी नवीस यानी डाक्यूमेंट राईटर सेलडीडी वगैरा के मैटर को एक सादे कागज पर प्रिंट करता है और तहसीलदार के समक्ष पेश होता है क्योंकि जब तक तहसीलदार उक्त डाक्यूमेंट को मार्क नहीं करेगा, तब तक उसकी रजिस्ट्री नहीं हो सकती यानी पूरा खेल तहसीलदार के पास रहता है, तहसीलदार से मार्क होने के बाद स्टांप पेपर्स पर उक्त मैटर को प्रिंटर किया जाता है, जिस डाक्यूमेंट को तहसील मार्क नहीं करता, बेशक आपने टोकन ऑनलाइन करवा रखा हो, आपकी रजिस्ट्री नहीं हो सकती। तहसीलदार की धींगामुश्ती हर तहसील में खुलेआम जारी है। अगर सरकार ईमानदार हो और अधिकारी भी इमानदार हो तो उन्हें डाक्यमेंट को अग्रिम मार्क करने की जरूरत ही नहीं जो रजिस्ट्री सरकारी मापदंडों को पूरा नहीं करती वो स्वत: ही रिजेक्ट हो जाएगी परंतु हरियाणा प्रदेश में कहीं भी ऐसा नहीं हो रहा, यहां तक कि जिन डाक्यूमेंटस को तहसीलदार मार्क नहीं रकता, उन पर कोई टिप्पणी नहीं लिखता, केवल मौखिक रूप से कह दिया जाता है कि ये रजिस्ट्री नियमों के तहत नहीं हो सकती परंतु लिखकर नहीं दिया जाता, बाद में उसे रजिस्टर्ड करने के लिए मोल भाव होता है। हर तहसील में हर एरिया के रेट तहसील में फिक्स है यानी किस एरिया में कितना सुविधा शुल्क लेना है नहीं मिला तो रजिस्ट्री नहीं होगी, यह उदाहरण तो मात्र एक तहसील कार्यालय की है, ये विभाग उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के अधीन है, जितना भ्रष्टाचार यहां व्याप्त है, किसी और विभाग में नहीं है क्योंकि सरकार ने अब 100 रजिस्ट्रियों की जगह प्रति तहसील 200 रजिस्ट्रियां हर रोज करने की योजना को अंतिम रूप दिया है ताकि प्रदेश को राजस्व की खुलकर प्राप्ति हो, हर जिले में कई-कई तहसीलें है और एक-एक डाक्यूमेंट को रजिस्टर्ड करने के लिए दलाल लाखों रुपये के हिसाब से मुंह खोलते है, इसमें अधिकारियों को कितना जाता है, इसका पता नहीं परंतु इतना साफ है कि जो व्यक्ति सुविधा शुल्क दे देता है, उसका काम हो जाता है। प्रदेश के बड़े शहरों विशेषकर एनसीआर में इस विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है, जबकि अन्य शहरों में थोड़ा कम है, यही कारण है कि एनसीआर के शहरों में तहसील में पोस्टिंग लेने वालों की लाईनें दुष्यंत चौटाला की कोठी पर जरूर लगती है। इसके अलावा भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा दूसरा महकमा है, नगर निगम यानी स्थानीय निकाय विभाग यहां भी हर काम सरकारी दावों के मुताबिक आनलाइन होता है परंतु वास्तव में ऐसा नहीं होता, सीवर पानी के कनेक्शन से लेकर हाऊस टैक्स व आम तरह के प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए आम लोगों को दलालों के यहां माथा टेकना पड़ता है, निगम में प्रापर्टी आईडी बनवाना था, ठीक करवाना आसान नहीं, अनेक दस्तावेजों में नाम गलत या पिता का नाम गलत होने पर उसे ठीक करवाने में जूते घिस जाते है परंतु जब सुविधा शुल्क दलालों के माध्यम से पहुंच जाए तो काम फटाफट हो जाते है। निगम के भ्रष्टाचार को ठीक करना किसी भी सरकार के लिए संभव दिखाई नहीं देता, अब बात करते है कि बिजली विभाग की यहां अगर किसी न कोई नया कनेक्शन लेना हो तो आनलाइन अप्लाई करते के बावजूद कनेक्शन नहीं मिलता जेई से लेकर अन्य अधिकारी उपभोक्ता के आवेदन में अनेकों कमियां निकाल देते है या फिर यह कहकर मना कर देते है कि आपके एरिया में ट्रांसफार्मर छोटा है। इसी प्रकार 50 किलोवाट या इससे अधिक एचटी कनेक्शन लेने वाले उद्योगपतियों को ट्रांसफार्मर को खुद का लगवाना ही पड़ता है। लाखों रूपए की सुविधा शुल्क भी देती होती है, इसके बावजूद कनेक्शन जारी होने व चालू होने में महीनों लग जाते है। उपरोक्त तीन विभागों की कार्यशैली तो एक उदाहरण है, प्रदेश के प्रत्येक विभाग में आनलाईन सेवाओं के नाम पर कुछ नहीं मिलता, सब कुछ तभी संभव है, जब सुविधा शुल्क दे दिया जाए।

> सभी सरकारी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं परंतु ऑनलाइन काम नहीं होता, हर काम के लिए दलालों का ही सहारा लेना पड़ता है

## लुभावने वायदों के सहारे जीतने की फिराक में कांग्रेस

**लुभावने** वायदे कर कर्नाटक में सत्ता हासिल कर चुकी कांग्रेस पार्टी अब मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में वायदों की झड़ी लगा रही है। हरियाणा प्रदेश में विधानसभा चुनावों को हालांकि एक साल बाकि है परंतु यहां भी कांग्रेस नेता अभी से बड़ी-बड़ी घोषणाएं करने में जुटे है। इस मामले में सबसे आगे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का परिवार व उनके समर्थक है क्योंकि उन्हें उम्मीद है कि अगली सरकार प्रदेश में कांग्रेस की होने जा रही है इसलिए कांग्रेस के बाकि नेताओं मसलन कुमारी सैलजा, रणवीर सुरजेवाला व किरण चौधरी वगैरहा को पीछे छोड़ पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा के पुत्र दीपेंद्र हुड्डा ने अपने स्तर पर बड़े-बड़े दावे जनता से करने शुरू कर दिए है। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि 2024 में उनकी सरकार आने पर प्रदेशवासियों को आधा दर्जन नवायदे कर रहे है, जो हर हाल में पूरे होंगे, उनके वायदों की लिस्ट में 500 रूपए में रसोई गैस सिलेंडर, प्रत्येक परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त, दो लाख खाली पड़े सरकारी पदों पर पक्की भर्तियां, बुढ़ापा पेंशन बढ़ाकर 6 हजार रुपये प्रति माह देने, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने व सबसे लुभावना वायदा वो ये कर रहे है कि गरीब परिवारों को सौ-सौ गजके प्लाट मुफ्त में दिए जाएंगे।

उनका दावा है कि कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक में पांच वायदे पूरे किए है, जो वहां चुनाव पूर्व कांग्रेस ने किए थे, खैर कांग्रेस के राजकुमार दीपेंद्र हुड्डा वायदे तो कर रहे है परंतु वो ये नहीं बता रहे कि क्या इन वायदों को जारी करने की अनुमति उन्हें हाईकमान ने दी है या वो अपनी मर्जी से कह रहे है। दूसरी तरफ उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा का प्रदेश में पार्टी का संगठन बनाने के दौरान भारी विरोध हो रहा है। रोहतक, सोनीपत, झज्जर वगैरा को छोड़कर पूरे हरियाणा में अलग-अलग गुटों का वर्चस्व है, ऐस में दीपेंद्र हुड्डा किस हैसियत से वायदे कर रहे है, इसकी पुष्टि कांग्रेस के अन्य नेता नहीं कर रहे। दरअसल प्रदेश में विधानसभा चुनावों में एक वर्ष का समय बाकि है, वैसे भी प्रदेश में लम्बे अंतराल के बाद संगठन की प्रक्रिया शुरू हुई है, जहां अनेक स्थानों पर हुड्डा गुट अन्य गुटों के सामने-आमने है, ऐसे में हाईकमान भूपेंद्र हुड्डा के समक्ष घुटने टेक कर उन्हें ही पार्टी की बागडोर सौंप देगा, ऐसा संभव दिखाई नहीं देता। जानकारों का मानना है कि प्रदेश में भूपेंद्र हुड्डा सबसे प्रभावी कांग्रेसी नेता है और उन्हें साथ लिए बिना प्रदेश में कांग्रेस की वापसी संभव नहीं परंतु इस सबके बावजूद शैलजा गुट, रणदीप सुरजेवाला व पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की पुत्रवधू किरण चौधरी के गुट को साईडलाईन नहीं किया जा सकता, यहां तक कि संगठन बनाते समय भी सबके समर्थ को भागीदारी का ध्यान रखा जा रहा है और प्रदेश में टिकट वितरण के वक्त भी सभी गुटों को हिस्सा दिया जाएगा, ऐसे में यह समझ लेना कि अगर प्रदेश में कांग्रेस जीतती है तो मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ही होंगे, ऐसा संभव प्रतीत नहीं होता। हरियाणा की राजनीति पर नजर रखने वाले पंडितों का कहना है कि हाईकमान भूपेंद्र हुडड से अंदरखाने खुश नहीं है परंतु अभी वो अपने पत्ते खोलना नहीं चाहती यानी कहा जा रहा है कि कांग्रेस की जीत के बाद मुख्यमंत्री के तौर पर भूपेंद्र हुड्ड़ा की ताजपोशी की संभावना काफी कम है, हालांकि अभी चुनावों में देरी है लोकसभा का चुनाव पहले होना है, उन चुनावों की हार जीत के बाद ही तय हो सकेगा कि हरियाणा कांग्रेस की कमान किस नेता को सौंपी जा सकती है।

# मॉनसून 2023: लगातार 13वें साल देरी से हो रही है वापसी, अक्टूबर तक हो सकती है बारिश

## आईएमडी ने संकेत दिया कि 21 से 27 सितंबर के बीच मॉनसून की वापसी शुरू हो सकती है



**अमूमन** देश में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की हवाएं 17 सितंबर तक उत्तर-पश्चिमी भारत से वापस जाना शुरू कर देती हैं, लेकिन चालू सीजन में अभी वापसी की कोई संभावना नहीं दिख रही है और बारिश अक्टूबर तक बढ़ सकती है।

यह लगातार 13वां ऐसा साल है, जब मॉनसून की वापसी देरी से हो रही है। हालांकि 21 सितंबर को मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने संकेत दिया कि मॉनसून की वापसी पूर्वानुमान अवधि (21 से 27 सितंबर) के अंत तक मॉनसून की वापसी शुरू हो सकती है।

जहां तक मॉनसून अवधि के दौरान बारिश की स्थिति की बात है तो अनुमान लगाया जा रहा है कि 30 सितंबर 2023 तक देश में सामान्य से कम (90 से 95 प्रतिशत) बारिश हो सकती है। मॉनसून सीजन (जून से सितंबर) के दौरान सामान्य यानी दीर्घ अवधि का औसत 868.8 मिमी है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि अक्टूबर में होने वाली बारिश को मॉनसूनी बारिश के रूप में गिना नहीं जाता है। आईएमडी के आंकड़े बताते हैं कि 21 सितंबर तक देश में कुल मिलाकर सात प्रतिशत बारिश की कमी है, जबकि 36 प्रतिशत जिलों में या तो कम (सामान्य से 20 प्रतिशत से 59 प्रतिशत कम बारिश) या ज्यादा कम (सामान्य से 59 प्रतिशत से अधिक कम वर्षा) हुई है।

जर्मनी में पॉट्सडैम इंस्टीट्यूट फॉर क्लाइमेट इम्पैक्ट रिसर्च की जलवायु वैज्ञानिक एलेना सुरोव्याटकिना के पूर्वानुमान के अनुसार, उत्तर पश्चिम भारत से मॉनसून की वापसी 30 सितंबर से 9 अक्टूबर के बीच शुरू हो सकती है। इसका मतलब यह होगा कि देश के उत्तर-पश्चिम में मॉनसून की वापसी 13 से 22 दिन की देरी से होगी।

सुरोव्याटकिना भारत में तीन अलग-अलग स्थानों से मॉनसून की शुरुआत का पूर्वानुमान 40 दिन पहले घोषित करती हैं, जबकि मॉनसून की वापिसी का पूर्वानुमान 70 दिन पहले घोषित करती हैं। ये तीन स्थान हैं उत्तर पश्चिम भारत में दिल्ली, मध्य भारत और उत्तरी तेलंगाना। उनका पूर्वानुमान उत्तरी पाकिस्तान और मध्य भारत में मॉनसून के लिए तापमान बढ़ाने वाले तत्वों पर आधारित होता है। लेकिन मौजूदा सीजन में भारत में मॉनसून प्रणाली की अस्थिरता और अगस्त में लंबी ब्रेक अवधि के कारण उन्होंने मॉनसून वापसी से संबंधित अपना पूर्वानुमान स्थगित कर दिया था और इसे 40 से 50 दिन पहले घोषित किया।

नेशनल सेंटर फॉर एटमॉस्फेरिक साइंस और यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग, यूनाइटेड किंगडम के मौसम विज्ञान विभाग के शोध वैज्ञानिक अक्षय देवरस ने बताया, पश्चिमी राजस्थान से वापसी 25 सितंबर के आसपास शुरू होगी। देवरस ने कहा कि हमें अभी तक नहीं पता कि आईएमडी इसकी घोषणा कब करेगा। वापसी शुरू होने के बाद, भारत के उत्तरी और उत्तर-मध्य भागों में इसके तेज होने की उम्मीद है। सुरोव्याटकिना का कहना है कि पूर्वी घाट से मॉनसून की वापसी अचानक नहीं होगी। इसकी शुरुआत अक्टूबर के पहले सप्ताह में होगी और आखिरी बारिश 7 अक्टूबर से 17 अक्टूबर के बीच होगी। उत्तरी तेलंगाना से मॉनसून 10 अक्टूबर से 20 अक्टूबर के बीच कभी भी विदा हो सकता है। अन्य विशेषज्ञ भी उनके आकलन से सहमत हैं।

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बॉम्बे में जलवायु अध्ययन के प्रोफेसर और मैरीलैंड विश्वविद्यालय में एमेरिटस प्रोफेसर रघु मुर्तुगुड्डे ने बताया कि इस बार आर्कटिक समुद्री बर्फ को काफी नुकसान हुआ है, जबकि उत्तरी गोलार्ध गर्म भी रहा – विशेष रूप से उष्णकटिबंधीय अटलांटिक में। आईटीसीजेड को उत्तर की ओर खींच लिया गया है और अल नीनो पैटर्न पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में ग्लोबल वार्मिंग का संकेत है।

इंटरट्रॉपिकल कन्वर्जेंस जोन (आईटीसीजेड) हवाओं और वर्षा का बैंड है, जो पृथ्वी को प्रसारित करता है और जहां भूमध्य रेखा के उत्तर और दक्षिण से व्यापारिक हवाएं मिलती हैं। जब आईटीसीजेड उत्तर की ओर स्थानांतरित होता है तो भारतीय उपमहाद्वीप पर मॉनसून की शुरुआत होती है। मुर्तुगुड्डे के अनुसार, ये सभी कारक मिलकर ऊपरी वायुमंडल के दबाव और अरब सागर से नमी की आपूर्ति के साथ मॉनसून ट्रफ और मॉनसून डिप्रेशन की गति को प्रभावित करते हैं। मुर्तुगुड्डे का निष्कर्ष है कि मॉनसून अक्टूबर तक जारी रहेगा और बारिश के आंकड़ों में सुधार होगा। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और उत्तर-पूर्व में बारिश की कमी दूर होगी। वहीं, देवरस कहते हैं कि सितंबर के शेष दिनों में बारिश का पैटर्न देश के पूर्वी, मध्य और दक्षिणी हिस्सों में गरज के साथ हावी रहेगा। इस अवधि में सामान्य से बहुत अधिक बारिश होने की उम्मीद नहीं है। देवरस का निष्कर्ष है कि एक जून से 30 सितंबर तक की बारिश दीर्घकालिक औसत से कम रहेगी, हालांकि पूरी संभावना है कि इस सीजन में बारिश सामान्य से कम होगी।

– साभार-डीटीई



# लक्ष्य बनाकर अभियान की शुरुआत करेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

एजेंसी। हांगझोउ

**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वलीफाई करने के लक्ष्य के साथ एशियाई खेलों के पूल ए में रविवार को यहां उज्बेकिस्तान के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत करना चाहेगी।

भारतीय टीम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है और एशियाई खेलों में वह सबसे अधिक रैंकिंग वाली टीम है। ऐसी स्थिति में हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम के लिए स्वर्ण पदक से कम का परिणाम निराशाजनक होगा। भारतीय टीम पिछले एशियाई खेलों में कांस्य पदक ही जीत पाई थी और उसकी भरपाई वह यहां करना चाहेगी। उसकी वर्तमान फॉर्म को देखते हुए उसे स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। नए मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के पद संभालने के बाद भारतीय टीम ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने पिछले महीने चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता जो एशियाई खेलों के लिए ड्रेस रिहर्सल की तरह था। इसलिए, भारतीय टीम से काफी उम्मीद की जा रही है और नए मुख्य कोच फुल्टन इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं। फुल्टन ने कहा, मैं भारत को एशिया की नंबर एक टीम बनाना चाहता हूं। हमें यह समझना होगा कि



अभी हम किस स्थिति में हैं और हमें किन क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है। निश्चित तौर पर हम एशियाई खेलों के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना चाहेंगे और यही हमारा मुख्य लक्ष्य भी है। भारत के पास हरमनप्रीत के अलावा संजय, वरुण कुमार और अमित रोहिदास के रूप में अच्छे ड्रैग फ्लिकर हैं और टीम एशियाई खेलों में पेनल्टी कॉर्नर का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पूर्व कप्तान मनप्रीत सिंह, वर्तमान उप कप्तान हार्दिक सिंह और युवा विवेक सागर प्रसाद मध्य पंक्ति का जिम्मा संभालेंगे।

### भारत के पास अनुभवी खिलाड़ी

**भारत** के पास पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक के रूप में दो अनुभवी गोलकीपर हैं। भारत और उज्बेकिस्तान के अलावा पूल ए में पाकिस्तान, सिंगापुर, जापान और बांग्लादेश जबकि पूल बी में कोरिया, मलेशिया, चीन, ओमान, थाईलैंड और इंडोनेशिया हैं। उज्बेकिस्तान के बाद भारतीय टीम 26 सितंबर को सिंगापुर, 28 सितंबर को जापान, 30 सितंबर को पाकिस्तान और दो अक्टूबर को बांग्लादेश से भिड़ेगी।

# भारत की पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीम प्री क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी। हांगझोउ



**भारत** की पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीमों ने शनिवार को यहां ग्रुप एफ के अपने मैचों में क्रमश: ताजिकिस्तान और नेपाल को आसानी से 3-0 से हराकर एशियाई खेलों के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

भारतीय महिला टीम ने अपने दोनों मैच जीते जिससे वह ग्रुप में शीर्ष पर रही। पुरुष टीम ने भी अपने तीनों मैच जीते। शुक्रवार को सिंगापुर को हराने वाली भारतीय महिला टीम ने नेपाल के खिलाफ शानदार शुरुआत की। दीया चितले ने सिक्का श्रेष्ठा को 11-1, 11-6, 11-8 से, अयहिका मुखर्जी ने नबीता श्रेष्ठा को 11-3, 11-7, 11-2 से और सुतीर्था मुखर्जी ने इवाना थापा को 11-1, 11-5, 11-2 से हराकर भारत को आसान जीत दिलाई। मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला को इस मुकाबले में विश्राम दिया गया था। इससे पहले यमन और सिंगापुर को हराने वाली भारतीय पुरुष टीम ने अनुभवी जी साथियान और शरथ कमल के नहीं खेलने के बावजूद ताजिकिस्तान के खिलाफ आसान जीत दर्ज की। मानव ठाकर ने अफ़ज़लखोन महमूदोव को 11-8, 11-5, 11-8 से, मानुष शाह ने उबैदुल्लो सुलतोनोव को 13-11, 11-7, 11-5 से और हरमीत देसाई ने इब्रोखिम इस्मोइलज़ोदा पर 11-1, 11-3, 11-5 से पराजित किया।

# दूसरा वनडे: अश्विन और अय्यर पर अच्छा प्रदर्शन करने का होगा दबाव

### अश्विन बीच के ओवरों में विकेट हासिल करने के लिए बेताब होंगे

एजेंसी। इंदौर



**मोहाली** में सपाट विकेट पर रन बनाने से चूकने वाले श्रेयस अय्यर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कुछ रन अपने नाम पर जोड़ने का प्रयास करेंगे जबकि स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बीच के ओवरों में विकेट हासिल करने के लिए बेताब होंगे।

कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित कुछ प्रमुख खिलाड़ियों के बिना खेल रही भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में आसानी से जीत दर्ज की और वह बड़े स्कोर के लिए मशहूर होलकर स्टेडियम में श्रृंखला अपने नाम करने की कोशिश करेगी। बारिश के कारण शहर के तापमान में गिरावट आई है और मोहाली में उमस भरी गर्मी का सामना करने वाले खिलाड़ियों को यहां आकर काफी राहत मिली है।

पहले वनडे में विशेष कर मोहम्मद शमी और सूर्यकुमार यादव का प्रदर्शन भारत के लिए सकारात्मक पहलू रहा है लेकिन पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले कुछ सवाल अब भी जवाब की तलाश में हैं। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाले भारत के नंबर चार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर विभिन्न कारणों से क्रीज पर पर्याप्त समय नहीं बिता पाए हैं। एशिया कप में पीठ की जकड़न के कारण वह कुछ मैच में नहीं खेल पाए थे जबकि शुक्रवार को पहले वनडे में वह केवल आठ गेंद खेलने के बाद रन आउट हो गए थे।

दाएं हाथ का यह बल्लेबाज अगले दोनों वनडे में रन बनाने की कोशिश करेगा जिससे कि विश्व कप से पहले उनका मनोबल बढ़ा रहे। दूसरी तरफ अश्विन ने अपनी वापसी पर किफायती गेंदबाजी की लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को परेशान नहीं कर पाए।

सपाट विकेट पर वह टर्न हासिल नहीं कर पाए और उनकी सीधी गेंदों को बल्लेबाजों ने आसानी से खेला। अक्षर पटेल के सही समय तक फिट नहीं होने पर यह स्टार स्पिनर अब भी भारत की विश्व कप टीम में जगह बना सकता है लेकिन टीम प्रबंधन उनसे और अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा होगा।

यह भी देखना होगा कि टीम में शामिल एक अन्य ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर को मौका मिलता है या नहीं। यदि उन्हें अंतिम एकादश में जगह मिलती है तो फिर अश्विन को बाहर बैठना पड़ सकता है। तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर भी अपने प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने पहले वनडे में 10 ओवर में 78 रन लुटाए थे। उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है जो टीम के लिए चिंता का विषय हो सकता है। बल्लेबाजी में सूर्यकुमार यादव ने लगातार असफल होने के बाद एक अच्छी पारी खेली है जिससे कि इस बल्लेबाज और टीम प्रबंधन दोनों को राहत मिली होगी।

### डेविड वार्नर ने अपनी अच्छी फार्म बरकरार रखी

**भारत** की तरह ऑस्ट्रेलिया के भी कुछ मुख्य खिलाड़ी पहले वनडे में नहीं खेल पाए। इनमें मिशेल स्टार्क, ग्लेन मैक्सवेल और जोश हेजलवुड शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मोहाली में मैच के बाद कहा कि यह तीनों खिलाड़ी राजकोट में 27 सितंबर को होने वाले तीसरे मैच से पहले खेलने के लिए तैयार हो सकते हैं। सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपनी अच्छी फार्म बरकरार रखी है लेकिन स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे। इस मैदान पर अंतिम वनडे जनवरी में खेला गया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ इस मैच में भारत ने रोहित और शुभमन गिल के शतकों की मदद से 385 रन का बड़ा स्कोर बनाया था। रोहित इस मैच में भी नहीं खेलेंगे लेकिन गिल फिर से बड़ी पारी खेलने की कोशिश करेंगे।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत:** के एल राहुल (कप्तान), रविंद्र जडेजा, रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, इशान किशन, शार्दुल ठाकुर, वाशिंगटन सुंदर, आर अश्विन, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज , प्रसिद्ध कृष्णा।

**ऑस्ट्रेलिया:** पैट कमिंस (कप्तान), एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, एडम ज़म्पा, मार्कस स्टोइनिस, मिशेल स्टार्क, स्टीव स्मिथ, डेविड वार्नर, जोश हेज़लवुड, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लाबुशेन, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर सांघा, मैट शॉर्ट।

**मैच दोपहर 1:30 बजे शुरू होगा।**

### भारतीय ई-स्पोर्ट्स टीम को शीर्ष वरीयता, क्वार्टरफाइनल से शुरु करेगी अभियान

**हांगझोउ।** भारत को लीग ऑफ लीजेंड्स ई-स्पोर्ट्स स्पर्धा में सीधे क्वार्टरफाइनल में जगह मिली है जबकि एशियाई खेलों के दो अन्य वर्गों में वे अपना अभियान राउंड 32 से करेंगे। भारत ई-स्पोर्ट्स की सात में से चार स्पर्धाओं में हिस्सा लेगा। यह खेल आधिकारिक पदक खेल के तौर पर पदार्पण कर रहा है।

मध्य और दक्षिण एशिया वरीयता स्पर्धा में दबदबे और शीर्ष वरीतया मिलने के बाद भारतीय टीम को लीग ऑफ लीजेंड्स स्पर्धा में सीधे क्वार्टरफाइनल में प्रवेश मिला है। लीग ऑफ लीजेंड्स टीम का प्रतिनिधित्व कप्तान अक्षज शेनॉय, समर्थ अरविंद त्रिवेदी, मिहिर रंजन, सानिंध्य मलिक, आकाश शांडिल्य और आदित्य सेल्वराज करेंगे। एफसी ऑनलाइन-4 में चरनजोत सिंह को शीर्ष वरीयता मिली है। दोनों खिलाड़ी अंतिम 32 चरण से अपना अभियान शुरू करेंगे। स्ट्रीट फाइटर वी में मयंक प्रजापति और अयान बिस्वास को क्रमश: पांचवीं और छठी वरीयता मिली है। डोटा 2 टीम की अगुआई दर्शन बाटा कर रहे हैं जिसमें कृष गुप्ता, अभिषेक यादव, केतन गोयल और शुभमन गोली को ग्रुप ए में किर्गिस्तान और फिलीपींस के साथ रखा गया है।

# एशियाई खेलों में पदक जीतने का क्रम जारी रखने उतरेंगे भारतीय टेनिस खिलाड़ी

एजेंसी। हांगझोउ



**पिछले** तीन एशियाई खेलों में भारत ने टेनिस स्पर्धा के पुरुष एकल में पदक जरूर जीता है तथा सुमित नागल भी इस बार इस रिकार्ड को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे जबकि पुरुष युगल में रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी।

भारतीय टेनिस खिलाड़ियों ने गुआंगजौ, इंचियोन और जकार्ता में खेले गए पिछले तीन एशियाई खेलों में पदक जीते थे। एशिया के बहुत कम खिलाड़ी विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल हैं और ऐसे में भारत को सबसे बड़ी चुनौती चीन, कोरिया और जापान से मिलेगी। पांचवीं वरीयता प्राप्त नागल को पहले दौर में बाई मिली है। उनकी असली परीक्षा क्वार्टर फाइनल में होगी जहां उनका सामना चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त झिझेन झांग से हो सकता है। झांग की विश्व रैंकिंग 60 जबकि नागल की 159 है। पुरुष एकल में भारत के एक अन्य खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन भी भाग ले रहे हैं। खराब फॉर्म में चल रहे रामनाथन को भी पहले दौर में बाई मिली है वह ताजिकिस्तान के सुनातुलो इसरोइलोव के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। भारतीय कप्तान जीशान अली ने पीटीआई से कहा, पदक जीतने के लिए भारतीय खिलाड़ियों को दो कड़े दौर से गुजरना होगा। हमारे लिए ड्रॉ अच्छा है जिससे कि हमारे खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। पुरुष युगल में बोपन्ना अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने के लिए उतरेंगे। उन्होंने 2018 में दिविज शरण के साथ मिलकर सोने का तमगा जीता था। डेविस कप से संन्यास लेने वाला यह 43 वर्षीय खिलाड़ी स्वर्ण पदक के साथ एशियाई खेलों को भी अलविदा कहने का प्रयास करेगा।

भारत की एक अन्य पुरुष युगल जोड़ी साकेत माइनेनी और रामकुमार को दूसरी वरीयता मिली है। ऐसे में भारत की दोनों जोड़ियां फाइनल में आमने-सामने हो सकती हैं। महिला एकल में अंकिता रैना को तीसरी वरीयता दी गई है जबकि करमन कौर थांडी कूल्हे की चोट के कारण एकल में नहीं खेल रही हैं।

रुतुजा भोसले एकल में भाग लेने वाली भारत की अन्य खिलाड़ी हैं। महिला युगल में रैना और प्रार्थना थोम्बरे तथा करमन और भोसले की भारतीय जोड़ियां अपना भाग्य आजमाएंगी। मिश्रित युगल में भांबरी और रैना को शीर्ष वरीयता जबकि बोपन्ना और भोसले को दूसरी वरीयता दी गई है।

# टीम वर्ल्ड ने लावेर कप में पहले चारों मैच जीतकर दबदबा बनाया

एजेंसी। बैंकूवर

**फेलिक्स** ऑगर-एलियासेम, बेन शेल्टन और फ्रांसिस्को सेरुंडोलो के एकल मुकाबलों के बाद फ्रांसिस टियाफो तथा टॉमी पॉल के युगल मैच में जीत से टीम वर्ल्ड ने लावेर कप अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता में टीम यूरोप पर 4-0 से बढ़त बना ली।

फेलिक्स ऑगर-एलियासेम ने गेल मोनफिल्स को 6-4, 6-3 से हराकर टीम वर्ल्ड को दिन की तीसरी सफलता दिलाई और इसके बाद टियाफो और पॉल की जोड़ी ने युगल मुकाबलों में आंद्रे रुबलेव और आर्थर फिल्स की जोड़ी को 6-3, 4-6, 10-6 से हराकर स्पर्धा के पहले दिन टीम वर्ल्ड का दबदबा कायम किया। ऑगर-एलियासेम ने अपने मैच में एकतरफा जीत दर्ज करने के बाद कहा, दिन के आखिर में हमारा लक्ष्य आगे बढ़ना और जीतना है। मैं सभी मैचों को गंभीरता से लेता हूं। मै प्रतिस्पर्धा करके जीतना और इसका लुत्फ उठाना चाहता हूं। इससे पहले शेल्टन ने दिन के शुरुआती मुकाबले में फिल्स को 7-6 (4), 6-1 से हराकर टीम वर्ल्ड को ब ढ . त दिलाई। सेरुंडोलो ने एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना पर 6-3, 7-5 से जीत दर्ज कर टीम वर्ल्ड को 2-0 से आगे कर दिया।

शेल्टन ने अपनी पहली सर्विस पर 85 प्रतिशत अंक बनाए। उन्हें केवल दो बार पहले सेट में ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा। यह पहला अवसर है जबकि टीम वर्ल्ड ने इस प्रतियोगिता में पहला मैच जीता।



### एशियाई खेलों में भारतीय निशानेबाजों की नजरें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर

**हांगझोउ।** भारतीय निशानेबाजों ने हाल ही में संपन्न आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) विश्व चैंपियनशिप में उत्साहवर्धक प्रदर्शन कर यह जता दिया कि एशियाई खेलों में उन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता है।

भारत ने विश्व चैंपियनशिप में छह स्वर्ण और आठ कांस्य सहित 14 पदक जीते लेकिन एशियाई खेलों में देश के निशानेबाजों का प्रदर्शन उनकी क्षमता के मुताबिक नहीं रहा है। चार साल में होने वाले इन खेलों के शुरू होने के साथ ही एक बार फिर से निशानेबाजी दल से काफी उम्मीदें होगी। इंडोनेशिया (जकार्ता और पालेमबांग) में 2018 सत्र में भारत ने दो स्वर्ण और चार रजत सहित नौ पदक हासिल किए थे और टीम इस संख्या को बेहतर करना चाहेगी। पिछले आयोजन में इन खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले सौरभ चौधरी (10 मीटर एयर पिस्टल) और राही सरनोबत (25 मीटर पिस्टल) जैसे निशानेबाज इस बार भारतीय दल का हिस्सा नहीं हैं।

# वीजा में देरी से पाक का प्री-वर्ल्डकप दुबई टूर कैंसिल

एजेंसी। कराची



**पाकिस्तान** क्रिकेट टीम ने शुक्रवार तक भारतीय वीजा नहीं मिलने की वजह से दुबई के रास्ते भारत आने के प्लान को कैंसिल कर दिया है। अब पाकिस्तान की टीम सीधे हैदराबाद आएगी। क्रिकेट की वेबसाइट क्रिक इंफो ने दावा किया है कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम वर्ल्ड कप प्रैक्टिस मैच के लिए हैदराबाद पहुंचने की योजना दुबई के रास्ते तैयार की थी। टीम को दुबई में कुछ दिन रूकना था। उसके बाद हैदराबाद में होने वाले प्रैक्टिस मैच के लिए भारत आना था।

पाकिस्तान को वर्ल्ड कप प्रैक्टिस मैच में 29 सितंबर को हैदराबाद में न्यूजीलैंड से भिड़ना है। वहीं दूसरा प्रैक्टिस इसी ग्राउंड पर 3 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है। वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से भारत में होना है। पहला मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच होना है। पाकिस्तान अपने वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरुआत 6 अक्टूबर को नीदरलैंड के खिलाफ करेगी।

वहीं 14 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच हाईवोल्टेज मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाना है। पाकिस्तान टीम ने टीम इंडिया के साथ वनडे और टी-20 की बाइलैटरल सीरीज के लिए 2012-13 में भारत का दौरा किया था। उसके बाद दोनों टीमों ने बाइलैटरल सीरीज के लिए एक-दूसरे देश के दौरा नहीं किया है।

25 दिसंबर 2012 और 6 जनवरी 2013 के बीच भारतीय दौरे पर आई पाकिस्तान ने तीन वनडे और 2 टी-20 मैचों की सीरीज खेली थी। हालांकि, पाकिस्तान टीम 2016 में वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारतीय दौरे पर आई थी।

### मनु गंडास ओपन डी फ्रांस में कट से चूके

**फ्रांस।** भारतीय गोल्फर मनु गंडास ने काजू ओपन डी फ्रांस में लगातार दूसरे दिन निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे वह कट में जगह बनाने से चूक गए। पहले दिन 75 का कार्ड खेलने वाले गंडास में दूसरे दिन उससे भी लचर प्रदर्शन किया।

उन्होंने दूसरे दिन 76 का कार्ड खेला और इस तरह से सप्ताहांत में खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में जगह नहीं बना पाए। गंडास ने दोनों दिन केवल एक बर्डी हासिल की। उन्होंने पहले दिन पांच बोगी और दूसरे दिन छह बोगी की।

### पदक संख्या बेहतर करके ओलंपिक स्थान हासिल करना चाहेंगे भारतीय मुक्केबाज

**हांगझोउ।** भारतीय मुक्केबाज पिछले एशियाई खेलों में जीते गए दो पदकों से सुधरा प्रदर्शन करने के इरादे से रविवार से यहां रिंग में उतरेंगे और इस चरण में तो ओलंपिक स्थान भी दाव पर लगा है तो वे बेहतर करने के लिए और भी ज्यादा उत्साहित होंगे। भारत ने दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेला लवलीना बोरगोहेन की अगुआई में मजबूत दल भेजा है। पुरुष वर्ग में भी अनुभवी शिव थापा, दीपक भोरिया और निशांत देव तीनों ही विश्व चैम्पियनशिप के पदक विजेता हैं जिससे वे पेरिस के लिए अपना स्थान सुरक्षित करने के साथ एशियाड पदक भी अपनी झोली में डालना चाहेंगे। एशियाई खेलों में सात पुरुष औ छह महिला वजन वर्ग हैं। भारत ने पिछले 2018 चरण में एक स्वर्ण और एक कांस्य से दो पदक जीते थे। महाद्वीप से मुक्केबाजों के लिए एशियाड पहला ओलंपिक क्वालीफाईंग टूर्नामेंट हैं, जिसमें 13 वजन वर्गों में 34 कोटा स्थान दाव पर लगे होंगे। महिला वर्ग में 50 किग्रा, 54 किग्रा, 57 किग्रा और 60 किग्रा में सेमीफाइनलिस्ट जबकि 66 किग्रा और 75 किग्रा के फाइनलिस्ट पेरिस के लिए क्वालीफाई करेंगे।

# भुल्लर ने पांच अंडर 67 का कार्ड खेला, खिताब की दौड़ में बरकरार



एजेंसी। चीनी ताइपे

**शीर्ष** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर अपने 11वें एशियाई टूर जीत की दौड़ में बने हुए हैं। उन्होंने शनिवार को बोगी के बिना पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह 16 अंडर पर चल रहे हैं। भुल्लर ने भारतीयों में सर्वाधिक 10 एशियाई टूर खिताब जीते हैं। वह थाईलैंड के पूम साकसानसिन से दो शॉट पीछे चल रहे हैं।

साकसानसिन एकल बढ़त बनाए हैं जबकि भुल्लर के अलावा आस्ट्रेलिया के गत चैम्पियन ट्रेविस स्मिथ और पिछले साल के उप विजेता चीनी ताइपे के ली चिए पो संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। एक अन्य भारतीय राशिद खान (66) संयुक्त रूप से छठे स्थान पर चल रहे हैं।

अन्य भारतीयों में करणदीप कोच्चर संयुक्त 15वें, वीर अहलावत संयुक्त 27वें, एस चिक्कारंगप्पा संयुक्त 30 और खालिन जोशी संयुक्त 38वें स्थान पर हैं। युवराज सिंह संधू और अजीतेश संधू संयुक्त 46वें जबकि विराज मदप्पा संयुक्त 53वें स्थान पर चल रहे हैं। कुल नौ भारतीयों ने कट में प्रवेश किया जबकि हनी बेसोया, कार्तिक शर्मा, जीव मिल्खा सिंह, एसएसपी चौरसिया और राहिल गंगजी कट से चूक गए।

# स्टैंड-इन कप्तान केएल राहुल ने छक्का लगाकर भारत को जिताया

एजेंसी। मोहाली

**भारत** ने ऑस्ट्रेलिया को पहले वनडे में पांच विकेट से हरा दिया। मोहाली में टीम इंडिया के स्टैंड-इन कप्तान केएल राहुल ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। इंजरी के बाद वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर से डेविड वॉर्नर का कैच छूट गया। सूर्यकुमार यादव ने कैमरून ग्रीन को रन आउट किया।

मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में एक फैन भी मैदान में घुस आया। वहीं अंपायर अनंत पद्मनाभन गेंद लगने से बाल-बाल बच गए। ऑस्ट्रेलियाई पारी के 9वें ओवर की आखिरी बॉल शार्दूल ठाकुर ने फुलर लेंथ फेंकी। इसे डेविड वॉर्नर ने मिड ऑफ पर खेला। बॉल सीधे श्रेय्यर अय्यर के पास गई, लेकिन अय्यर कैच नहीं पकड़ सके। कैच छूटने के वक्त वॉर्नर 16 रन पर खेल रहे थे, उन्होंने 52 रन की पारी खेली। 23वें ओवर की पहली बॉल पर विकेटकीपर केएल राहुल ने मार्नस लाबुशेन को रनआउट करने का मौका गंवाया। रवींद्र जडेजा की बॉल को लाबुशेन ने एक्स्ट्रा कवर की दिशा में धकेला और रन लेने के लिए निकल पड़े। कैमरून ग्रीन ने रन लेने से मना कर दिया। लाबुशेन जब तक वापस लौट पाते, तब तक फील्डर का थ्रो राहुल के पास आ गया, लेकिन राहुल बॉल को कलेक्ट नहीं कर सके और लाबुशेन को जीवनदान मिल गया। उस वक्त लाबुशेन 11 रन बनाकर खेल रहे थे।

बाद में उन्हें राहुल ने ही अश्विन की बॉल पर स्टंप आउट किया। यह बॉल भी राहुल के हाथ से छूटी, लेकिन पैड से टकराकर वापस स्टंप्स से लग गई, तब लाबुशेन का पैर क्रीज से बाहर था।

23वें ओवर की पहली बॉल पर विकेटकीपर केएल राहुल ने मार्नस लाबुशेन को रनआउट करने का मौका गंवाया। रवींद्र जडेजा की बॉल को लाबुशेन ने एक्स्ट्रा कवर की दिशा में धकेला और रन लेने के लिए निकल पड़े। कैमरून ग्रीन ने रन लेने से मना कर दिया। लाबुशेन जब तक वापस लौट पाते, तब तक फील्डर का थ्रो राहुल के पास आ गया, लेकिन राहुल बॉल को कलेक्ट नहीं कर सके और लाबुशेन को जीवनदान मिल गया।

उस वक्त लाबुशेन 11 रन बनाकर खेल रहे थे।

### अय्यर से छूटा वॉर्नर का कैच, मैदान में घुसा फैन

### बाल-बाल बचे अंपायर, टॉप मोमेंट्स



### मैच में बारिश ने मचाई थी खलबली

**36वें** ओवर में शाम करीब 4:00 बजे बारिश आ गई। जिस कारण खेल रोकना पड़ा, तब ऑस्ट्रेलियाई टीम का स्कोर 166/4 था। कुछ देर बाद ही बारिश रुकी और करीब 15 मिनट की रुकावट के बाद खेल फिर शुरू हो गया।


अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव
कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री, जनप्रिय नेता
हरियाणा की भावी मुख्यमंत्री
कुमारी सैलजा जी
को
जन्मदिन
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
आपका त्यागपूर्ण जीवन हमारे लिए
प्रेरणा का अद्वितीय स्रोत है।
प्रियंका अग्रवाल
PCC डेलिगेट (बल्लभगढ़ विधानसभा)
प्रदेश सचिव, महिला कांग्रेस
मनोज अग्रवाल
बल्लभगढ़ विधानसभा
सोनू चौधरी
प्रदेश सचिव, महिला कांग्रेस
सविता चौधरी
पलवल जिला अध्यक्ष, महिला कांग्रेस
नेहा खान
प्रदेश महासचिव, यूथ कांग्रेस
स्वर्ण सिंह आर्य
फरीदाबाद जिला अध्यक्ष, कांग्रेस लीगल सेल
आकाश पंडित
बल्लभगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष, यूथ कांग्रेस
अनिता शर्मा
बल्लभगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस
नसीमा शेख
प्रदेश सचिव, कांग्रेस सेवादल
शुभम कसाना
आजाद सैनी
धर्मवती शर्मा
राहुल गुप्ता
बाबूलाल रवि
अब्दुल हमीद
आदिल सैफी
मनोज बंसल
हरजीत सिंह
सोनू कौशिक
हरियाणा जीतने का आपने लिया है निर्णय, बल्लभगढ़ विधानसभा में होगी आपकी पहली विजय!